CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29° C
न्यूनतम: 14° C

लखनऊ, मंगलवार 4 नवम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 364 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



जम्मू में पारंपरिक दरबार मूव फिर से शुरू पेज 2



टीम को भरोसा था विश्व कप जीत सकते हैं: हरमनप्रीत कौर खेल टाइम्स



बिहार चुनाव: कांग्रेस से बेहतर हो सकता है भाकपा माले का स्ट्राइक रेट सम्पादकीय



हमारे पास दुनिया को 150 बार उड़ाने लायक एटम बम: ट्रम्प पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने बिप्लब सरकार के ठिकानों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद मलिक को फर्जी भारतीय पासपोर्ट दिलाने वाले रैकेट के मामले से जुड़े संदिग्ध बिप्लब सरकार के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी के अधिकारियों के अनुसार, बिप्लब सरकार का नाम बिचौलिए इन्दुभूषण हलदर से पूछताछ के दौरान सामने आया था। हलदर को विदेशियों को पैसे लेकर भारतीय पहचान पत्र, जैसे पासपोर्ट आदि मुहैया कराने के आरोप में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। बिप्लब सरकार के परिजन भी इन अवैध करतूतों में लिप्त होने के संदेह के कारण जांच के दायरे में हैं। ईडी ने इन्दुभूषण हलदर उर्फ दुलाल को 13 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद हुसैन उर्फ आज़ाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आज़ाद से जुड़े मामले में हुई थी। हलदर को विचार भवन की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया था।

### संजय गर्ग ने भारतीय मानक ब्यूरो महानिदेशक का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** केरल कैडर के 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय गर्ग ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के महानिदेशक का पदभार संभाला है। श्री गर्ग बीआईएस के महानिदेशक के साथ अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग (आईईसी) में भारत की राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेंगे। श्री गर्ग के पास तीन दशकों से अधिक का व्यापक और अलग- अलग मंत्रालयों-विभागों में काम करने का प्रशासनिक अनुभव है। इसके साथ ही वह कृषि, खाद्य रसद, रक्षा उद्योग क्षेत्र, औद्योगिक संवर्धन, वित्त और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों सहित विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक योजना, नीति निर्माण और कार्यान्वयन में काफी अनुभव रखते हैं। बीआईएस में महानिदेशक का पदभार संभालने से पहले श्री गर्ग कृषि, अनुसंधान और शिक्षा विभाग (डीएआरई) में अतिरिक्त सचिव और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में सचिव के रूप में कार्यरत थे।

### भारतीय शराब कंपनियां दे रहीं 14 गुना तक रिटर्न

**मुंबई।** चार साल में दुनियाभर में शराब की खपत में तेज गिरावट आई है। अमेरिका, यूरोप और चीन जैसे बाजारों में डियागो, पर्नोड रिकर्ड, रेमी क्वाइंट्रेयू और ब्राउन फोर्मेन जैसी बड़ी कंपनियों के शेयर 75 फीसदी तक टूटे हैं और उद्योग का मूल्यांकन 74 लाख करोड़ रुपये घटा है। स्वास्थ्य जागरुकता, बदलती जीवनशैली और महंगाई इसके प्रमुख कारण हैं। अब ये कंपनियां नॉन- अल्कोहलिक उत्पादों की ओर बढ़ रही हैं। डियाजियो ने 'रिचुअल जीरो प्रूफ' खरीदा है, जबकि कार्लसबर्ग और कंपारी-मिलानो ने भी ऐसे ब्रांड लॉन्च किए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 50 प्रमुख शराब ब्रांडों के शेयर जून 2021 से औसतन 46 फीसदी गिरे हैं। वहीं, भारत में शराब की खपत लगातार बढ़ रही है।

# उत्तराखंड ने हासिल किए विकास के प्रभावशाली लक्ष्य: मुर्मू

## राष्ट्रपति ने उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को किया संबोधित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: सेवा, संवेदना और समर्पण से रचिए विकास की नई गाथा, महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को सराहा, कहा: जनता के प्रति उत्तरदायी बने रहना संसदीय प्रणाली की शक्ति भी और चुनौती भी**



**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना रजतोत्सव के अवसर पर आयोजित उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया।

उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर के लिए उत्तराखंड विधानसभा के पूर्व और वर्तमान सदस्यों व सभी राज्यवासियों को बधाई दी और कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में, जनता की आकांक्षा के अनुरूप बेहतर प्रशासन और संतुलित विकास की दृष्टि से नवम्बर 2000 में इस राज्य की स्थापना हुई। विगत पच्चीस वर्षों की यात्रा के दौरान उत्तराखंड के लोगों ने विकास के प्रभावशाली लक्ष्य हासिल किए हैं। पर्यावरण, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। साथ ही डिजिटल और फिजिकल कनेक्टिविटी तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि विकास के समग्र प्रयासों के बल पर राज्य में मानव विकास सूचकांक में सुधार हुआ है। राज्य में साक्षरता दर बढ़ी है, महिलाओं की शिक्षा में विस्तार हुआ है और मातृ एवं शिशु मृत्यु -शेष पृष्ठ दो पर

# आईसीएआई सीए सितम्बर रिजल्ट जारी

**नई दिल्ली।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया यानी 'सीए' ने सितम्बर सेशन के फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के रिजल्ट घोषित कर दिए हैं। सीए ने निर्धारित समय से पहले रिजल्ट जारी किए हैं।

- **11,466 कैंडिडेट्स सीए के लिए क्वालिफाई**
- **फाउंडेशन परीक्षा में एल.राजलक्ष्मी, इंटरमीडिएट में नेहा खानवानी व फाइनल परीक्षा में मुकुंद आगीवाल टॉपर बने**

फाउंडेशन परीक्षा में एल. राजलक्ष्मी, इंटरमीडिएट में नेहा खानवानी और फाइनल परीक्षा में मुकुंद आगीवाल टॉपर बने हैं। इस बार देशभर के 2.5 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स ने ये परीक्षा दी थी। फाउंडेशन परीक्षा में कुल 98,827 कैंडिडेट्स ने भाग लिया, जिनमें से 14,609 पास हुए। चेन्नई -शेष पृष्ठ दो पर

# सरकारी कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम बनेंगे

## सुप्रीम कोर्ट बोला: हम आदेश करेंगे जारी, अदालत ने दी मुख्य सचिवों को पेशी से राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को देश भर में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमले के मामले पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह सरकारी बिल्डिंग्स के कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम के लिए निर्देश जारी करेगा। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि इससे जुड़ा आदेश एक-दो दिन में अपलोड कर दिया जाएगा।

कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से भी राहत दे दी। जस्टिस नाथ ने कहा कि दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव के अलावा सभी राज्यों ने अपने हलफनामे दाखिल कर दिए हैं।अब मुख्य सचिवों की व्यक्तिगत पेशी की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, अगर हलफनामे में चूक हुई, तो उन्हें पेश होना पड़ेगा। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के मुख्य सचिवों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव मौजूद रहे। कोर्ट ने इस दौरान कहा कि वह 7 नवम्बर को मामले में फैसला देगा। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस -शेष पृष्ठ दो पर

### पोर्न वीडियोज पर सुनवाई से शीर्ष कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पोर्न वीडियोज को बैन करने वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। इस दौरान कोर्ट ने सितम्बर में नेपाल में हुए जेन जी प्रदर्शन का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि नेपाल में सोशल मीडिया एप्स पर बैन लगाने के बाद क्या हुआ, जरा देखिए। बेंच ने कहा पोर्नोग्राफी बैन वाली याचिका पर 4 हफ्ते बाद सुनवाई की जाएगी।



### तीन हजार करोड़ की साइबर ठगी चौंकाने वाली: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में डिजिटल अरेस्ट व साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर नाराजगी जताई। सरकार ने कोर्ट में साइबर फ्रॉड से जुड़े आंकड़े पेश कर बताया कि देशभर में पीड़ितों से करीब तीन हजार करोड़ की ठगी हुई है। इस मामले में सख्ती से निपटाना होगा। यह बेहद चौंकाने वाला है कि देशभर में लोगों से 3 हजार करोड़ का साइबर फ्रॉड हुआ है।

### दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण पर कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से हलफनामा मांगा है। अदालत ने आयोग से पूछा कि अब तक प्रदूषण रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि अधिकारी सिर्फ स्थिति बिगड़ने पर कदम न उठाएं, बल्कि पहले से ही तैयारी करें ताकि हालात गंभीर न हों। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह, जो अदालत की एमिकस क्यूरी के रूप में सहायता कर रही हैं, ने कहा कि दिवाली के दौरान दिल्ली के कई एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन काम ही नहीं कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 37 में से सिर्फ नौ स्टेशन ही लगातार सक्रिय थे।

# तेलंगाना और जयपुर में ब्लैक मंडे, 31 की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में हैदराबाद-बीजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक सरकारी बस और बजरी से लदे ट्रक की जोरदार टक्कर के बाद 18 लोगों की मौत हो गई व 15 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

पुलिस ने बताया कि चेवेल्ला मंडल में मिर्ज़ागुडा के पास तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस और बजरी से लदे एक ट्रक आमने-सामने टकरा गए। यह बस लगभग 70 यात्रियों को लेकर तंदुर इलाके से हैदराबाद जा रही थी। ट्रक पर लदी बजरी के बस पर गिरने से आगे की छह सीटें पर बैठी सवारियां पूरी तरह से कुचल गईं। अधिकारियों को आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। घायलों को इलाज के लिए चेवेल्ला के सरकारी क्षेत्रीय अस्पताल और पास के निजी अस्पतालों में ले जाया गया। दुर्घटना के बाद चेवेल्ला- विकाराबाद मार्ग पर कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है।



- **तेलंगाना: बस-ट्रक की टक्कर में 18 की मौत, 15 घायल**

### जयपुर: पांच गाड़ियों से टकराया डंपर, 50 को रौंदा, 13 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के हरमाड़ा इलाके में सोमवार दोपहर एक भयावह सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। लोहा मंडी रोड नंबर 14 पर तेज रफ्तार डंपर ने 300 मीटर तक बेकाबू होकर 10 गाड़ियों को रौंद दिया, जिससे मौके पर 13 लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक घायल हो गए, जिनमें से आठ गंभीर हैं। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद गाड़ियां परस्पर टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं और सड़क पर चीख-पुकार मच गई। हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब डंपर खाली अवस्था में हाईवे पर चढ़ने की कोशिश में था। तभी अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया और वह बेकाबू होकर सड़क पर चल रहे वाहनों और राहगीरों को कुचलता चला गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि डंपर लगभग 300 मीटर तक लोगों और गाड़ियों को रौंदता हुआ आगे बढ़ा, जब तक कि वह एक बड़े डिवाइडर से टकराकर रुका नहीं। टक्कर के बाद घटनास्थल पर चारों ओर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। घायल लोग सड़क पर तड़प रहे थे और वाहन बुरी तरह मलबे में तब्दील हो गए थे। घायलों को पास के कांवटिया अस्पताल भेजा गया, जहां से तीन गंभीर घायलों को एसएमएस अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

# अनिल अंबानी का घर व 3000 करोड़ की संपत्ति कुर्क

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में रिलायंस अनिल अंबानी समूह की 40 से ज्यादा संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। इसमें इस उद्योगपति का मुंबई के पाली हिल इलाके में बना मशहूर आवास भी शामिल है तथा जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 3,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

ईडी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि इसके अलावा दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई, पुणे, ठाणे, हैदराबाद, चेन्नई, कांचीपुरम और पूर्वी गोदावरी स्थित संपत्तियों को कुर्क किया गया है। ज़ब्त की गई इन संपत्तियों में कार्यालय स्थल, आवासीय इकाइयां और ज़मीन शामिल हैं। इनका कुल मूल्य लगभग 3,084 करोड़ रुपये आंका गया है। यह मामला समूह की दो कंपनियों रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) के आम लोगों से जुटाए धन की कथित हेराफेरी और शोधन से



- **ईडी ने धन शोधन से जुड़े एक मामले में की कार्रवाई**

जुड़ा है। ईडी की जांच में पाया गया कि 2017 और 2019 के बीच, यस बैंक ने इन कंपनियों में लगभग 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया। ये निवेश बाद में गैर-निष्पादित हो गए, जिससे 3,300 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया रह गया। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि नियमों को दरकिनार कर धन का लेनदेन किया गया। पूर्ववर्ती रिलायंस निप्पॉन म्यूचुअल फंड में निवेश किए गए पैसे को यस बैंक के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से अनिल अंबानी समूह की कंपनियों में लगाया गया।

# BCCI देगा विजेता महिला टीम को 51 करोड़

**मुम्बई।** बीसीसीआई ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 का खिताब जीतने वाली भारतीय महिला टीम के लिए सोमवार को 51 करोड़ रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई बहुत खुश है और आईसीसी की किटी से कुछ भी लिए बिना, बीसीसीआई अपनी तरफ से भारतीय टीम को इनाम के तौर पर 51 करोड़ रुपये देगा। यह रकम खिलाड़ियों, सेलेक्टर्स के साथ-साथ अमोल मजूमदार की अगुवाई वाले सपोर्ट स्टाफ को भी मिलेगी। बीसीसीआई की यह इनाम आईसीसी द्वारा विजेताओं की पुरस्कार राशि में किए गए बदलाव के अलावा है। प्रतियोगिता से पहले आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने महिला विश्व कप में टीमों के लिए पुरस्कार राशि में काफी बढ़ोतरी की घोषणा की थी, जिसमें विजेताओं को 4-48 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 42 करोड़ रुपये) मिलेंगे।



# न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उच्च न्यायालय के जज के तौर पर नियुक्ति की मांग वाली एक व्यक्ति की याचिका पर विचार करने से इन्कार करते हुए इसे 'व्यवस्था का मज़ाक' बताया।


- **सुप्रीम कोर्ट ने इसे व्यवस्था का मजाक बताया**

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन की पीठ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सवाल किया कि क्या याचिकाकर्ता जी. सरवन कुमार को उम्मीद है कि उच्चतम न्यायालय उनके अनुरोध पर कॉलेजियम की बैठक बुलाएगा। पीठ ने पूछा क्या आप चाहते हैं कि हम इस न्यायालय के तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों को अभी यहां बुलाएं और कॉलेजियम की बैठक करें? मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, आप व्यवस्था का मज़ाक उड़ा रहे हैं!

# भारत तकनीक से बदलाव लाने का लीडर: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **एक लाख करोड़ की स्कीम लॉन्च की,**
- **कहा: हमारे पास सबसे सफल डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सम्मेलन का उद्घाटन किया और एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास तथा नवाचार योजना की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य भारत को अत्याधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी देशों में शामिल करना है।

वैश्विक नवाचार महाशक्ति बनने की दिशा में भारत के सफर में एक महत्वपूर्ण अध्याय माने जाने वाले इस सम्मेलन में श्री मोदी ने नोबेल पुरस्कार विजेताओं, प्रख्यात वैज्ञानिकों सहित शिक्षा जगत, उद्योग, सरकार और अनुसंधान संस्थानों के तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए एक ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने विशेषज्ञों से मानवता की सबसे गंभीर चुनौतियों से नवाचार के माध्यम से निपटने में सहयोग करने का आह्वान किया। श्री मोदी ने देश की हाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए देश के सबसे भारी संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण की सराहना की और महिला विश्व कप भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे युवा एथलीट और वैज्ञानिक हमारे देश के लिए गौरव के असाधारण अध्याय लिख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने प्रमुख सरकारी पहलों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन, कौशल भारत मिशन और राष्ट्रीय करियर सेवा मंच का उल्लेख किया और कहा कि ये लाखों युवाओं को कौशल और अवसरों से सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार अत्यधिक-जोखिम, उच्च-प्रभाव वाली परियोजनाओं के लिए पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने महत्वाकांक्षी अनुसंधान और नवाचार योजना में निजी क्षेत्र की भूमिका को बढ़ाए जाने पर जोर दिया। श्री मोदी ने विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने भारत में क्वाड की मेजबानी पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल बताते हुए कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते और भारत में क्वाड शिखर बैठक के आयोजन पर संकट के बादल नजर आ रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि एक समय हमें बताया गया था कि भारत नवम्बर में अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत की सदस्यता वाले क्वाड देशों का शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा। उन्होंने इसी अंदाज में आगे लिखा कि एक समय था जब दावा किया गया था कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले देशों में भारत शुरुआती देशों में से एक होगा, अब यही दावे कठिन दौर के भंवर में फंस गए हैं। वजह से अमेरिका को भारतीय निर्यात में गिरावट आई है और इससे प्रभावित लोगों के जीवन पर संकट आ गया है।

### उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद थाना प्रभारी सस्पेंड

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले मे उच्चतम न्यायालय का आदेश न मानने वाले कन्धई के थानाध्यक्ष गुलाब चंद्र सोनकर को पुलिस अधीक्षक दीपक भुकर ने निलम्बित कर दिया है। राज्य सरकार को सात नवम्बर तक थानाध्यक्ष पर की गई कार्रवाई से उच्चतम न्यायालय को अवगत कराना है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कन्धई थाना क्षेत्र के राम सागर तिवारी ने 28 मार्च को सुप्रीम कोर्ट मे याचिका दायर की थी इसमे कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश के बावजूद कन्धई थाना प्रभारी गुलाब चंद्र सोन कर को जिला न्यायालय मे पेश किया था।

# एनसीईआरटी के सिलेबस में बदलाव पर हंगामा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ ।** एनसीईआरटी के सिलेबस से गांधी, आरएसएस, गोडसे और 2002 के गुजरात दंगों से जुड़ी पाठ्य सामग्री को हटाए जाने के विरोध में सोमवार को नेशनल स्टूडेंट यूनियन आफ इंडिया (एनएसयूआई) के छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने केकेसी डिग्री कॉलेज गेट के बाहर सड़क पर बैठकर विरोध जताया और एनसीईआरटी पर इतिहास के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। कार्यकर्ता सोमवार सुबह ही केकेसी डिग्री कॉलेज के बाहर जमा होना शुरू हो गए थे। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा, एनसीईआरटी केंद्र सरकार के दबाव में महात्मा गांधी, आरएसएस, गोडसे और 2002 के गुजरात दंगे जैसे प्रसंग को पाठ्यक्रम से हटाकर देश के इतिहास से खिलवाड़ कर रही है। विरोध प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं के चलते कुछ समय के लिए केकेसी कॉलेज के बाहर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को समझने की कोशिश की, लेकिन जब छात्र उग्र प्रदर्शन करने लगे, तो पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कॉलेज के गेट के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है।



■ लखनऊ में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का पुलिस ने हिरासत में लेकर ईको गार्डन भेजा

कार्यकर्ता अखिलेश दुबे ने कहा कि हाल ही में किए गए बदलाव में शिक्षा को वैचारिक रूप से सीमित करने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। महात्मा गांधी और 2002 गुजरात दंगों जैसे अध्याय को हटाना इतिहास को मिटाने जैसा है। एनसीईआरटी अपने इस फैसले को वापस ले और असली इतिहास को छात्रों तक पहुंचने दे। प्रदर्शन कर रही छात्रा पूजा वर्मा ने कहा कि अगर भविष्य की पीढ़ी को सच से दूर रखा जाएगा, तो हमारे देश का लो. कतंत्र कमजोर होगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह विरोध केवल लखनऊ तक सीमित नहीं रहेगा, अगर एनसीईआरटी ने अपने फैसले को वापस नहीं लिया, तो हम पूरे देश भर में इसको लेकर आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि इतिहास बचाओ अभियान के तहत पूरे प्रदेश भर के डिग्री कॉलेज और विश्वविद्यालय में यह अभियान चलाया जाएगा।

# पारंपरिक दरबार मूव फिर से शुरू

जम्मू, वार्ता

जम्मू-कश्मीर की शीतक. ालीन राजधानी जम्मू स्थित सिविल सचिवालय में सोमवार सुबह मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा औपचारिक सलामी लेने के साथ ही सदियों पुरानी प्रशासनिक परंपरा 'दरबार मूव' चार साल बाद बहाल हो गई।

श्रीनगर में नागरिक सचिवालय और अन्य कार्यालय जो 30 और 31 अक्टूबर को बंद थे, सोमवार से 'दरबार मूव' के साथ ही शीतकालीन राजधानी जम्मू से काम करना शुरू कर दिए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वर्ष 2021 में इस परंपरा को बंद कर दिया था। श्री अब्दुल्ला सुबह करीब नौ बजे अपने सरक. ारी आवास रघुनाथ बाजार से सिविल सचिवालय की ओर पैदल निकले और इस दौरान विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें मालाएं पहनाईं तथा फूल बरसाए। उनके साथ उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी और मंत्री जावेद राणा भी थे। इस बीच, दरबार मूव के बहाल होने से जम्मू शहर में जश्न का माहौल है और दुकानदार तथा अन्य व्यापारी खुश नजर आ रहे हैं। कार्यालयों को सुचारू रूप से खोलने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं, जिनमें श्रीनगर से जम्मू आने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा, आवास और परिवहन सुविधाएं शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि दरबार साहिब के लिए सभी प्रबंध कर लिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, सभी सरकारी कार्यालयों, विशेषकर सिविल सचिवालय और मंत्रियों के एन्क्लेव के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और अधिकतर कर्मचारी सोमवार को अपने कार्यालय जाने के लिए श्रीनगर से जम्मू तक सड़क मार्ग से आए। कश्मीर मैराथन-2 में भाग लेने के बाद, मुख्यमंत्री 'एक्स' ने पर एक तस्वीर अपलोड की और लिखा: हाफ मैराथन की मेहनत के बाद, मुझे इनाम के तौर पर श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर घी में पके राजमा चावल की एक प्लेट मिलनी चाहिए।ष जम्मू क्षेत्र में दरबार मूव के पुनरुद्धार को जनता द्वारा बहुत सकारात्मक रूप से देखा जा रहा है।

■ एलजी मनोज सिन्हा ने 2021 में किया था बंद

# नेता जी ने की थी नेशनल लॉ विवि की स्थापना: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने जिस बड़ी सोच के साथ राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की स्थापना की थी, वह आज सार्थक होती दिखाई दे रही है।



यह विश्वविद्यालय अब ऐसे योग्य और संवेदनशील युवा विधिवेत्ताओं को तैयार कर रहा है, जो अपने ज्ञान का उपयोग समाज की भलाई और न्याय की स्थापना के लिए करना चाहते हैं। सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस संस्थान से निकल रहे युवाओं के विचारों और कार्यों में समाजवादी विचारधारा के मूल तत्व समानता, न्याय और मानवीयता स्पष्ट झलकते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि ए नई पीढ़ी के विधिज्ञ न केवल न्याय की परिभाषा को व्यवहार में उतारेंगे, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनकर देश को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय का राज समाजवादी पार्टी का बड़ा संकल्प है, जिसे पूरा करने में ऐसे ही युवाओं की भूमिका अहम होगी, जो अपने पेशे को सिर्फ करियर नहीं बल्कि समा. जसेवा का माध्यम मानते हैं। अखिलेश यादव ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और विश्व. विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेताजी के सपनों का भारत तभी बनेगा, जब न्याय के साथ समान अवसर और संवेदनशील शासन स्थापित होगा।

## रामद्रोही कांग्रेस-राजद को जवाब देगा मिथिला: सीएम योगी

# गठबंधन में तीन बंदर, पप्पू, टप्पू व अप्पू

दरभंगा, वार्ता

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंध के स्टार प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर निशाना साधते हुए कहा कि अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलवाने वाले लोग बिहार में धर्म और विकास के नाम पर जनता को छलने आए हैं।

केवटी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी मुरारी मोहन झा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के तीन बंदर हैं पप्पू, टप्पू और अप्पू। पप्पू सच बोल नहीं सकता, टप्पू अच्छा देख नहीं सकता और अप्पू सच सुन नहीं सकता। इनको न प्रधानमंत्री मोदी का विकास दिखता है, न देश की प्रगति की खुशबू महसूस होती है। योगी ने कहा कि आज मिथिला की यह पावन धरती, जो मां भगवती जानकी की आत्मा कही जाती है, उन सभी रामद्रोही ताकतों को स्पष्ट संदेश दे रही है कि अब बिहार में रामराज्य का उदय होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा देकर कहा था कि भगवान राम हुए ही नहीं। यही कांग्रेस, यही राजद और इनके साथी यूपी की समा. जवादी पार्टी ने अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं। आज वही लोग बिहार में धर्म और विकास के नाम पर जनता को छलने आए हैं। यह कांग्रेस और आरजेडी की वही जोड़ी है जिसने न केवल बिहार को हिसा, नरसंहार और अराजकता की आग में झोंका, बल्कि मां जानकी और भगवान श्रीराम के अस्तित्व तक पर सवाल उठाया था। जो राम का विरोधी है, वह भारत का विरोधी है, वह मिथिला का भी विरोधी है और वो हम सब का विरोधी है।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज राम-जानकी मार्ग का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है, जो अयोध्या और मिथिला को एक बार फिर भावनात्मक रूप से जोड़ देगा। सीएम योगी ने कहा कि 2005 से पहले अयोध्या से दरभंगा आने में 16 घंटे लगते थे, अब लखनऊ से दरभंगा आने में मात्र 45 मिनट लगते हैं। पीएम मोदी ने मिथिला की पहचान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने दरभंगा के मखाना उद्योग को राष्ट्रीय बोर्ड बनाकर सम्मानित किया और लाख की चूड़ियों को नई पहचान दिलाई। बिहार में सड़क, रेल, एयर और अब जलमार्ग हर दिशा में नेटवर्क तैयार हुआ है। हल्दिया से अयोध्या तक इनलैंड वॉटरवे के जरिए बिहार, बंगाल और यूपी को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि राजद की सरकार के समय बिहार नरसंहारों से दहला रहता था, बेटियां असुरक्षित थीं, व्यापारी भयभीत थे।



■ बिहार में होगा राम राज का उदय, जिन्होंने अयोध्या में गोली चलवाई, वही आज जनता को छलने आ गए

### बिहार को पलायन नहीं, पुनर्निर्माण चाहिए : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार को भाजपा-जद-यू के शासन ने दो दशक में बर्बाद कर औद्योगिक नक्शे से उसे लगभग मिटा दिया है। इसके कारण प्रतिभाओं ने पलायन किया है, लेकिन अब बिहार को बचाने तथा इसके पुनर्निर्माण की जरूरत है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कभी चीनी, पेपर, जूट, सिल्क और डेयरी के लिए जाना जाने वाला बिहार आज बेरोज़गारी और पलायन का पर्याय बन गया है। भाजपा-जेडीयू ने 20 वर्षों के शासन में असीम औद्योगिक संभावनाओं वाले बिहार में सिर्फ़ पलायन उद्योग स्थापित किया है और बिहार को विकास और उद्योग के राष्ट्रीय नक्शे से लगभग मिटा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बिहार के हित के लिए काम किया है।



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 120000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 148927
प्रति किलो



# दिल्ली एयरपोर्ट पर बढ़ा अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट

नई दिल्ली, वार्ता

दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तेजी से विमान सेवा कंपनियों के लिए हब के तौर पर उभर रहा है और सितम्बर 2024 से अगस्त 2025 के दौरान यहां अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट साल-दर-साल 34 प्रतिशत बढ़ा।

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने सोमवार को बताया कि सितम्बर 2024 से अगस्त 2024 के बीच इस एयरपोर्ट पर ट्रांजिट यात्रियों की संख्या 6-7 लाख रही, जो इससे पहले के एक साल की तुलना में 34 फीसदी अधिक है। सितम्बर 2023 से अगस्त 2024 के बीच यह ट्रांजिट यात्रियों की संख्या 4-98 लाख रही थी। अगस्त 2025 को समाप्त एक साल के दौरान पूरब के देशों से आकर पश्चिम के देशों में जाने वाले यात्रियों की संख्या 34 प्रतिशत और पश्चिम के आकर पूरब की तरफ जाने वाले यात्रियों की संख्या 35 प्रतिशत बढ़ी।



■ साल दर साल 34 प्रतिशत हुई वृद्धिः डायल

अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात संघ (आयटा) के आंकड़ों का हवाला देते हुए डायल ने बताया कि ट्रांजिट यात्रियों में 67 प्रतिशत ने एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्रा की जबकि 25 प्रतिशत योगदान इंडिगो का रहा।

अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट यात्री वे हैं, जो किसी दूसरे देश से आते हैं तथा किसी और फ्लाइट से किसी तीसरे देश को जाते हैं। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि यूरोप, पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया में फैले अपने बेजोड़ नेटवर्क के साथ दिल्ली हवाई अड्डा वैश्विक विमानन मानचित्र पर देश की स्थिति को लगातार मजबूत कर रहा है। दिल्ली हवाई अड्डे से दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में सबसे अधिक उड़ानें थाईलैंड के लिए (सप्ताह में 120) हैं। थाईलैंड से इतर, एयर इंडिया मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर के लिए 16 नवम्बर से और इंडोनेशिया के देनपसार के लिए एक दिसंबर से उड़ानों की साप्ताहिक संख्या सात से बढ़ाकर 10 कर रही है। इंडिगो ने भी 20 दिसंबर से दिल्ली से वियतनाम के हनोई के लिए दैनिक उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। चीन के गुवांग्झो के लिए वह 10 नवम्बर से दैनिक उड़ान शुरू करेगी। भारत से जापान जाने वाली 70 प्रतिशत उड़ानें (सप्ताह में 28) दिल्ली से जाती हैं। इसी प्रकार ब्रिटेन जाने वाली उड़ानों में दिल्ली की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत (सप्ताह में 63) और थाईलैंड जाने वाली उड़ानों में 26 प्रतिशत (सप्ताह में 120) है।

### सोना और चांदी के भावों ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** शादी के सीजन में एक बार फिर सोने ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है। चांदी में भी भयंकर तेजी देखी जा रही है। सोने का दाम एक बार फिर 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। सुबह 10.05 बजे एमसीएक्स में 10 ग्राम सोने की कीमत 121,460 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रही है। इसमें 228 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी है। सोने ने अब तक 121,378 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो रिकॉर्ड और 121,854 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई रिकॉर्ड बनाया है। सुबह 10.07 बजे 1 किलो चांदी की कीमत 148,927 रुपये चल रही है। इसमें 640 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी है। चांदी ने अब तक 148,702 रुपये प्रति किलो का लो रिकॉर्ड और 149,445 रुपये प्रति किलो का हाई रिकॉर्ड बनाया है। आज 3 नवंबर के दिन पटना और चंडीगढ़ में सोने का दाम सबसे कम है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 121,670 रुपये है। वहीं सबसे ज्यादा सोने की कीमत भोपाल है। यहां 10 ग्राम सोने का भाव 121,870 रुपये चल रहा है।

# जीएसटी कटौती से अक्टूबर में विनिर्माण को मिली गति

**मुंबई।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में गत 22 सितम्बर से किए गए बदलाव के कारण अक्टूबर में घरेलू विनिर्माण गतिविधियों में तेजी देखने को मिली है।

मासिक आधार पर जारी एचएसबीसी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितम्बर के 57.7 से बढ़कर अक्टूबर में 59.2 पर पहुंच गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी को और इससे कम रहना मंदी को दिखाता है जबकि 50 का स्तर स्थिरता का संकेत है। पीएमआई रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी में राहत, उत्पादकता बढ़ने और प्रौद्योगिकी में निवेश से विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि की रफ्तार तेज हुई है। नए ऑर्डरों में तेजी से वृद्धि हुई है और इसमें घरेलू बाजार की भूमिका रही है, हालांकि विदेशों से मिले ऑर्डरों में बढ़ोतरी सुस्त पड़ी है। कच्चे माल के भंडार में लगभग रिकॉर्ड गति से तेजी आई है। विदेशी बिक्री 10 महीने में सबसे धीमी रफ्तार से बढ़ी है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मांग मजबूत रहने से अक्टूबर में आउटपुट नए ऑर्डर और रोजगार सृजन में तेजी आई है। लागत मूल्य में कमी आई है जबकि औसत विक्रय मूल्य बढ़ा है। जीएसटी सुधार और मजबूत मांग से सकारात्मक उम्मीदों के कारण भविष्य को लेकर कारोबारी भावना मजबूत बनी हुई है।'' रिपोर्ट के अनुसार, विनिर्माताओं ने कच्चे माल की खरीद बढ़ा दी और इसमें वृद्धि की रफ्तार मई 2023 के बाद सबसे अधिक रही। लगातार 12वें महीने नए रोजगारों का सृजन हुआ है, हालांकि इसकी रफ्तार सितम्बर की तरह ही धीमी रही।




■ पीएम आई 57 . 7 से बढ़कर पहुंचा 59.2 पर, स्थिरता का संकेत

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड ने...**

दर में कमी आई है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे राज्य में सुशीला बलूनी, बछेन्द्री पाल, गौरा देवी, राधा भट्ट और वंदना कटारिया जैसी असाधारण महिलाओं की गौरवशाली परंपरा आगे बढ़ेगी। इसी तरह ऋतु खंडूरी भूषण को राज्य की पहली महिला विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त कर उत्तराखंड विधानसभा ने इतिहास रचा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगे भी सभी विधायक जन-आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति देते रहेंगे और 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना के साथ राज्य तथा देश को विकास-पथ पर अग्रसर रखेंगे। इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.), स्पीकर ऋतु खंडूरी भूषण, नेता सदन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी सदन को संबोधित किया।

**आईसीएआई सीए...**

की एल.राजलक्ष्मी ने 360 अंकों (90 फीसदी) के साथ फाउंडेशन परीक्षा में टॉप किया, जबकि दूसरे स्थान पर प्रेम अग्रवाल (354 अंक) और तीसरे स्थान पर नील राजेश शाह (353 अंक) रहे। इंटरमीडिएट परीक्षा के ग्रुप-1 में 93,074 कैंडिडेट्स शामिल हुए, जिनमें से 8,780 पास हुए। वहीं ग्रुप-2 में 69,768 उम्मीदवारों में से 18,938 ने सफलता हासिल की। इस परीक्षा में नेहा खानवानी, कृति शर्मा और अक्षत बिरेंद्र नौटियाल को टॉप तीन पोजीशन मिलीं। फाइनल परीक्षा के रिजल्ट में 11,466 उम्मीदवार सफल होकर चार्टर्ड एकाउंटेंट बने हैं। ग्रुप-1 में 51,955 उम्मीदवारों ने भाग लिया जबकि ग्रुप-2 में 32,273 उम्म्मीदवार शामिल हुए। 16,800 उम्मीदवार दोनों ग्रुप की परीक्षा में शामिल हुए। फाइनल परीक्षा में मध्य प्रदेश के धामोद के मुकुंद आगीवाल ने टॉप किया, जबकि तेजस मुंदड़ा दूसरे और बाकुल गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे। परीक्षा में पास होने के लिए प्रत्येक पेपर में कम से कम 40 प्रतिशत नंबर और कुल मिलाकर 50 प्रतिशत नंबर स्कोर करने होते हैं। जिन कैंडिडेट्स को 70 प्रतिशत या उससे ज्यादा नंबर मिले हैं, उन्हें 'पास विद डिस्टिंक्शन' का दर्जा दिया गया है।

**सरकारी कैम्पस...**

संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की तीन जजों वाली विशेष बेंच ने दर्ज किया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव अदालत में मौजूद हैं। हालांकि, केरल के मुख्य सचिव की जगह प्रधान सचिव पहुंचे थे, जिसे लेकर आवेदन को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। बेंच ने आंध्र प्रदेश की ओर से पेश वकील से पूछा कि पिछली सुनवाई की तारीख पर अनुपालन हलफनामा क्यों दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट ने इस मामले में पशु कल्याण विभाग को भी वादी बनाए जाने को कहा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि अधिकांश राज्यों ने अपने अनुपालन हलफनामे दाखिल कर दिए हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में 7 नवम्बर को फैसला सुनाने की बात कही और आदेश दिया कि इस तारीख को मुख्य सचिवों की सशरीर पेशी जरूरी नहीं होगी।

# दिव्यांगजनों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने की जरूरत है: वीरेन्द्र

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय सामा. जिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा है कि दिव्यांगजनों में प्रतिभा की कमी नहीं होती, बस उन्हें प्रोत्साहन की जरूरत होती है और वे अपने लक्ष्य को हासिल कर लेते हैं।

डॉ. कुमार ने सोमवार को यहां अमर ज्योति चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 'रिडिफाइनिग एबेलिटीज़' यानी क्षमताओं को नए नजरिए से देखने के विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति नहीं बल्कि प्रोत्साहन की जरूरत होती है। उनमें प्रतिभा और साहस की कमी नहीं होती, प्रोत्साहन से वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर ही लेते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार दिव्यांग. जनों के प्रोत्साहन के लिए अनेक कदम उठा रही है, उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही विशेष योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

सरकार लगातार इस दिशा में काम कर रही है कि दिव्यांग. जनों को शिक्षा, कौशल विकास, सुगम वातावरण और रोजगार के बेहतर अवसर मिलें। दिव्यांग. जनों को सशक्त बनाना कोई दान नहीं, बल्कि उनका अधिकार है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर, सम्मान और आत्मनिर्भर जीवन मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार नई शिक्षा नीति के साथ-साथ विशेष योजनाओं और नीतियों के ज़रिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण कर रही है और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दे रही है।

डॉ. कुमार ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांग. जनों की कला और हुनर को प्रोत्साहन देने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर 'दिव्य कला मेलों' का आयोजन किया जा रहा है, जहां वे अपने बनाए हुए उत्पाद प्रदर्शित और बेच सकते हैं। इन प्रयासों से दिव्यांगजन न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि अपने परिवारों को भी मज़बूती दे रहे हैं। ये मेले बहुत सफल रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) को 300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नया रूप दिया गया है। दिव्यांगजनों के लिए वहां सहायक उपकरणों का निर्माण अब ढाई गुना अधिक हो गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करें। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### फायरिंग से सनसनी बाइक सवार बदमाशों ने अंकित सिंह को मारी गोली

**अमेठी।** जनपद अमेठी में सोमवार को दिल दहला देने वाली फायरिंग की वारदात ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। गांव के बाहर पैंगा मोड़ के पास घात लगाए बैठे बाइक सवार बदमाशों ने अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और अंकित सिंह को सीने पर गोली मार दी गोली लगते ही अंकित सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। आनन–फानन में घायल अंकित को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए तुरंत ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस के होश उड़ गए। भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा, घटनास्थल का मुआयना किया गया और आसपास के सीसीटीवी की भी पड़ताल शुरू हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हमलावरों की तलाश में दबिशें तेज कर दी गई हैं बताया जा रहा है कि इस हमले के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है।

### राष्ट्रीय लोकदल श्रम प्रकोष्ठ की बैठक में पशु मित्रों की समस्याओं पर चर्चा

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक. दल के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को श्रम प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासि. चव और पूर्व विधायक शिव करन सिंह उपस्थित रहे। बैठक में पैरावेट, पशु मित्रों तथा श्रम प्रकोष्ठ से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य अतिथि शिव करन सिंह ने कहा कि श्रम प्रकोष्ठ के माध्यम से पशु मित्रों की समस्याओं को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा क्योंकि दुग्ध उत्पादन में उनका योगदान अभूतपूर्व है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महेश पाल धनगर ने श्रम प्रकोष्ठ को प्रदेश स्तर पर और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने नए सदस्यों को संगठन से जोड़ते हुए सदस्यता ग्रहण कराई और कहा कि श्रमिकों तथा पशु मित्रों की आवाज़ को हर मंच पर बुलंद किया जाएगा। बैठक में प्रदेश महासचिव सोनवीर सिंह, मण्डल अध्यक्ष ज्ञान सिंह, जिलाध्यक्ष अमित कुमार दिवाकर, इमरान खान, राजेश पटेल, अवनीश कुशवाहा, मोहित त्रिपाठी, अरविंद यादव, अमित कुमार (बिजनौर) और रविन्द्र कुमार (मेरठ) सहित कई पदा. धिकारी मौजूद रहे।

### माटीकला मेलों में 4.20 करोड़ की बिक्री

**लखनऊ।** उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा आयोजित माटीकला मेलों में इस वित्तीय वर्ष में 4.20 करोड़ से अधिक की बिक्री दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 27 प्रतिशत अधिक है। इस उपलब्धि ने प्रदेश के पारंपरिक कारीगरों को नई पहचान दी है और माटीकला उत्पादों की लोकप्रियता को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। विभागीय दावे के मुताबिक लखनऊ, गोरखपुर, आगरा, कानपुर देहात और मुरादाबाद सहित 70 जनपदों में आयोजित माटीकला महोत्सवों में कुल 691 दुकानों के माध्यम से 4,20,46,322 का विक्रय हुआ, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2024–25 में 3,29,28,410 की बिक्री हुई थी।

# आम के बाग में महिला का शव मिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी के माल थाना क्षेत्र के बशहरी गांव में सोमवार सुबह आम के बाग में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

प्रथम दृष्टया यह आशंका जताई जा रही है कि महिला के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई है। घटना माल क्षेत्र के बशहरी गांव की है, जहां आम के बागों के बीच फैला यह इलाका काफी सुनसान रहता है। सुबह जब कुछ ग्रामीण उधर से गुजरे तो बाग में महिला का शव देखकर दंग रह गए। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद माल थाने की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि मृतका के पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है, जिससे उसकी

### रेप के बाद हत्या की आशंका

पहचान करने की कोशिश की जा रही है। आसपास के थानों और गांवों को भी सूचना भेजी गई है, लेकिन अभी तक महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार, मृतका की उम्र लगभग छब्बीस से अट्ठाईस वर्ष के बीच है। कपड़ों की स्थिति देखकर यह प्रतीत होता है कि उसके साथ जबरदस्ती की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बाग का यह इलाका सुनसान रहता है और आमतौर पर यहां लोगों की आवा. जाही बहुत कम होती है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ शुरू कर दी है। अधिका. रियों ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी तक पहुंचने की कोशिश की जाएगी।

### मतदाता सूची में डुप्लीकेट नाम लोकतंत्र के लिए खतरा: सुनील सिंह

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों कृ पीलीभीत, वाराणसी, बिजनौर और हापुड़ में मतदाता सूची में हजारों की संख्या में डुप्लीकेट नाम दर्ज होना लो. कतांत्रिक व्यवस्था पर गहरी चोट है। उन्होंने कहा कि यह महज तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न है। सुनील सिंह ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का नाम एक से अधिक बार मतदाता सूची में दर्ज है, तो यह सूची की विश्वसनीयता को ध्वस्त करता है। पंचायत चुनाव जैसे संवेदनशील लोकतांत्रिक अभ्यास में यह स्थिति बेहद चिंता. जनक है और इससे निष्पक्षता पर सीधा असर पड़ सकता है। लोक. दल अध्यक्ष ने राज्य चुनाव आयोग और शासन से तत्काल विशेष अभियान चलाकर मतदाता सूची को शुद्ध करने की मांग की।

# लखनऊ में आधी रात को सड़कों पर जश्न

## महिला टीम ने 47 साल बाद किया वर्ल्डकप भारत के नाम, युवाओं ने की आतिशबाजी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बीती आधी रात जब शहर नींद के आगोश में था, तभी अचानक आसमान में पटाखों की गूंज से लोग चौंक पड़े। कई घरों के लोग अनहोनी की आशंका में बाहर निकले, पर सड़कों पर पहुंचते ही दृश्य बिल्कुल अलग था युवाओं की टोलियां तिरंगा लहराते हुए आतिशबाज़ी कर रही थीं।

दीपावली और छठ के एक सप्ताह बाद फिर से जश्न का ऐसा नजारा देखकर लोग मुस्कुरा उठे। दरअसल, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 47 साल के लंबे इंतजार के बाद वर्ल्डकप जीतकर इतिहास रच दिया। फाइनल से पहले खेले गये सेमीफाईनल में जिस तरह तीनसौ प्लस रनचेज करके भारतीय लडकियों नें आस्ट्रेलियाई टीम को पटखनी दी थी वह इस खेल के प्रति उनके जुनून का उत्कृष्टतम



प्रदर्शन रहा है !इस जीत की खबर जैसे ही फैली, राजधानी की सड़कों पर जश्न की लहर दौड़ गई। के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम से लेकर हजरतगंज, गोमतीनगर और अलीगंज तक युवा तिरंगा लिए भारत माता की जय के नारे लगाते नजर आए। कई जगह लोगों ने गाड़ियों के हूटर बजाए, एक–दूसरे को मिठाइयां खिलाईं और खुशी में आतिशबाजी की। युवाओं ने कहाकृधरती से आकाश अब महिलाएं किसी मामले में पीछे नहीं ! इस जश्न में देशभक्ति, गर्व और उत्साह का ऐसा संगम दिखा जिसने राजधानी की रात को रोशन कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित तमाम मंत्रियों, खिलाड़ियों और जनप्रतिनिधियों ने महिला टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी। टीम में उत्तर प्रदेश की बेटी दीप्ति शर्मा का नाम भी शामिल है, जिसने अपने प्रदर्शन से पूरे प्रदेश का सिर ऊंचा किया। छोटे कस्बों और सीमित संसाधनों से आई इन युवतियों ने दिखा दिया कि भारतीय नारी अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। यह जीत सिर्फ एक खेल उपलब्धि नहीं, बल्कि उस आत्मविश्वास की मिसाल है जिसने हर भारतीय को गर्व से भर दिया। राजधानी लखनऊ में आधी रात का यह जश्न इस बात का प्रतीक था कि अब भारत की बेटियां भी इतिहास रचने लगी हैं और पूरा देश उनके साथ जश्न मनाने सड़कों पर उतर आता है।

# लखनऊ में बिजली कर्मियों का हंगामा, वर्टिकल व्यवस्था खत्म करने और समान वेतन की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी के कृष्णा नगर स्थित हाइडल कालोनी में सोमवार को उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड के संविदा और आउटसोर्स कर्मियों ने वर्टिकल व्यवस्था को समाप्त करने तथा समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विभाग में लागू की गई वर्टिकल व्यवस्था ने संविदा कर्मियों के साथ अन्याय और शोषण की स्थिति पैदा कर दी है।

इस व्यवस्था के कारण समान कार्य करने वाले संविदा और स्थायी कर्मचारियों के बीच भारी वेतन असमानता बनी हुई है, जबकि सुरक्षा और सुविधा का कोई भरोसा नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विसंगतियों को दूर नहीं किया गया तो प्रदेशव्यापी कार्य बहिष्कार किया जाएगा। संविदा कर्मी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार ने कहा कि वर्टिकल व्यवस्था का असर यह है कि एक ही काम करने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तुलना में बहुत कम वेतन दिया जा रहा है। न तो उन्हें



स्थायीकरण की गारंटी है, न बीमा या सामाजिक सुरक्षा। उन्होंने कहा कि इस दोहरी नीति के चलते विभाग में संविदा कर्मियों का शोषण बढ़ गया है। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद हजारों संविदा कर्मियों की नौकरी पर संकट मंडरा रहा है। विभाग के अंदर लगभग तीन हजार छह सौ से अधिक कर्मचारियों के बेरोजगार होने की आशंका जताई जा रही है। आज का प्रदर्शन सुबह लगभग दस बजे शुरू हुआ और कर्मचारियों ने कृष्णा नगर वितरण मंडल कार्यालय के सामने एकत्र होकर 'वर्टिकल व्यवस्था खत्म करो, समान वेतन लागू करो' जैसे नारे लगाए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को एक ज्ञापन सौंपते हुए चार प्रमुख मांगें रखीं कृ वर्टिकल व्यवस्था को तत्काल समाप्त किया जाए, समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति लागू हो, सभी संविदा कर्मियों का स्थायीकरण सुनिश्चित किया जाए, और आउटसोर्स व्यवस्था में काम करने वालों को सामाजिक–आर्थिक सुरक्षा मिले। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे वर्षों से विभाग के लिए कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं, लेकिन न तो उन्हें स्थायी कर्मचारियों जैसी सुविधाएं मिलती हैं, न सुरक्षा का भरोसा। कई संविदा कर्मी बिजली लाइन में जान जोखिम में डालकर काम करते हैं, फिर भी दुर्घटना होने पर विभाग कोई मुआवजा नहीं देता। देवेंद्र कुमार ने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया, तो आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में कार्य बहिष्कार और असहयोग आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और विभाग की होगी। बिजली कर्मियों का यह आंदोलन नया नहीं है। इससे पहले भी फरवरी और मई में लखनऊ समेत कई जिलों में संविदा कर्मियों ने वेतन विसंगति और छंटनी के विरोध में प्रदर्शन किया था। तब भी कर्मचारियों ने शक्ति भवन का घेराव कर निजीकरण और वर्टिकल व्यवस्था का विरोध किया था। उनका कहना है कि विभाग लगातार स्थायी पदों को कम कर रहा है और आउटसोर्सिंग को बढ़ावा दे रहा है, जिससे रोजगार अस्थिर हो गया है। अब स्थिति यह है कि वर्टिकल व्यवस्था ने असमानता और असुरक्षा दोनों को बढ़ा दिया है। प्रदर्शन के कारण बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो अगले चरण में क्रमिक हड़ताल और सेवा ठप करने की चेतावनी दी गई है। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार और विभाग के अधिकारी संवाद की पहल करें, अन्यथा यह असंतोष प्रदेशव्यापी आंदोलन में बदल जाएगा।

# फर्जी आईआरएस अधिकारी बनकर राज्य अतिथि त्रिपुरा सीएम से मिलने पहुंचा बिहारी युवक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी के प्रतिष्ठित होटल मेरियट में बीती रात उस समय हड़कंप मच गया, जब खुद को भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएसद्ध अधिकारी बताने वाला युवक त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डा. माणिक साहा से मिलने जा पहुंचा। शक होने पर जब सुरक्षा कर्मियों ने पुलिस को बुलाया तो आरोपी ने हार्ट अटैक का नाटक रच डाला, लेकिन अस्पताल में उसकी चाल खुल गई।

जानकारी के अनुसार, बिहार निवासी प्रशांत मोहन नाम का युवक दिल्ली में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। कई बार असफल होने के बाद उसने फर्जी आईआरएस पहचान पत्र बनवाया और नीली बत्ती लगी कार में घूमते हुए खुद को वरिष्ठ अधिकारी बताने लगा। पिछले 30 अक्टूबर से वह होटल मेरियट में ठहरा था। उसी होटल में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डा. माणिक साहा भी एक कार्यक्रम के सिलसिले में रुके हुए थे। बीती रात प्रशांत मोहन सीधे मुख्यमंत्री के कक्ष की ओर पहुंच गया और मिलने का आग्रह किया। सुरक्षा कर्मियों ने जब उससे पूछताछ की तो उसने आईडी कार्ड दिखाया, लेकिन व्यवहार से संदेह होने पर पुलिस को सूचना दी गई। जांच के दौरान पुलिस को देखकर वह अचानक ज़मीन पर गिर पड़ा और हार्ट अटैक आने का बहाना करने लगा। मौके पर मौजूद अधिका. रियों ने उसे तत्काल डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने बताया कि उसे कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं है और वह पूरी तरह स्वस्थ है। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। वहीं उसकी नीली बत्ती लगी कार का ड्राइवर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि उसने पहले किन शहरों में इस तरह की ठगी की और उसके नेटवर्क में कौन–कौन शामिल हैं। इस घटना ने होटल सुरक्षा व्यवस्था और वीआईपी प्रोटोकाल को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# ग्राम पंचायत विकास योजनाओं के लिए पंचायती राज विभाग व छह विवि में एमओयू हस्ताक्षरित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग और राज्य के छह प्रमुख विश्वविद्यालयों के बीच सोमवार को ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (जीपीडीपी) के निर्माण हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए की गई है, जिसके तहत 75 जनपदों की 750 ग्राम पंचायतों को माडल विकास केंद्र के रूप में चयनित किया गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह, आईएएस ने की। इस अवसर पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, डा. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (आगरा), लखनऊ विश्वविद्यालय, बुंदेलखंड विश्व. विद्यालय (झांसी) और डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय (अयोध्या) के वरिष्ठ प्रोफेसरों एवं कुलसचिवों ने भागीदारी की। इस साझेदारी का उद्देश्य विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक, अनुसंधानात्मक एवं तकनीकी क्षमता को ग्राम पंचायत स्तर की योजना निर्माण प्रक्रिया से जोड़ना है, ताकि स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजी) पर आधारित समेकित और सहभागी योजनाएं तैयार की जा सकें। माडल जीपीडीपी के तहत ग्राम पंचायतों में कम लागत और बिना लागत वाली गतिविधियों को प्राथमिकता देते हुए सतत आजीविका, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, महिलाओं एवं बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालयों का ग्राम पंचायतों के साथ जुड़ाव न केवल योजनाओं की गुणवत्ता को बढ़ाएगा, बल्कि यह ग्रामीण शासन को सशक्त और उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग के उपनिद. ेशक (पंचायत) एवं आरजीएसए नोडल अधिकारी मनीष कुमार, आरजीएसए टीम तथा एनआईआरडीपीआर प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने जयंत चौधरी से की भेंट

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक. दल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में गन्ने का समर्थन मूल्य चार सौ रुपये प्रति क्विंटल किए जाने पर बधाई दी और इसे किसानों के हित में ऐतिहा. सिक निर्णय बताया। अपने दिल्ली प्रवास के दौरान अनिल दुबे ने किसान ट्रस्ट की ट्रस्टी चारु चौधरी से भी मुलाकात की। इस दौरान किसान मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की स्मृति में आयोजित किए जाने वाले चौधरी चरण सिंह अवार्ड्स 2025 के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। दुबे ने बताया कि किसान ट्रस्ट द्वारा बीस दिसम्बर दो हजार पच्चीस को नई दिल्ली में इस अवार्ड समारोह का दूसरा संस्करण आयोजित किया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोकदल का राष्ट्रीय अधिवेशन 16 नवम्बर को मथुरा में आयोजित होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लो. कदल के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी ने बताया कि पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी सोलह नवम्बर दो हजार पच्चीस को मथुरा में आयोजित किया जाएगा। इस अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की औपचारिक घोषणा की जाएगी।

देशभर से राष्ट्रीय लोकदल के प्रतिनिधि और पदाधिकारी इस अधिवेशन में शामिल होंगे। त्यागी ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान चौदह अप्रैल दो हजार पच्चीस, डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर शुरू होकर इकतीस अक्टूबर दो हजार पच्चीस, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती तक चला। यह सदस्यता अभियान राष्ट्रीय लोकदल के इतिहास में सबसे व्यापक और सफल रहा, जिसके माध्यम से लाखों नए कार्यकर्ता पार्टी से जुड़े और किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा श्रमिकों की आवाज़ को और सशक्त किया। उन्होंने कहा कि अधिवेशन का उद्देश्य संगठन को और सुदृढ़ बनाना, पार्टी की भावी रणनीति पर विचार करना तथा आगामी राजनीतिक दिशा तय करना है। राष्ट्रीय लोकदल चौधरी चरण सिंह के विचारों और सिद्धांतों पर चलते हुए किसानों, गरीबों और मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ता आया है। वर्तमान समय में जब देश सामा. जिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है, तब यह अधिवेशन संगठनात्मक एकता का प्रतीक बनने के साथ ही भविष्य की दिशा निर्धारित करने वाला ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा। त्यागी ने बताया कि अधिवेशन में देशभर के सभी राज्यों से वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और सक्रिय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। अधिवेशन के दौरान संगठन विस्तार, नीति निर्धारण तथा किसान और युवा केंद्रित कार्यक्रमों से जुड़े प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे। राष्ट्रीय लोक. दल का यह अधिवेशन मथुरा की पवित्र भूमि से पार्टी की नई ऊर्जा, एकता और प्रतिबद्धता का संदेश पूरे देश में प्रसारित करेगा।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ–226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522–4041004
**मुख्यालयः**
फोन–0131–2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 251 कुंडीय महायज्ञ के लिए भूमि पूजन सम्पन्न

## भूमि पूजन में कई प्रशासनिक अधिकारी व विशिष्ट अतिथि हुए शामिल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाराबंकी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में आगामी 26 से 29 नवम्बर तक बाराबंकी में सम्पन्न होने वाले 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हेतु रविवार को पल्हरी स्थित जेब्रा पार्क में भूमि पूजन कार्यक्रम शान्तिकुंज हरिद्वार से पधारी टोली द्वारा सम्पन्न कराया गया,जिसमें कई जनपदों के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्पूर्ण जेब्रा पार्क पीत परिधानों से बासन्तीमय हो गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ देव मंच पर स्थापित गुरु सत्ता के चित्रों पर पूजन अर्चन माल्यार्पण व कलश पूजन के साथ हुआ। मंच पर पूजन अर्चन जनपद के अपर जिला जज संजय कुमार शुक्ला, एस0डी0एम0 सदर आनन्द तिवारी, एम0एल0सी0अंगद कुमार सिंह (सपत्नीक) व अधिशाषी अधिक. ारी नगर पालिका संजय कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। कलश पूजन से पूर्व शान्तिकुंज हरिद्वार से पधारे केन्द्रीय टोली नायक अर्न्तराष्ट्रीय कथा वाचक पं0श्याम बिहारी दुबे व उनकी टोली में आये गायक (श्यामजी), वादक मनीष साहू, सहायक पवन भारद्वाज व जेपी पाल द्वारा संगीतमय लहरी में गुरु वन्दना गुरु की छाया में शरण जा आ गया उसके जीवन में सुमंगल छा गया' प्रस्तुत किया गया, जिसको उपस्थित परिजनों ने बड़े ही भाव पूर्वक गायन किया। इस अवसर पर शान्तिकुंज से पधारे टोली नायक श्याम बिहारी दुबे ने कहा कि यज्ञ संस्कृत का प्राण है यज्ञ हमें जीवन जीने की कला सिखाता है, यज्ञ का अर्थ है दूसरों का भला करना, राष्ट्र संस्कारवान, समर्थ व सशक्त बनाने के लिए विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन से अज्ञान अभाव, अन्याय रूपी राक्षसों का विनाश होगा। दुबे ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समाज को एकजुट होना पड़ेगा तभी भारत को विश्वगुरू का दर्जा मिल सकेगा। 'चाहते यदि बनाना जगत को चमन,तो समझ लो सखे जिन्दगी है हवन। होता है सारे विश्व का कल्याण यज्ञ से, जल्दी प्रसन्न होते है भगवान यज्ञ से' प्रस्तुत गीत काफी सराहा गया। उक्त भूमि पूजन में जनपद बाराबंकी के अलावा लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, अयोध्या, गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, प्रतापगढ़, हरदोई समेत कई जनपदों के सक्रिय गायत्री परिवार के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। आयोजन में मौजूद जनपद के सभी ब्लॉकों तहसीलों प्रज्ञा पीठों, प्रज्ञा मण्डलों, महिला मण्डलों के नैष्ठिक परिजनों को अयोध्या जोन के समन्वयक देश बन्धु तिवारी ने विशाल यज्ञ को सम्पन्न कराने के लिए संकल्पित कराने के साथ समय दान अंश दान की अपील की। अवगत कराना है कि 26 से 29 नवम्बर तक 4 दिवसीय उक्त विशाल यज्ञ में कई जनपदों के लाखों कार्यकर्ता सम्मिलित होगें ,जिसके लिए वृहद स्तर पर सभी लोगों ने विभिन्न जिम्मेदारियां स्वेच्छा से संभाल ली है। आगामी 4 नवम्बर को गायत्री शक्ति पीठ बाराबंकी पर कार्यकर्ता गोष्ठी का आयोजन किया गया है।

# भूसा–साइलेज टेंडर प्रक्रिया नियमानुसार सम्पन्न कराएं: धर्मपाल सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि भूसा व साइलेज की टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह नियमानुसार सम्पन्न करायी जाए और जहां दरों में भिन्नता की शिकायत मिले, वहां जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि गोआश्रय स्थलों को भरण–पोषण मद में एक माह की अग्रिम धनरा. शि उपलब्ध कराई जाए, ताकि गोवंश के पालन–पोषण में कोई कमी न रहने पाए। श्री सिंह ने कहा कि सभी गोशालाओं में चारा, भूसा, पानी, प्रकाश एवं औषधियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हो। अवस्थापना कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय पर कार्य पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि बड़े गोआश्रय स्थलों की भूमि को पीपीपी माडल पर 'गो–पर्यटन केंद्र' के रूप में विकसित किया जाए। मंत्री ने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से गोशालाओं का निरीक्षण करें तथा निराश्रित गोवंश को रेडियम बेल्ट पहनाकर उनकी सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाने और प्रत्येक सदस्य को कम से कम दो पशु पालने हेतु प्रेरित करने पर बल दिया। श्री सिंह ने कहा कि पराग के उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग की जाए, क्योंकि ये गुणवत्ता में श्रेष्ठ और पौष्टिक हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और योजनाओं के प्रचार–प्रसार में कोई कमी न रहे। बैठक में प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने मंत्री को आश्वस्त किया कि सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा।

# सीपिया घाट गंगा मेले का भव्य शुभारंभ

## विधायक राजीव तरारा ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध सीपिया घाट पर लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले का शनिवार को विधिवत शुभारंभ विधायक राजीव तरारा ने किया। उन्होंने फीता काटकर, दीप प्रज्वलित किया और मां गंगा में दुग्धाभिषेक कर मेले का उद्घाटन किया। जैसे ही शुभारंभ हुआ, घाट पर हर-हर गंगे और जय मां गंगे के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। गंगा स्नान, दीपदान और पूजा-अर्चना के लिए दूरदराज के गांवों से लोग परिवार सहित पहुंचे। घाट पर साधु-संतों, महिलाओं और बच्चों की भीड़ ने धार्मिक आस्था का मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। विधायक राजीव तरारा ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का यह मेला भारतीय संस्कृति, लोक परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा ऐसे धार्मिक मेलों से समाज में भक्ति, सेवा और सद्भाव की भावना को नई ऊर्जा मिलती है। यह नदियों की महिमा और हमारी सनातन परंपरा की जीवंत झलक हैं। इस मौके पर तहसीलदार मूसाराम थारू, चांद गिरी महाराज, छोटे सिंह, सत्यपाल सिंह, शेखर, भूरे, विधानसभा संयोजक रामवीर सिंह, शेरपुर मंडल अध्यक्ष कपिल भड़ाना, बछरायूं मंडल अध्यक्ष रोहित आर्य, सतपाल सिंह पाल, सुशील मौर्या, दुष्यंत सिंह, प्रिंस चावला, निहार त्यागी, सुशील सिद्धू, जबर सिंह प्रधान, गंगाशरण प्रधान, राजू प्रधान, साब सिंह प्रधान, अशोक, नितिन, हरीशचंद्र प्रधान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस ने भी मुस्तैदी दिखाई थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। घाट क्षेत्र में साफ-सफाई और लाइटिंग की बेहत. रीन व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं ने प्रसन्नता जताई।


■ गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विवि में काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते विवि अधिकारी व अतिथिगण।

# तीन तलाक की धमकी में सास समेत पांच फंसे

## आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** तीन तलाक दिलवाने की धमकी देने तथा विवाहिता के साथ मारपीट करने के मामले में डिडौली पुलिस ने सास समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला जोया के मोहल्ला इकबाल नगर से जुड़ा है। यहां पर रिजवान का परिवार रहता है। उनकी पत्नी फहमीदा द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुता. बिक सास शम्मो, ननद जीनत व हिना तथा देवर सलमान शादी के बाद से ही नजरों में नहीं लाए। रंग काला होने के तंज कसकर प्रताड़ित करने लगे। इतना ही नहीं आरोपियों ने तीन तलाक दिलवाने की धमकी देनी शुरू कर दी। आरोप है कि एक नवंबर को आरोपियों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। लात घूंसो से मारपीट की। शोर सुनकर मोहल्ले के लोगों को जमा होते देख आरोपी धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना की जांच की जा रही है।

# पैसों के लालच में कराया दुष्कर्म का झूठा मुकदमा

## पुलिस ने दो हिस्ट्रीशीटरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सामूहिक दुष्कर्म के मुकदमे में समझौते का दबाव बनाने के उद्देश्य से जानलेवा हमले का षड्यंत्र रच दिया। झूठी पटकथा लिख आरोपी पक्ष से जुड़े लोगों ने पीड़िता के पिता और चाचा के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज करा दिया। योजना के तहत शहर के रहने वाले हिस्ट्रीशटर मुशीर से वादी मुकदमा वसीम पर खुद ही गोली चलवाई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए डिडौली पुलिस ने इस साजिश का पर्दाफाश किया है। आरोपियों के पास से एक तमंचा भी बरामद हुआ है। दोनों ने पैसों के लालच में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस अब षड्यंत्र में शामिल दुष्कर्म के आरा. पी अनुज के भाई व मौसा के अलावा डिडौली में रहने वाले एक अन्य हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

**■ षड़यंत्र में शामिल दुष्कर्म के आरोपी की तलाश में पुलिस**

जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अहमदनगर निवासी वसीम ने 20 अक्तूबर को डिडौली कोतवाली में मुरादाबाद जिले के मझौला थाना क्षेत्र के गांव चौधरपुर के रहने वाले सगे भाई रघुवर व अशोक के खिलाफ तहरीर देते हुए जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। इन दोनों पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने का आरोप था। पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू की तो उसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि दरअसल आरोपी अशोक ने 9 मई 2025 को थाना मझौला में गांव के रहने वाले अनुज, वरुण व अमन के खिलाफ पॉक्सो एक्ट व सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी पक्ष अशोक पर इसी मुकदमे में फैसला करने का दबाव बना रहा था। आरोपी अनुज ने अपने सगे भाई रवि के अलावा डिडौली क्षेत्र के गांव वाजिदपुर के रहने वाले मौसा अशोक और गांव गंदासपुर के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर कमरे आलम की मदद से इस जानलेवा हमले की पूरी स्क्रिप्ट लिखी। इन लोगों ने आपस में मिलकर योजना के तहत वसीम और शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इकरार नगर के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर मुशीर को पैसे देकर अपनी योजना का हिस्सा बनाया। इसके बाद मुशीर ने योजना के मुताबिक तय घटनास्थल पर वसीम के फायर झोंक दिया। बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपी मुशीर कुख्यात हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ जिले के अलग-अलग थानों में 15 आराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# मुस्लिम कमेटी की कानूनी जंग में घिरे महबूब अली

## कमिश्नर आंजनेय ने बैठायी जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुस्लिम कमेटी की जंग में सदर विधायक एवं लोक लेखा समिति के सभापति महबूब अली भी जद में आ गये हैं। जुलाई में संपन्न हुए कमेटी के चुनाव में उनकी मौजूदगी दर्शाकर रजिस्ट्रार कार्यालय में दिए गए शपथपत्र ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। इस चुनाव प्रक्रिया के दौरान विधायक महबूब अली के विधानसभा के मानसूत्र सत्र में होने का दावा किया गया है। सुबूतों के साथ की गई शिकायत पर मंडलायुक्त आं. जनेय कुमार ने जांच बैठा दी है। एसडीएम सदर शैलेष कुमार दुबे ने तहसीलदार को जांच अधिकारी नामित करते हुए सात दिन के भीतर पूरे प्रकरण की रिपोर्ट मांगी है।

गौरतलब है इकबाल खां गुट की ओर से 29 जुलाई 2024 को

**■ एसडीएम ने तहसीलदार से सात दिन में मांगी रिपोर्ट**

संपन्न कराई गई चुनाव प्रक्रिया में सदर विधायक महबूब अली को चुनावी बैठक में उपस्थित दर्शाया गया है जबकि कार्रवाई से जुड़े दस्तावेजों में उनके हस्ताक्षर नहीं है। इतना ही कार्रवाई से जुड़े फोटो जो पत्रावली के साथ में दाखिल किए गए हैं उनमें भी विधायक महबूब अली कहीं मौजूद नहीं हैं। इसके विपरीत साधारण सभा की बैठक में विधायक महबूब अली का नोटरी से प्रमाणित शपथपत्र पत्रावली के साथ सहायक निबंधक फर्म्स सोसाइटी चिट्स मुरादाबाद के कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। शपथपत्र के पैरा नंबर 3 व 6 में विधायक महबूब अली ने खुद साधारण सभा में मौजूद होना स्वीकार किया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक 29 जुलाई 2024 को विधायक महबूब अली लखनऊ में थे और 29 से 30 जुलाई तक वह विधानसभा के मानसूत्र सत्र का हिस्सा बनकर सदन में विधानसभा क्षेत्र से जुडी समस्याओं को प्रमुखता से उठा रहे थे

## एक नजर

### सांड के हमले से तालाब में गिरे बैल की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** आवारा सांडों ने बग्गी में जुते बैल पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। किसान बड़ी मुश्किल से बचा है। रहरा थाना इलाके के गांव देहरी गुर्जर निवासी किसान शमसुद्दीन पुत्र लल्लू सैफी बैलगाड़ी पर खेत पर जा रहे थे। रास्ते में आवारा सांडो ने उनकी बैलगाड़ी को घेर लिया। उसके बाद आवारा सांडों ने बग्गी में जुते हुए बैल पर हमला बोल दिया। बैलगाड़ी अनियंत्रित होकर गड्ढे में भरे पानी में गिर गई। बड़ी मुश्किल से शमसुद्दीन को सुरक्षित वहां निकाल लिया गया। लेकिन गाड़ी में जुते उनके बैल की डूबने से मौके पर मौत हो गई।

### हाइवे पर हादसे में दो बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** अनियंत्रित बाइक के आगे चल रहे ट्रक से टकराने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए दोनो को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है बरेली के बिहारीपुर निवासी सिद्धार्थ अपने दोस्त रिंकू निवासी भजनपुरा दिल्ली के साथ बरेली से बाइक पर सवार होकर दिल्ली जा रहे हे जैसे ही बाइक कस्बे में पुल के ऊपर आयी तभी आगे चल रहे ट्रक से टकराकर गिर गयी जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए मोके पर पहुची जोया चौकी पुलिस ने दोनों को जोया के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दोनो के परिजन को सूचना दे दी जिला अमरोहा के ब्लॉक जोया अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

### महिलाओं को सिखाए सुरक्षा के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को लेकर सोमवार को मिशन शक्ति 5 के विशेष अभियान के तहत थाना शक्ति दीदी बीट आरक्षी दल ने ग्राम चुचौला कलां में अभियान चलाया। दल की महिला आरक्षियों ने गाँव की महिलाओं और बालिकाओं को पैम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस दौरान उन्हें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर अपराध नियंत्रण हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। आरक्षियों ने समझाया कि किसी भी संकट की स्थिति में ये नंबर तत्काल मदद का माध्यम हैं।

### दवाई लेने आ रहे दम्पति को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** पत्नी के साथ दवाई लेने बाइक पर आ रहे दंपति को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस को तहरीर दे दी गई है। थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव हाफिजपुर निवासी आसिफ पुत्र नन्हे अपनी पत्नी फरहीन के साथ बाइक पर बैठकर मासूम बच्चे को दवाई दिलवाने के लिए आ रहा था। गांव बावनखेड़ी के समीप आधा दर्जन युवकों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। खतरा भाँपकर वह पीछे को मुड़कर घर को चल पड़े। आरोप है कि दबंगों ने रास्ते में रोककर आसिफ के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। उसकी पत्नी के भी चोटे आई है।घायल कोतवाली पहुंचे तथा पुलिस को मामले से अवगत कराया। तहरीर लेने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खेत पर गया किसान लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर में 50 वर्षीय किसान इंदर सिंह रहस्यमय तरीके से लापता हो गया हैं। किसान के परिवार में हड़कंप मचा हुआ है। किसान इंदर सिंह रविवार रात करीब 8:00 बजे घर से लगभग 500 मीटर दूर स्थित अपने ट्यूबवेल पर खेत की रखवाली करने के लिए गये थे। सोमवार की सुबह 10:00 बजे तक जब वह घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने जब खेत पर जाकर देखा तो वहां चारपाई पर उनका मोबाइल फोन जिस पर समाचार चल रहे थे। और टॉर्च रखी हुई मिली। कुछ ही दूरी पर उनकी बाइक भी खड़ी थी। हालांकि, किसान इंदर सिंह का कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने तत्काल उनकी तलाश शुरू कर दी और रिश्तेदारियों में भी खोजबीन की गई। लेकिन वह कहीं नहीं मिले। इसके बाद सोमवार को शाम करीब 4:00 बजे लापता किसान की पत्नी हर प्यारी अन्य परिजनों के साथ हसनपुर कोतवाली पहुंचीं और गुमशुदगी की तहरीर दी।

### आग में झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** आग से झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी।। डिडौली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला सत्यवती पत्नी सुरेश उम्र 55 वर्ष निवासी शेखूपुर माफी ने 12 दिन पूर्व अपने आप को आग लगा लिया थी जिसका इलाज एक हायर सेंटर में चल रहा था जिसकी आज सुबह मौत हो गई बिना किसी कानूनी कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया गया महिला की बेटी ने एक सप्ताह पहले फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी।

# इलाज में लापरवाही पर अस्पताल कर्मियों से मारपीट

## आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** इलाज करने में लापरवाही का आरोप लगाते हुए तीमारदारों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। स्टाफ से मारपीट कर घायलों को अपने साथ लेकर चले गए। मामले में अस्पताल कर्मी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में बीती एक नवंबर की रात की है। हाईवे पर हादसे में घायल होने के बाद हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के गांव अल्लाहबख्शपुर निवासी शमशाद व फारूख को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पाकबड़ा निवासी अस्पताल कर्मी नाजिम का आरोप है कि घायलों का इलाज शुरू करने से पहले उनके परिजनों को भी सूचना दे दी गई थी। इसके बाद रात में करीब 15 से 20 लोग इकट्ठा होकर अस्पताल पहुंचे तथा इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर अस्पताल कर्मियों के साथ मारपीट की तथा बाद में घायलों को अपने साथ ले जाते हुए जान से मारने की धमकी देकर हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में चार नामजद समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# श्याम बाबा के प्रकटोत्सव पर झूमे भक्त

## दिल्ली से आए कलाकारों ने किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शनिवार की रात नगर के श्री नवदुर्गा शिव मंदिर, टीचर कॉलोनी में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री खाटू श्याम मित्र मंडल मंडी धनौरा की ओर से आयोजित खाटू श्याम प्रकटोत्सव एवं देवउठनी एकादशी उत्सव में भक्तों ने भावपूर्ण माहौल में श्याम सरकार का महाप्रसाद और भजनों का आनंद लिया।



दिल्ली से आए बेंगलुरु के फूलों से श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद भक्तों ने लखदातार श्याम सरकार की 309वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की। जैसे ही भजन गूंजने लगे, भक्तगण झूमने पर मजबूर हो गए और हारे के सहारे श्याम हमारे के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा।भजन गायक दीपक शर्मा, अर्पित कौशिक, सौरभ कौशिक, देव शर्मा, शौर्य मित्तल और आशु पंडित ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सेवादार दीपक शर्मा ने श्याम बाबा का केक काटकर पाटोत्सव मनाया, वहीं गुड़, चने, केले, पेड़े, बर्फी और मावे के लड्डू का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सचिन, सोनिया अग्रवाल, पूनम, सर्वेश शर्मा, सुमन, राजकुमार, मनोज, मोनी शर्मा, राजपाल, विपिन, गुड्डु न, कोमल, तनिप गर्ग, सुधांशु, मोहित, विशाल, राखी, विनीत, आशु शर्मा, नूतन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

# बीमारी को जड़ से दूर करती है आयुर्वेद पद्धति

## गुरुजनों का दिल से करें सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डा. विकास तोमर ने कहा कि आयुर्वेद पद्धति से बड़ी से बड़ी बीमारी को इलाज संभव है। यह प्राचीन काल से हमारे देश में मौजूद रही है।




मुरादाबाद स्थित श्री सत्य आयुर्वेदिक कालेज एण्ड हास्पिटल में आयोजित बीएएमएस पाठयक्रम के नवांगतुक छात्र-छात्राओं के आर्युप्रवेशिका के द्वितीय दिन कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के सचिव अजय मलिक, निदेशक डा. अनुज कुमार त्यागी व मुख्य अतिथि डा. शिवम तोमर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। चांदपुर से आये डा. विकास तोमर ने कहा कि आज के दौर में लोग लगातार बीमारियों का शिकार हो रहे है। जिस पर वह अपने जीवन की सारी कमाई खर्च कर देते है। लेकिन इस बात का जानकारी अधिकांश लोगों को नहीं है कि आयुर्वेदिक इलाज हमारी प्राचीन पद्धति है। इसके माध्यम से असाध्य रोगों का भी इलाज किया जा सकता है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत पीतवस्त्र एवं पटका पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. ललित शर्मा, दीपक कुमार, डा. भावना वर्मा, डा. विनोद वाजिया, डा. नितिन दास, डा. निलिमा भोले, डा. दिनेश भोर, डा. अमोल मौजूद रहे।

**अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम**

# कोर्ट मैरिज करने वाली बीटैक छात्रा ने खाया जहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कोर्ट मैरिज करने वाली बीटैक छात्रा का सम्पर्क दूसरे युवक से हो गया। जब इसकी भनक पहले पति को लगी तो दोनों में विवाद हुआ। जिस पर बीटैक छात्रा मायके आकर रहने लगी। विवाद के चलते उसने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव इकोंदा से जुड़ा है। यहां पर किसान धर्मेंद्र सिंह का परिवार रहता है। उनकी 22 वर्षीय बेटी अंशु सागर ने दो साल पूर्व क्षेत्र के ही गांव तोहफापुर के रहने वाले आशीष से प्रेम-प्रसंग के चलते कोर्ट मैरिज कर ली थी। बाद में दोनों के परिजनों ने इस रिश्ते



को स्वीकार कर लिया था। वर्तमान में अंशु बीटैक की पढ़ाई कर रही थी। पुलिस के मुताबिक इसी बीच सोशल मीडिया के जरिए अंशु का बिहार के जिला बक्सर के गांव मझरिया के रहने वाले युवक संदीप से संपर्क हो गया। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग परवान चढ़ने लगा। जिसके चलते उसने पति आशीष से अलग-थलग रहना शुरू कर दिया। शक होने पर आशीष ने जब छानबीन की तो पत्नी अंशु की दूसरी प्रेम कहानी का राज बेपर्दा हो गया। फिलहाल, विवाद के चलते मायके में पिता के साथ रह रही अंशु ने रविवार दोपहर में एकाएक ही घर में रखे किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इसके बाद फिर उसकी तबियत बिगड़ती चली गई। घबराए परिजनों ने तुरंत उसे चौधरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात उपचार के दौरान अंशु की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बदनामी से आहत युवती ने जहर खाकर जान दी

## फोटो वायरल होने से टूटा था रिश्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** प्रेम प्रसंग के चलते युवती ने जहर खाकर जान दे दी। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव घर ले गए। मामले में किसी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। मामला संभल जिले के बनियाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले एक किसान ने बेटी का रिश्ता रामपुर जिले के शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक के साथ किया था। 17 अक्तूबर को बरात आनी थी। आरोप है कि इसी बीच मुरादाबाद जिले के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक ने अपना व युवती का फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जानकारी पर मंगे. तर के परिजनों ने रिश्ता तोड़ दिया। मामले में युवती के पिता ने 8 अक्तूबर को बनियाठेर थाने आरो. पियों के खिलाफ तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बदनामी के चलते युवती ने 1 नवंबर को घर में रखा जहर खा लिया था। इसके बाद परिजनों उसे डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर गांव चौधरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां रविवार दोपहर युवती की मौत हो गई। डिडौली पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने मामले में तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही

## दबंगों ने चकरोड पर किया कब्जा



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** किसान ने दबंगों पर चक रोड पर कब्जा किये जाने का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हैबतपुर बंजारा निवासी मोहम्मद शफीक पुत्र एहसान अली ने उप जिलाधिकारी को पत्र भेज कर कहा है कि वह अपने हिस्से की जमीन पर खेती-बाड़ी कर परिवार का जीवन का पालन पोषण करता है। लेकिन गांव के जब्बार हुसैन, इमामी, शुबराती, ताजुद्दीन, रियासत व यामीन आदि ने दबंगई के बल पर चक रोड पर कब्जा कर अपने खेतों में मिलाकर जोत लिया है। जिससे उसके खेत पर जाने वाला रास्ता बंद हो गया है। अने. कों बार कब्जा धारियों से चक रोड से अवैध कब्जा हटाने को कहा गया है। लेकिन वह मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। पीड़ित किसान ने एसडीएम हसनपुर से पूरे मामले की जांच कर कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# विदेश भेजने के नाम पर चार लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कबूतर बाजो ने विदेश भेजने के नाम पर युवक से 4 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना सैद नगली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 4 कबूतरबाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नौशाद अली पुत्र इस्माइल सैदनगली न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें कहा गया था कि उसके भाई कैसर अब्बास को 4 लाख रूपये में फिनलैंड वर्क परमिट वीजा पर भेजने को कहा था। 1 सितंबर 2024 को 25000 कंपनी से ऑफर लेटर मांगने के नाम पर ले गये। 24 अक्टूबर 2024 को कंपनी का ऑफर लेटर उन्हें दिया। उसके बाद एक जनवरी को चारों ने उसके घर आकर उन्हें द्वारा पौने 4 लाख रुपये ले लिए गये। उन्होंने फिनलैंड का फर्जी वीजा का लेटर उन्हें दे दिया। लेकिन बाद में पता चला कि पूरा मामला फर्जी था। पैसे मैन वापस मांगने पर उसके साथ गाली गलौज करते हुए फर्जी बलात्कार का झूठा केस लगाकर आजीवन कारावास के केस में फसाने की धमकी दी गई। वह थाने भी गया था लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर फैज अली पुत्र अब्दुल कलाम मझोला जनपद मुरादाबाद, मोहम्मद अली पुत्र याकूब मोहल्ला सरायतरीन जनपद संभल, फहीम पुत्र फिदा हुसैन मोहल्ला चक्कर की मिलक थाना मझोला मुरादाबाद, याकूब पुत्र मोहम्मद यूनुस सरायतरीन जनपद संभल के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जल संरक्षण के प्रति किया जागरुक




**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** तिगरी गंगा मेले में आरके पब्लिक स्कूल अमरोहा के छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण, जल ही जीवन है विषय पर एक अत्यंत प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने जल के महत्व, उसके संरक्षण की आवश्यकता और जल व्यर्थ न करने का सशक्त संदेश जन-जन तक पहुँचाया। बच्चों के उत्कृष्ट अभिनय, प्रभावशाली संवाद और सार्थक प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। विद्यालय के संरक्षक अजय टंडन, प्रबन्धिका श्रीमती अंजली टंडन, अदिति टंडन तथा प्रधानाचार्या डा. शिक्षा सरदाना ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करते हैं और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति सजगता लाते हैं।

## जंगलों में छोड़े जाएंगे उत्पात मचाने वाले बंदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शहर में उत्पाद मचाने वाले बंदरों का आतंक कम हो जाएगा। इसके लिए नगर निगम ने कवायद तेज कर दी है। करीब 10 हजार बंदरों को पकड़कर पीलीभीत और शाहजहांपुर के जंगलों में छोड़ने की तैयारी नगर निगम ने की है। इसके लिए दोबारा से टेंडर प्रक्रिया दोबारा शुरू की गई है। निगम ने ई-निविदाएं मांगी हैं। निगम अधिकारियों के अनुसार, चयनित एजेंसी को हर बंदर को पकड़ने और जंगल में छोड़ने की जीपीएस लोकेशन व फोटो रिपोर्ट देनी होगी, ताकि कार्रवाई की पारदर्शिता बनी रहे। निगम प्रशासन टेंडर प्रक्रिया शुरू कर चुका है जो 12 नवंबर तक चलेगी। इसके बाद तय की गई एजेंसी को काम सौंपा जाएगा। पहले चरण में करीब 1000 बंदरों को नवंबर के अंत तक पकड़कर जंगलों में छोड़ा जाएगा।

# नवाबगंज के तहसील दिवस में गूंजी डीएम की फटकार

**डीएम ने कई मामलों में अधिकारियों को दिए जांच के निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम अविनाश सिंह जनता की समस्याएं सुनते हुए सख्त मूड में नजर आए। कार्य में लापरवाही पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। तहसील दिवस में कुल 193 शिकायतें पंजीकृत हुईं, जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम उदित पवार, सीओ नीलेश मिश्र सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



ग्राम ग्रेम निवासी प्रेमचंद द्वारा नीलामी में जमा 84,000 रुपये वापस न मिलने की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए। इसी प्रकार, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के बदले 2,000 रुपये की अवैध मांग के मामले में भी संबंधित सेक्रेट्री के खिलाफ जांच के निर्देश दिए गए। ग्राम गेला टांडा स्थित चरागाह की भूमि से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग महंत देवेन्द्र गिरी द्वारा की गई, जिसपर डीएम अविनाश सिंह ने एसडीएम उदित पवार से तीन दिन के अन्दर भूमि से अवैध कब्जा हटवाए जाने के सख्त निर्देश दिए। इसके साथ ही कस्बे के बब्बू ने ग्राम बथुआ स्थित करबला की भूमि की पैमाईश कराए जाने की मांग की, जिसपर उन्होंने तहसीलदार को कार्यवाही के निर्देश दिए। आयोजन में समाजवादी पार्टी के एक प्रति. निधिमंडल ने डीएम को एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने ओसवाल मिल पर गन्ना किसानों की करोड़ों वाकया धनराशि का तत्काल भुगतान कराए जाने, किसानों को एनपीके/डीएपी खाद उपलब्ध कराए जाने के साथ ही क्षेत्र की मंडी समिति में किसानों का धान न तोले जाने का आरोप लगाते हुए किसानों का धान तुलनाए जाने की मांग की। इसमें पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार, जिला पंचायत सदस्य अरविंद गंगवार डब्लू, छेदा लाल दिवाकर, मुन्ना गंगवार, प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रहलाद गंगवार आदि शामिल रहे।

इसके साथ ही ग्राम पुरैनिया के पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिशुपाल सिंह गंगवार ने एक सपा नेता पर गाटा संख्या 563 जो आम रास्ता है, पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से रास्ता को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की, जिसपर डीएम ने एसडीएम को कार्यवाही के निर्देश दिए। तहसील परिसर की अव्यवस्थाओं को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर भी डीएम ने गंभीरता दिखाते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। डीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कार्य में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों से भाग लिया।

## एक नजर

### आज ग्रामीण क्षेत्रों की 6 घंटे बन्द रहेगी बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** आज मंगलवार को सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी।

एसडीओ राजेन्द्र सिंह द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक 33/11 केवी की लाइन पर कुछ कार्य किया जाना है, जिसके चलते सुबह दस बजे से शाम 4 बजे तक ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग करने की अपील की है।

### पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ युवक को पकड़ा, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने रविवार को अभियान के दौरान एक युवक को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया।



मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रहपुरा अंडरपास के पास रबर फैक्ट्री मैदान से आरिफ पुत्र मेंहदी हसन निवासी मोहल्ला अंसारी कस्बा फतेहगंज पश्चिमी को पकड़ा।अभियुक्त के पास से एक तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आरोपी को जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई प्रदीप कुमार,कांस्टेबल लेखपाल सागर,कांस्टेबल मनीष चौधरी शामिल रहे।

# डीएम ने राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता की तैयारियों के सम्बन्ध में की बैठक

**11 से 15 नवंबर तक पीएम श्री कॉलेज में होगा आयोजन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन की रणनीति पर सोमवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह प्रतियोगिता 11 से 15 नवंबर 2025 तक पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता में अंडर-17 आयु वर्ग के बालक-बालि. काओं की टीमें शामिल होंगी। इसमें 44 बालक और 44 बालिका टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें लगभग 1056 प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रत्येक टीम के लिए लाइजनिंग ऑफिसर तैनात किए जा रहे हैं। खिलाड़ियों के लिए 6 नवंबर तक पंजीकरण कराने का समय है। बैठक में वॉलीबॉल प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। इसमें खिलाड़ियों के आवास, भोजन, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा, परिवहन, टेंट व्यवस्था, उपहार, लाइव स्ट्रीमिंग, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, ट्रॉफी, मेडल, मोमेंटो, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अतिथियों का स्वागत और मंच की साज-सज्जा जैसे विषयों की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



डीएम ने आयोजन स्थल पर अग्नि सुरक्षा के लिए फायर ब्रिगेड, सुचारू विद्युत व्यवस्था के लिए विद्युत विभाग, चिकित्सा सुविधाओं के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पुलिस सुरक्षा, आयोजन स्थल तक जाने वाले मार्ग का दुरुस्तीकरण, मोबाइल टॉयलेट, पानी के टैंकर, एम्बुलेंस, बस पार्किंग, खेल मैदान का समतल. ीकरण और सफाई कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागी बच्चों को स्थानीय दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराने, खाद्य सुरक्षा अधिकारी को भोजन की गुणवत्ता जांचने और नगर निगम व विद्युत विभाग को ग्राउंड पर अच्छी विद्युत व्यवस्था के लिए अस्थायी विद्युत पोल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। आयोजन के उद्घाटन और समापन समारोह को भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए भी निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक यातायात मो. अकमल खान, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, संयुक्त निदेशक शिक्षा, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसबीआई बहेड़ी शाखा ने पेंशनर्स व पूर्व सैनिकों का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बहेड़ी मुख्य शाखा में सोमवार को पेंशन खाताधारकों के लिए एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नगर पालिका परिसर स्थित शाखा में हुआ। इसमें सेना से सेवानिवृत्त भूतपूर्व सैनिकों के साथ-साथ रेलवे, केंद्र सरकार और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए पेंशनभोगी शामिल हुए, जो बहेड़ी शाखा से अपनी पेंशन प्राप्त करते हैं।

**विशेष कैंप में प्रबंधक ने शॉल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह भेंट किए**

कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक विनीत कुमार ने की। उन्होंने उपस्थित सभी पेंशनर्स को शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। शाखा प्रबंधक विनीत कुमार ने बैंक की विभिन्न ऋण और जमा सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने साइबर क्राइम और धोखाधड़ी से बचाव के लिए पेंशनर्स को जागरूक भी किया। विनीत कुमार ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक ग्राहकों को सरल और सुगम बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के दौरान सभी पेंशनर्स से जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त किए गए और नामांकन की आवश्यकता समझाई गई। रेलवे पेंशनर्स को भारतीय स्टेट बैंक और रेलवे विभाग के बीच हुए सैलरी पैकेज एमओयू के लाभों से भी अवगत कराया गया। भारतीय स्टेट बैंक बहेड़ी शाखा की इस पहल की उपस्थित पेंशन खाताधारकों ने सराहना की। इस अवसर पर फील्ड ऑफिसर शिवम वैश्य, सर्विस मैनेजर प्रियंका राणा, विधि सिंह गार्ड सहित अन्य बैंक स्टाफ और भूतपूर्व सैनिक जगदीश प्रसाद, करन सिंह, अजब सिंह, किशन लाल आदि उपस्थित रहे।

### उर्फी रजा जैदी बने अखिल भारतीय परिषद के सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** कस्बा निवासी उर्फी रजा जैदी को अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार कल्याण परिषद दिल्ली का सदस्य मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर कस्बा वासियों ने बधाई दी है। श्री जैदी वर्तमान में माल्टा, यूरोप के एक निजी विश्वविद्यालय में एडमिन कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत हैं। वह सेंथल के इतिहास पर एक पुस्तक लिख चुके हैं और इन दिनों माल्टा के अरबी इतिहास पर एक नई पुस्तक पर काम कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ग्राम पट्टी में स्थित मोहन मंदिर के संरक्षण के लिए एक अभियान भी चलाया हुआ है।

### राष्ट्रीय समूह गान प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता हुई संपन्न, पीलीभीत की टीम चयनित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** गौरीशंकर शाखा के आतिथ्य में भारत विकास परिषद की प्रांतीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि के रूप में विभाग प्रचारक सुधांशु , क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोरा एवं क्षेत्रीय गतिविधि संयोजक महिला सहभागिता श्रीमती कविता खुराना उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय महासचिव राहुल यदुवंशी ने किया।दो माह से चल रही देशभक्ति गीत प्रतियोगिता के प्रांतीय स्तर पर पीलीभीत की चिरौजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर शाखा टाइगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शांति अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर बरेली नाथ नगरी शाखा द्वितीय एवं ब्लूमिंगडेल गौरीशंकर शाखा बदायूं तृतीय स्थान पर रहीं। प्रांतीय अध्यक्ष संजीव जॉली ने सभी टीमों का आभार व्यक्त किया।

# कार पेड़ से टकराई महिला की मौत, पति घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आंवला-रामनगर मार्ग पर सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में ग्वालियर निवासी एक महिला की मौत हो गई। उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में महिला के पति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार जारी है। दंपती मनौना धाम दर्शन करने जा रहे थे।

मृतक महिला की पहचान 48 वर्षीय गीता शर्मा के रूप में हुई है, जो मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित विनय नगर सेक्टर 3 की निवासी थीं। उनके पति राजेश शर्मा घायल हुए हैं। दंपती अपने बच्चों के साथ ग्वालियर से दिल्ली खरीदारी करने आए थे। दिल्ली से उन्होंने बच्चों को वापस ग्वालियर भेज दिया था और खुद पति-पत्नी मनौना धाम के दर्शन के लिए दिल्ली से आंवला की ओर निकले थे। यह हादसा सोमवार सुबह करीब आठ बजे रामनगर से आंवला रोड पर हुआ।



दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने गीता शर्मा को मृत घोषित कर दिया। राजेश शर्मा की हालत नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने उनके परिजनों को घटना की सूचना दी। बरेली पहुंचे राजेश शर्मा के भाई महेंद्र शर्मा ने बताया कि 30 नवंबर को राजेश के बेटे की शादी है। इसी सिलसिले में राजेश और गीता बच्चों के साथ दिल्ली खरीदारी करने गए थे। खरीदारी के बाद बच्चों को ग्वालियर भेजकर वे मनौना धाम के दर्शन के लिए निकले थे।

# परसाखेड़ा व सीबीगंज में विद्युत व्यवस्था होगी सुचारू

**कमिश्नर की अध्यक्षता में उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कमिश्नर भूपेन्द्र एस. कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक कमिश्नरी स्थित सभागार में संपन्न हुई। इसमें औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा और औद्योगिक आस्थान, सीबीगंज में विद्युत व्यवस्था सुचारू करने के महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में कई अन्य औद्योगिक विकास परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई।

मुख्य अभियंता विद्युत वितरण, बरेली को निर्देश दिए गए कि उद्यमियों की विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह की 6 और 7 तारीख को मेगा कैंप आयोजित किए जाएं। साथ ही, प्रतिदिन उद्यमियों की समस्या के निस्तारण हेतु बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप पर




लाइन मेंटेनेंस से संबंधित स्टाफ की सूचना उपलब्ध कराने को कहा गया।

बैठक में एनएचएआई मुरादाबाद के अधिकारियों ने बताया कि औद्योगिक इकाइयों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था के लिए फतेहगंज के पास ग्राम टूलिया में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर दो ट्रक ले-बाय बनाने का 50 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यह कार्य आगामी माह के अंत तक पूर्ण करा लिया जाएगा।

रामा श्यामा पेपर मिल वाली रोड (एनएच-30 से बहादुरपुर मार्ग) के निर्माण के संबंध में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, बरेली ने अवगत कराया कि उक्त मार्ग को जिला पंचायत बरेली बोर्ड की बैठक में अनुपूरक योजना में शामिल कर लिया गया है। नवंबर 2025 में टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा में फायर स्टेशन की स्थापना के संबंध में अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अपर पुलिस महानिद. ेशक, उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवाएं, मुख्यालय, लखनऊ से सैद्धांतिक अनुमति हेतु पुनः अनुरोध किया गया है। हालांकि, यूपीसीडा द्वारा उपलब्ध कराई गई भूमि अग्निशमन केंद्र की स्थापना हेतु निर्धारित मानक से कम है। इस पर कमिश्नर ने आरएम यूपीसीडा को अग्निशमन केंद्र की स्थापना हेतु शेष भूमि उपलब्ध कराने और अगली बैठक से पूर्व प्रकरण का निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा विकसित की जाने वाली नाथ धाम एमएसएमई टाउनशिप में मिनी ट्रांसपोर्ट नगर बनाने के प्रस्ताव पर उपाध्यक्ष, बीडीए ने बताया कि माह जनवरी 2026 तक योजना लॉन्च होने की संभावना है। इस घोषणा पर उद्यमियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

बैठक में उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण डा. मनिकन्डन ए0, नगर आयुक्त, नगर निगम संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भण्डारी, संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेन्द्र कुमार, उपायुक्त उद्योग बरेली विकास यादव, उपायुक्त उद्योग शाहजहांपुर अनुराग यादव, उपायुक्त उद्योग पीलीभीत मुकेश कुमार, उद्यमीगण सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### ट्रक में घुसी कार, डॉक्टर की पत्नी की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर रविवार रात एक सड़क हादसे में डॉक्टर की पत्नी की मौत हो गई। बिहार से लौट रहा परिवार बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र में खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे में डॉक्टर और उनके परिवार के अन्य सदस्यों को मामूली चोटें आई हैं।

मृतक की पहचान 40 वर्षीय रश्मि के रूप में हुई है, जो राजश्री मेडिकल कॉलेज में कार्यरत डॉक्टर राकेश कुमार सिंह की पत्नी थीं। राकेश कुमार सिंह मूल रूप से बिहार के शेखपुरा के रहने वाले हैं। डॉक्टर सिंह अपनी पत्नी, बेटी और माता-पिता के साथ छठ पूजा के बाद बिहार से बरेली लौट रहे थे। लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर आलमपुर गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर एक खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस दुर्घटना में रश्मि की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राकेश के माता-पिता और बेटी को हल्की चोटें आईं। सूचना मिलने पर बिथरी चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने की निर्वाचन कार्यों की समीक्षा

**पंचायत नामावली पुनरीक्षण और मतदाता सूची अपडेट पर दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने पंचायत निर्वाचन नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण-2025 और विधानसभा व लोकसभा निर्वाचन की मतदाता सूची में चल रहे एसआईआर, एमएलसी निर्वाचन कार्यों की समीक्षा बैठक की। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में सबसे पहले बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की नामावलियों की तैयारी पर चर्चा हुई। उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि अब तक 2850 फॉर्म प्राप्त हुए हैं, और फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर है। जिलाधिकारी ने इन फॉर्मों की पात्रता की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भी गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान प्राप्त फॉर्मों की रैंडम जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए। साथ ही, सभी



ईआरओ व एईआरओ प्रतिदिन बीएलओ को संवेदनशील (सेंस्टाइज) करें। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण-2025 की समीक्षा के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं का बीएलओ के माध्यम से भौतिक सत्यापन के बाद उप जिलाधिकारी, एईआरओ द्वारा विलोपन की कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा, उप जिलाधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी गणना पत्रकों के अनुसार परिवर्धन, संशोधन और विलोपन के संख्यात्मक विवरण की फीडिंग सुनिश्चित करेंगे। ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों का बीएलओ द्वारा सत्यापन किया जाएगा, जिसके बाद उप जिलाधिकारी, एईआरओ लॉगिन से उन्हें स्वीकृत या अस्वीकृत किया जाएगा। इसी तरह, बीएलओ द्वारा ई-बीएलओ ऐप पर किए गए परिवर्धन, संशोधन और विलोपन को भी उप जिलाधिकारी, एईआरओ लॉगिन से स्वीकृत, अस्वीकृत किया जाएगा। वेंडर के माध्यम से परिवर्धन, संशोधन, विलोपन का डेटा फीड कराने हेतु हस्तलिखित पांडुलिपि सूची जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) को प्राप्त कराने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी ईआरओ व एईआरओ को कंप्यूटर ऑपरेटर लगाकर 24 नवंबर तक ड्राफ्ट नामावलियों की कंप्यूटरीकृत पांडुलिपि तैयार करने और कार्य को समय पर पूरा करने का आदेश दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी(वि/रा)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, समस्त उप जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मिट्टी में दबा मिला लापता युवक का शव

**सात दिन से लापता था, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शाही थाना क्षेत्र में सात दिन से लापता एक युवक का शव खेत में मिट्टी में दबा हुआ मिला। परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव सेवा ज्वालापुर निवासी 24 वर्षीय वीरेंद्र कुमार 27 अक्टूबर की रात बसावनपुर ब्रह्मदेव स्थल पर लगे दीपावली मेले से लापता हो गया था। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की थी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया, जिसके बाद बृहस्पतिवार को परिजनों ने पुलिस को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए प्रार्थनापत्र दिया था।

रविवार देर रात करीब दस बजे पुलिस को सूचना मिली कि मेला स्थल से लगभग आधा किलोमीटर पूर्व दिशा में खजुरिया गांव के नत्थू लाल के खेत में एक युवक का शव मिट्टी में दबा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार बिश्नोई पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया। शव सड़ा-गला होने



के कारण उसकी पहचान जूतों और कपड़ों से वीरेंद्र कुमार के रूप में हुई।

परिजनों ने आरोप लगाया है कि वीरेंद्र की हत्या करने के बाद शव को खेत में दबाया गया है। उसके पिता चुन्नीलाल और चचेरे भाई पुष्पेंद्र ने बताया कि वीरेंद्र चार भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ि था। वह हल्द्वानी में मजदूरी करता थि और इन दिनों गांव आया हुआ थे। परिजनों के अनुसार, वीरेंद्र की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। सूचना पर फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

### पुलिस ने 280 खोए मोबाइल फोन असली मालिकों को लौटाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पुलिस ने सोमवार को 280 गुम हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटा दिए। इन फोनों की अनुमानित कीमत लगभग 45 लाख रुपये बताई गई है। रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने इन फोनों को उनके स्वामियों को सौंपा।

एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर हर महीने गुम हुए मोबाइल फोन बरामद करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम जनता का खोया हुआ मोबाइल उसके वास्तविक स्वामी तक सुरक्षित पहुंच सके। अक्टूबर माह में इसी अभियान के तहत पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी सहयोग का उपयोग किया। थानों के कंप्यूटर ऑपरेटरों और सर्विलांस सेल की मदद से कुल 280 मोबाइल फोन बरामद किए गए। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि इस अभियान का लक्ष्य केवल मोबाइल बरामद करना नहीं है, बल्कि आम जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास और भरोसा कायम करना भी है। इस उत्कृष्ट कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों को भी सम्मानित किया गया। उन्हें 500 रुपये नकद और प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

सम्मानित होने वालों में थाना फरीदपुर से कं. अनुराग, थाना कैन्ट से अजय कुमार, थाना किला से अनुज कुमार, थाना बारादरी से वीरपाल, थाना सिरौली से आदित्य जावला, थाना भूता से निशांत शुक्ला, थाना शीशगढ़ से सुहैल, थाना नवाबगंज से प्रीतम और थाना हाफिजगंज से शालू शामिल हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# हजारों कुंतल आलू में हुआ करोड़ों रुपये का घोटाला

## आक्रोशित किसानों ने थाने से लेकर कोल्ड स्टोरेज परिसर में भूखे प्यासे पड़े रहने के बाद काटा हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिलहरी ।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव नरखेड़ा के निकट जंगल में पहली बार बनकर तैयार हुए आलू भंडारण करना आलू किसानों को महंगा पड़ गांव नरखेड़ा, वरखेडा, सकुटीया, थारा, काजी पुर, विलहत, सहोरा धीमरी, विनावर, भटौली, काजीपुर, औरंगाबाद माफी, रहमा, सिकरोडी, विजय नगला, पुठी, रसूलपुर, करतौली, औरंगाबाद माफी, मालगांव, मोहम्मद पुर विहार, मलिकपुर समेत, करीब तीस गांव के किसानो गाजी कोल्ड स्टोरेज में अपना अपना आलू भण्डार किया था किसानों ने थाने पर कोल्ड स्टोरेज स्वामी के खिलाफ तहरीर देते हुए बताया कोल्ड स्टोरेज स्वामी ने ने कोल्ड स्टोर बनकर तैयार होने के बाद पहली वार आलू भंडारण किया था



और किसानों ने तय किया कि आलू वोआई के समय पर किराया चुकता अपना अपना आलू निकाल कर खेतों मे समय से आलू वोआई हो जायेगी किसानों के मुताबिक किसान जब आलू निकासी को कोल्ड स्टोर गए तो जानकारी हई की किसानों का आलू तो कोल्ड स्टोर ने किसने की बिना सहमति के भेज दिया यह जानकारी धीरे-धीरे आलू भंडारण करने वाले सभी किसानों को हुई वह आक्रोशित हो गई एक राय होकर सभी थाने पहुंच गए किसानों ने करीब 35 से 40000 बोरा सभी किसानों का आलूथा जिसकी कीमत आज के समय मे साढ़े तीन करोड़ रुपए आंकी गई है। किसानों के हंगामा काटने पर पुलिस ने कोल्ड स्टोर स्वामी को हिरासत में ले लिया और पुलिस की मौजूदगी में रविवार को सभी किसानों के आलू के मूल्य के चेक होली पर भुगतान हो जाने की वात कसभकोल्डस्टोरेज परिसर में देने का वादा किया रविवार को सभी किसान कोल्डस्टोरेज परिसर में पहुंच गए जब वहां चेक नहीं मिले तो हंगामा काटने लगे फिर किसानों ने कोल्डस्टोरेज स्वामी और पुलिस के बीच वार्ता हुई तो उसने यह कह दिया रविवार होने की वजह से कुछ किसानों को चेक दे दिए गएहैं है बाकी किसानों को अगले चेक दिए जायेंगे इस मौके पर अशोक कुमार, राघवेंद्रसिंह, महेश सिंह , सुखपाल सिंह, हरपाल ,रामनाथ, श्रीपाल,कृष्ण पाल, अनिल कुमार, रामप्रसाद, गुड्डू ,देशराज, जगपाल, रो. हित यादव, जगपाल, राम मूर्ति आदि किसान मौजूद रहे। इस संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी अनित कुमार ने वताया कि कोल्डस्टोरेज स्वामी और आलू किसानों में सहमति हो गई है सहमति के अनुसार कोल्ड स्टोरेज स्वामी वाधा पूरा नहीं करताहै तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# सलारपुरः नाला नहीं होने से सड़क पर बह रहा है गंदा पानी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** विकासखंड सलारपुर में ग्राम प्रधान द्वार नाला नहीं बनाए जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश ग्रामीणों की शिकायत पर भी नाली निर्माण का कार्य नहीं हो रहा है ग्राम प्रधान द्वारा कोई किसी तरह की पानी निकासी के लिए कोई नाली नहीं बनवाई गई है जिससे घरों का पानी घरों के सामने रास्ते में जमा रहता है ग्राम प्रधान एवं उच्च अधिकारियों से कई बार आग्रह करने के बावजूद भी कोई किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई ग्रामीणों को नरकीय जीवन यापन करना पड़ रहा है सरकार का स्वच्छता भारत मिशन सलारपुर विकासखंड दम तोड़ता दिखाई दे रहा है कीचड़ एवं गंदगी के बीच होने वाले संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है विभागीय अधिकारियों द्वारा केवल स्वेच्छा सर्वेक्षण का ध्यान दिया गया बाद में कोई स्वच्छता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# कॉलेज में बेखौफ चोरों ने कार्यालय के ताले तोड़कर हजारों रुपये का सामान किया चोरी

## इंटर कॉलेज के आसपास देर रात तक आसामाजिक तत्वों का बना रहता है जमावड़ा, स्थानीय दुकानदारों में दहशत, शिकायतों के बाद ये पुलिस ने नहीं लिया संज्ञान



शाह टाइम्स संवाददाता

**सिलहरी।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के दातागंज तिराहा स्थित रामनरायण वैदिक इंटर कालेज में वेखौफ चोरों ने कार्यालय के ताले तोड़कर कार्यालय में लगा इन्वर्टर और वैटरी समेत हजारों रुपए का इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर ले गये घटना की तहरीर इंटर कॉलेज प्राधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद ने थाने पर दी लेकिन पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नही की है प्रधानाचार्या ने बताया विद्यालय परिसर के आसपास काफी समय से आज सामाजिक तत्वों का जमा वाबा लगा रहता है कॉलेज के आसपास स्थानीय दुकनदारों ने काफी समय से तिराहा पर शाम होते ही आसामा. जिक तत्वो की आवाजाही शुरू हो जाती है पहिले ही उक्त तिराहा पर कई दुकानों और एजेंसियो में चोरी की घटनाये हो चुकी है इस संबंध में इंस्पेक्टर क्राइम विजय सिंह ने घटना के संबंध तहरीर प्राप्त हो गई है जांच कर अभियोग पंजीकृत किया जायेगा।

# होमगार्ड के कंपनी कमांडर नरेश चंद्र को दी गई भावभीनी विदाई



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** नगर की कस्बा पुलिस चौकी के सामने कंपनी कार्यालय पर आयोजित विदाई समारोह में कंपनी कमांडर नरेश चंद्र शर्मा को अंग वस्त्र एवं बुक्के भेंट कर विदाई दी। इस दौरान होमगार्ड जवानों ने अपने संबोधन में कहा कि श्री शर्मा का कार्यकाल सराहनीय रहा है। अब इनकी कमी हम सब जवानों को महसूस होगी। श्री शर्मा अपने कर्तव्य और आचरण के धनी व्यक्ति हैं। इस दौरान कंपनी के समस्त होमगार्ड ने कंपनी कमांडर नरेश चंद्र शर्मा को फूल मालाएं पहनाकर बैंड बाजों के साथ भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर सहायक कंपनी कमांडर राजीव कुमार, पीसी देवेंद्र कुमार शर्मा, पीसी बबलू शर्मा, पूर्व पीसी नेमचन्द्र, उपेंद्र मिश्रा, खुशीराम, मो. रफी, हरीश चंद्र शर्मा, मोहकम सिंह, कमल सिंह, रतन सिंह, अरविंद कुमार, पवन कुमार, मुरारीलाल, गोपाल राम, किरन पाल, देवेंद्र कुमार, तोता राम, अनिल कुमार रस्तोगी अक्कू आदि मौजूद रहे।

# श्री जनता रामलीला कमेटी के भव्य मंच पर मेघनाद लक्ष्मण का हुआ संवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** संवाद तथा अंगद रावण संवाद का संजीव और प्रभावशाली मंचन किया गया। मंचन में कलाकारों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मेघनाद की भूमिका में संदीप रस्तोगी ने शौर्य और गर्व का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

वहीं लक्ष्मण के रूप में यशवर्धन रस्तोगी ने मर्यादा, धैर्य और धर्मनिष्ठा का उत्कृष्ट परिचय दिया। अंगद की भूमिका निभा रहे विकास वार्ष्णेय (बब्बू) ने रावण के दरबार में अपना अडिग पग रखकर वीरता और आत्मसम्मान का जीवंत चित्रण किया। रावण के रूप में गोपाल



वार्ष्णेय ने अपने प्रभावशाली संवाद और तेजस्वी अभिनय से मंच पर समा बाँध दिया। भगवान श्रीराम की भूमिका में शुभ वार्ष्णेय ने अपने सौम्य भावों और संतुलित संवाद शैली से दर्शकों का मन मोह लिया। मंचन के दौरान युद्धपूर्व संवादों की तीव्रता, अभिनय की भावनात्मक गहराई और संवाद अदायगी की शक्ति ने उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में जय श्रीराम के उद्घोष से सम्पूर्ण रामलीला परिसर गूँज उठा।

# डा. राकेश प्रजापति बने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता, समर्थकों में दौड़ी खुशी की लहर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** लखनऊ - समाजवादी पार्टी द्वारा आज देश के विभिन्न न्यूज चौनलों पर पार्टी का पक्ष रखने के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की लिस्ट जारी की । जिसमें बदायूं जनपद के बिसौली नगर के डॉ राकेश प्रजापति को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। इसके बाद उनके और समाजवादी पार्टी के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। लगातार समर्थकों द्वारा को डॉ राकेश प्रजापति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही है आपको बताते चलें डॉ राकेश प्रजापति बदायूं जनपद के किसी भी पार्टी द्वारा आजतक बनाए गए पहले व्यक्ति है जो राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए गए हैं। इसके साथ-साथ संपूर्ण भारत के किसी भी बड़े राजनी. तिक दल द्वारा प्रजापति समाज के पहले व्यक्ति को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। डॉ राकेश प्रजापति पहले से ही हमेशा समाजवादी पार्टी की पीडीए विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए पिछड़ों , शोषितों , वंचितों ,दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं , बेरोजगारों , युवाओं , शिक्षामित्रों , अनुदेशकों एवं अन्य संविदा कर्मचारियों की आवाज को हमेशा प्रमुखता से उठाते रहे हैं। डॉ राकेश प्रजापति उच्च शिक्षित होने के साथ-साथ ही वर्तमान में



इंटर कॉलेज में प्रवक्ता के पद पर भी कार्यरत हैं और प्रजा. पति समाज के राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। समाजवादी पार्टी के साथ-साथ प्रजापति समाज पर हो रहे अन्याय अत्याचार और उसकी भागीदारी हिस्सेदारी हक हकूक की आवाज को भी उनके द्वारा मजबूती से उठाया जाता है। डॉ राकेश प्रजापति ने राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए जाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल जी एवं प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो रामगोपाल यादव जी राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव जी मैनपुरी सांसद डिंपल यादव जी आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव जी , बदायूं सांसद आदित्य यादव का आभार व्यक्त किया है।

# नगर के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर एंटी रोमियो टीम ने अभियान चलाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** कोतवाली पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत महिला सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले स्थान पर एंटी रोमियो टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें संदिग्ध मानते हुए उन्हें सख्त चेतावनी देकर छोड़ा गया। पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है। उन्होंने बालिकाओं और महिलाओं को यह समझाया कि अगर कोई भी व्यक्ति उन्हें मानसिक या शारीरिक रूप से परेशान करता है



तो उन्हें चुप नहीं रहना चाहिए। सिंह ने जोर देकर कहा कि सरकार की नीति बहुत सख्त है। इसका मतलब है कि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें सजा दिलाई जाएगी। इस दौरान एसएसआई शिवेंद्र भदौरिया, महिला हेड कांस्टेबल प्रियंका, पीआरडी रीना, पीआरडी राज लक्ष्मी आदि उपस्थित रहे।

# एक नजर

# कन्या विवाह सहायता योजना में हुआ संशोधन

शाह टाइम्स ब्यूरो

बदायूं। सहायक श्रमायुक्त श्वेता गर्ग ने समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को जानकारी देते हुए बताया कि श्रम विभाग के अन्तर्गत उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित "कन्या विवाह सहायता योजना' में बोर्ड द्वारा 13 अक्टूबर 2025 को संशोधन किया गया है, जिसके अन्तर्गत पूर्व की व्यवस्था अनुसार विवाह के 03 माह के अन्दर आनलाइन आवेदन किया जाता था, वर्तमान व्यवस्था अनुसार ऑनलाइन आवेदन 06 माह के अन्दर किये जाने की व्यवस्था निर्धारित की गयी है तथा योजना अनुमन्य हितलाभ स्वाजातीय विवाह की स्थिति में रू0 55000/- हजार से बढ़ाकर रू0 65000/- हजार, अन्तर्जातीय विवाह की स्थिति में रू0 61000/- हजार से बढ़ाकर रू0 75000/- हजार एवं सामूहिक विवाह की स्थिति में रू0 75000 से बढ़ाकर रू0 85000/- कर दिया गया है एवं आवश्यक अभिलेखों में पूर्व के अभिलेख के अतिरिक्त संबंधित रजिस्ट्री कार्यालय से विवाह पंजीकृत होने की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया क उक्त योजना के अन्तर्गत वह सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिक पात्र होगें जो बोर्ड के अद्यतन 01 वर्ष की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके होगें तथा अपनी पुत्री के विवाह उपरान्त उपरोक्त व्यवस्था अनुसार आवदेन करना चाहतें हैं, वह अपना आवेदन ऑनलाइन upbocw-पद अथवा किसी नजदीकी जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से कर सकते हैं।

# एक बार फिर कांग्रेस हाई कमान ने ओमकार सिंह पर किया भरोसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** 3 नवंबर 2025 ,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओंकार सिंह को बदायूं जिले की पांचो विधानसभाओं का B]L,।1 और 115 शहर विधानसभा का B]L]। 1 मुन्नालाल सागर को दायित्व दिया है ।आज शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बदायूं जनपद के कोऑर्डिनेटर पूर्व उपाध्यक्ष माननीय प्रेम प्रकाश अग्रवाल जी ने ओंकार सिंह एवं मुन्नालाल सागर को प्राधिकार पत्र दिये।प्राधिकार पत्र मिलने के उपरांत ओंकार सिंह एवं मुन्नालाल सागर ने अपने प्राधिकार पत्र जिला उप निर्वाचन अधिकारी ।,D]M वैभव शर्मा को प्राप्त कराये।अब चुनाव प्रक्रिया से संबंधित पूरे जनपद में सारा कार्य इस दायित्व को मिलने के बाद प्रदेश कोऑर्डिनेटर ओमकार सिंह ही देखेंगे एवं पूरे जनपद के बूथों पर बी एल ए भी अपाइंट करेंगे। ओमकार सिंह ने कहा कि कांग्रेस हाई कमान ने जो भरोसा मुझ पर पुनः किया है मैं उनके भरोसे के अनुरूप उनकी अपेक्षा पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। दायित्व मिल रहे अवसर पर शहर कांग्रेस कार्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जितेंद्र कश्यप ,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व सचिव , जिला पंचायत सदस्य रजनी सिंह बागी, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेश राठौर, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वीरेश तोमर ,जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव डॉक्टर राम रतन पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव गौरव सिंह राठौर, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव इगलास हुसैन उपस्थित रहे।

# कलाबाज ने बाल कलाकारों के साथ कलाओं का किया प्रदर्शन



शाह टाइम्स संवाददाता

**आसफपुर।** स्थानीय त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज में परम्परागत नृत्य कलाओं का प्रदर्शन किया गया । इस दौरान पुराने ढर्रे पर नृत्य कलाओं में माहिर मुख्य कलाबाज महावीर सिंह के निर्देशन में बाल कलाकार पवन , अंकित , ललित ,हरीश , नरेंद्र आदि कलाबाजों ने देशभक्ति गीत के साथ चमत्कारी प्रदर्शन कर छात्र छात्राओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। हम आपको बता दें कि अब आधुनिक वैज्ञानिक युग में परम्परागत नृत्यकलाएं लुप्त होती जा रही हैं । इस कार्यक्रम में कालेज के प्रधानाचार्य करतार सिंह , प्रधान लिपिक सुमति पाठक , उप प्रधानाचार्य मनोज कुमार गंगवार , महेश पाल सिंह , अभिलाष मिश्रा , अखिलेश पाठक , शिव कुमार , श्यामसुंदर शर्मा , जयवीर सिंह यादव ,रामभरोसे लाल , राहुल वर्मा , सुनील कुमार , बृजेश यादव , सितारा बी, राजीव कश्यप , देवेंद्र सक्सेना , टेक सिंह सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहे ।

# थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह ने संभाला चार्ज



पत्रकार,व्यापारियों के साथ बैठक करते हुए।

शाह टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** नवागत थानाध्यक्ष वजीरगंज सुरेन्द्र कुमार सिंह ने चार्ज लेने के वाद रिपोटिंग पुलिस चौकी बगरैन पर पत्रकारो व्यापारियों प्रधान तथा जनप्रतिनिधि एवम क्षेत्र के संभ्रान्त लोगो के साथ बैठक कर परिचय किया क्षेत्र की समस्याओ से अवगत हुए हर सम्भव मदद का दिया भरोसा । वही आईरा जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिह कठेरिया तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष बगरैन ने अपनी टीम के साथ नवागत थानाध्यक्ष का स्वागत किया।


## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Emil mkkhan 741@gmail-com


# डीएम ने मेला ककोड़ा में की अधिकारियों के साथ बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिलाधिकारी बदायूँ द्वारा रुहेलखण्ड के मिनी कुंभ के रूप में विख्यात ककोड़ा मेला में गंगा घाट का स्थलीय निरीक्षण कर कार्तिक पूर्णिमा पर होने वाले स्नान की तैयारियों की समीक्षा की गई ।

। मेले को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु डियूटी पर लगे समस्त अधि0/ कर्म0गण को ब्रीफिंग कर आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही साथ ही जिलाधिकारी ने घुड़सवारी कर क्षेत्र का मेला कपड़ा क्षेत्र का भ्रमण किया वह की गई तैयारी का जायजा भी लिया



वह संबंधित अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए उन्होंने कहा कि मेले को सकुशल संपन्न करने के लिए सभी अधिकारी दिए गए दायित्वों का भली प्रकार निर्माण करें उन्होंने जनपद वासियों से अपील की की वैदिक से अधिक संख्या में मेला कपड़ा में आकर धर्म लाभ प्राप्त करें। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# नया बिजली कनेक्शन पाने को सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की हठधर्मिता के चलते कस्बा निवासी राहुल राज नया बिजली कनेक्शन पाने को थक हार कर सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत को मजबूर हो गए। पीड़ित राहुल राज के अनुसार वह पिछले कई माह से नया विद्युत कनेक्शन लगवाने को कई बार संबंधित बिजली घर में उनके द्वारा आवेदन किया गया। जिसे संबंधित अधिकारियों द्वारा खारिज कर दिया गया। इसके बाद प्रार्थी द्वारा बार-बार शिकायती पोर्टल 1912 पर कॉल द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई। उन शिकायतों का निस्तारण बिना प्रार्थी को सूचित किए कर दिया गया । जो कि न्यायहित में कतई गलत है। इससे आहत होकर प्रार्थी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपनी शिकायत जिलाधिकारी से की है। बिजली विभाग की कार्य प्रणाली से एक व्यक्ति नया उपभोक्ता बनने को भटक रहा है। बिजली विभाग की इस कार्य प्रणाली से प्रार्थी के मुहल्ले के बिजली उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। अब देखना है राहुल राज को कब तक नया बिजली कनेक्शन मिलता है।

# बिसौली में देवउठनी एकादशी धूमधाम से मनाई गई, मंदिरों में जले दीपक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** नगर में देवोत्थान एकादशी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। दियों की रोशनी से घर आंगन जगमगा उठे। महिलाओं ने दिनभर व्रत रखा। शाम को माता तुलसी और भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की। मंदिरों में दीये जलाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। लोगों ने मंदिरों और घरों में देवों का उत्थापन कर भगवान विष्णु का पूजन किया। घरों में गन्ने से देवी लक्ष्मी का स्वरूप बनाया गया, वहीं मंदिरों में तुलसी मैया और भगवान शालिग्राम का विवाह संपन्न कराया गया। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में घरों को विशेष रूप से सजाया गया।



लोगों ने तुलसी मैया का पूजन किया और घरों के साथ-साथ मंदिरों तथा पीपल के वृक्षों के पास दीपक जलाएं। देवी लक्ष्मी के पूजन के लिए बाजारों में गन्ने और सिंघाड़े की खूब बिक्री हुई।

## मुख्य स्नान कल

# 35 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता

**शाह टाइम्स संवाददाता, तिगरीधाम।** गंगा धाम तिगरी में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मुख्य स्नान कल होगा। मुख्य स्नान पर 35 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान है। पुलिस ने श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या देखकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। इस समय तिगरी गंगा मेले में 25 लाख श्रद्धालु डेरा डाले हुए हैं।

मुख्य स्नान के लिये आज गुरूवार से भीड़ उमड़नी शुरू हो जायेगी। तिगरी गंगा मेला इस समय अपनी पूरी रौनक पर है। लाखों श्रद्धालुओं ने तिगरी धाम में तंबु लगाकर कई दिन से प्रवास किया हुआ है। घाटों और बाजारों में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ रही है। इस बार मुख्य स्नान 05 नवम्बर को होगा, अनुमान है कि मुख्य स्नान पर 35 लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगाएंगे। गुरूवार की सुबह से ही तिगरी धाम की ओर श्रद्धालुओं का उमड़ना प्रारंभ हो जायेगा। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मुख्य स्नान की पूर्व संध्या पर उमड़ने वाली भीड़ से तिगरी मार्ग पर हर बार की तरह इस बार जाम

**वापसी के चलते न रहे जाम, इस पर भी विशेष ध्यान**

के हालात न बनें, इस बिंदु पर भी पुलिस पूरी तरह से काम कर रही है। कुमराहा तिराहा तक कई स्थानों पर बैरियर लगाए जाएंगे, और जो कि वाहन चालक अपनी लेन से हटकर दूसरी लेन में जाएगा तो उसके विरूद्ध कार्यवाही भी की जायेगी। डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी अमित कुमार आनंद लगातार मेला क्षेत्र में भ्रमण करके श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधाओं व अन्य सभी बिंदुओं पर नजर रखे हुए हैं। तिगरी मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। वहीं पुलिस के अलावा पीएसी और अन्य सुरक्षा एजेंसिया भी मेला क्षेत्र में सक्रियता से कार्य कर रही हैं। इस बार गंगा के जल की गहराई भी ज्यादा है, इसलिए पीएसी के जवान भी स्टीमर से लगातार पैट्रोलिंग कर रहे हैं।

## तिगरी गंगा मेले में शौचालय के टैंक में गिरा युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** तिगरी गंगा मेले में बनाए गए अस्थायी शौचालय में एक युवक गिर गया। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने युवक को बाहर निकलवाया और उसे पानी आदि से धुलवाया। तिगरी गंगा मेले में सेक्टर संख्या 17 में एक युवक अस्थाई शौचालय के बने टैंक में गिर गया। यह देखकर आसपास के श्रद्धालुओं ने शोर मचाया। सूचना मिलते ही पास की पुलिस पहुंच गई और युवक को बाहर निकलवाया और पानी से धुलवाया। जिसके बाद उसकी हालत ठीक हुई। मेला कोतवाली प्रभारी कर्णपाल सिंह ने बताया कि युवक नशे की हालत में था, जो कि अस्थाई शौचालय के टैंक में गिर गया था, जिसे पुलिस ने तुरंत बाहर निकवाया।

# गंगा के आंचल में वसी तंबुओं की नगरी

### कई किलोमीटर वर्ग क्षेत्रफल में लगता है तिगरी मेला, आस्था व मस्ती में डूबे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गंगा की रेतीली हजारों बीघा भूमि पर तंबुओं की नगरी वस चुकी है। श्रद्धालुओं का उल्लास पूरे उत्साह पर है। इस समय गंगा के आंचल में लाखों लोग हर हर गंगे का उदघोष करते हुए आस्था व मस्ती में डूबे हुए हैं।

गंगा की विशाल रेतीली जमीन पर हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले इस ऐताहासिक मेले में इस समय पूरी रौनक है। कई किलोमीटर की परिधि में लगने वाले इस मेले में अब जिधर भी देखो वहां तक तंबु ही तंबू नजर आ रहे हैं। हर तरफ श्रद्वालुओं के जयकारे जयकारों की आवा. जें गूंज रही हैं तो वहीं साधु संतो के शिवि. रों और डेरों से भक्ति की सुगंध फूट रही है। मेले में दर्जनों की संख्या में भंडारे, अन्न क्षेत्र व भक्ति सेवा शिविर भी लगे हैं। बड़े झूले या ऊंचाई के स्थल से देखने पर मेले की विशालता का अनुमान होता है। छोटे बड़े तंबुओ से घिरी इस नगरी का रूप शोभायमान लगता है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु जाति बिरादरी से इतर होकर आपस में प्रेम और सहयोग के साथ गंगा मैया की भक्ति में डूब जाते हैं। 21 सेक्टरों में बंटे इस मेले में आज सोमवार को कोइ मार्केट और तमाशा ऐसा नहीं था जहां पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ न हो। मेले में डेरों से उठने वाली खिचड़ी की सुंगध मन को मोहित करती है। मेले में जातिवार व राजनैतिक शिविरों में सभाओं का संचालन शुरू हो गया है। मेले में बैलगाड़ियों व ट्रैक्टर से पहुंचने वालों का सिलसिला आज भी जारी रहा। भीड़ का जन सैलाब मंगलवार को बढ़ जाएगा क्योंकि मुख्य स्नान 05 नवम्बर बुधवार को है और पर्व से एक दिन पहले ही श्रद्धालू तिगरी मेला पहुंच जाते हैं। पूरे दिन व रात को मेला देखकर भोर में स्नान करके अपने घर वापसी करते हैं। मेले में आई युवतियां अपने हाथों पर मेहंदी व रंग के तरह तरह के डिजाईन बनवा रहीं हैं। श्रद्धालुओं का उत्साह पूरे शबाब पर है।

**आस्था के श्रद्धालु करते हैं मौजमस्ती**

**इस बार मेले की लंबाई है अधिक और चौड़ाई कम**

गंगा मेले में इस बार मेला क्षेत्र की लंबाई अधिक है और चौड़ाई पिछले सालों के मुक. ाबले कम है, क्योंकि इस बार गंगा ने तिगरी गांव की तरफ अधिक कटान किया था। इस कारण चौड़ाई घट गई, यही कारण है कि मेला इस बार कांकाठेर दिशा में कई किलोमीटर तक पहुंच गया है। खेतों में खड़ी करीब एक हजार बीघा फसलों को भी जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर कटवाया गया। दो सौ बीघा से अधिक खेत एक प्रशासनिक अधिकारी का था, इसके अलावा करीब आठ सौ बीघा भूमि ग्रामीणों की थी।



गजरौला। गंगा मेले तिगरी में दूर दूर तक दिखाई देते तंबु और दुकानें।



गजरौला। गंगा में स्नान कर पुण्य कमाते श्रद्धालु।

## गंगा घाटों पर स्नान को उमड़े श्रद्धालु

### तैराकी का भी लिया आनंद, प्रसाद चढ़ाकर मां गंगा से मांगा आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गंगा घाटों पर स्नान करने का सिलसिला आज भी जारी रहा। गंगा के स्नानघाटों पर आज भारी भीड़ रही। युवक युवतियों ने तो पानी में खूब मस्ती की।

गंगा के शिवघाट पर ही सर्वाधिक श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। यहां पर युवक युवतियों की टोलियों ने पानी में खूब उछल कूछ की तो वहीं एक दूसरे पर पानी फेंककर जमकर छपाक छई की। युवक युवतियों की टोली ने घंटो तक गंगा में स्नान किया। उनके चेहरे पर स्नान की मस्ती अलग ही देखने को मिल रही थी। मेले में सर्वाधिक भीड़ या तो स्नान घाट पर देखने को मिलती है या फिर बाजारों में। आज घाटों पर भारी भीड़ का आलम रहा। दूर दूर तक श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिखाई दिये। युवाओं की टीम ने पानी में टयूब पर बैठकर तैराकी भी तो पानी की धार कम गहरी होने के कारण उसे पार करके टापू तक पहुंच गये, उधर रोज की भांति आज भी गंगा में पैट्रोलिंग कर रही पीएसी ने गहरे जल की ओर नहाना चाह रहे श्रद्धालुओं को वहां से हटाया। सदर रोड स्थित दोनों वीआईपी घाटों पर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी संख्या देखने को मिली। इस बार मेला क्षेत्र में प्रशासन द्वारा 21 स्नान घाट बनाए गए हैं, जिनके नाम भी महापुरूषों और देवी देवताओं के नाम पर रखे गए हैं। गंगा मैया के कई पर्यायवाचियों के नाम भी घाटों के रूप में अलंकृत किए गए हैं। घाटों पर दिन भर उल्लास का माहौल रहा।

## कार्तिक त्रयोदशी के अवसर पर बच्चों के कराए मुंडन संस्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** कार्तिक त्रयोदशी पर परम्परागत रूप से श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों के मुंडन संस्कार कराए। सोमवार को परिजन अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराने ढ़ोल नगाड़ों के साथ गंगाघाटों के किनारे पहुंचे। बच्चों का मुंडन संस्कार कराकर उन्हें स्नान कराया। तिगरी गंगा मेले पर बच्चों का मुंडन संस्कार करवाने की परंपरा भी है। बहुत से श्रद्धालु अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी यहां करवाते हैं। जिसके चलते सोमवार को बच्चों के मुंडन संस्कार करवाए गए। इस दौरान गंगाघाटों पर मुंडन संस्कार करवाने वालों की भीड़ लगी रही। चतुर्दशी व उसके बाद पूर्णिमा के दिन भी बच्चों का मुंडन संस्कार करवाए जाएंगे। पंडित गंगासरन शर्मा ने बताया कि हिन्दू धर्म में बच्चों के मुंडन संस्कार कराने का विशेष महत्तव माना जाता है।

## महाभारत युग से चली आ रही है दीपदान की परम्परा

# गंगाधाम तिगरी में आज होगा दीपदान

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** दिवंगतों की आत्मा शांति के लिए मंगलवार को कार्तिक चतुदर्शी के दिन गंगा तट पर दीपदान किया जाएगा। दीपदान की यह परम्परा महाभारत काल से चली आ रही है। परम्परागत कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर दीपदान होता है। इस बार 05 नवम्बर को मुख्य स्नान है, इसीलिए आज मंगलवार को दीपदान होगा। गंगा तट पर संध्या के समय श्रद्धालु दिवंगत आत्माओं की दीपदान करेंगे। शास्त्रों के अनुसार दीपदान की परम्परा कोई आज की नहीं है। महाभारत काल में युद्ध के दौरान लाखों की संख्या में सैनिक व कौरव मारे गए थे। श्रीकृष्ण ने पांडवो



से आह्वान किया था कि मृतक सैनिकों व कौरवों की आत्मा शांति के लिए दीपदान करें, तब पाण्डव गढ़ तिगरी मेले में दीपदान करने आए थे, तब से ही कार्तिक चतुर्दशी के दिन दीपदान की प्रथा चली रही है। इस दिन दान आदि का भी विशेष महत्तव है। कार्तिक चतुर्दशी व कार्तिक पूर्णिमा के दिन दान करने से परिवार में सुख, स्मृद्धि मिलती है तो वहीं मन को आत्मिक शांति का भी अनुभव होता है। रेलवे स्टेशन निवासी पंडित दयानंद शर्मा दीपदान के महत्तव के बारे में बताते हैं कि वर्ष भर में किसी व्यक्ति का कोई परिजन दिवंगत होता है तो प्रा. चीन मान्यता के अनुसार कार्तिक चतुर्दशी पर उसकी स्मृति में दीपदान किया जाता है। दीपदान की यह परम्परा महाभारत काल से चली आ रही है। वहीं सोमवार को तिगरी गंगा मेले में दीपदान के लिए प्रयोग होने वाली कण्डी बनाने का काम कारीगरों द्वारा किया गया। मंगलवार को दीपदान करने के लिए घाटों पर पुरोहितों की भी काफी संख्या रहेगी।

## बाजारों में उमड़ी महिलाओं की भीड़




**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** तिगरी गंगा मेले में मीना बाजार में महिलाओं व युवतियों की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं व युवतियों ने चूड़ियां, कंगन समेत सौन्दर्य प्रशाधन के सामान की खरीददारी की। तिगरी गंगा मेले में इस समय श्रद्धालुओं का उल्लास देखने लायक है। बच्चे मेले में लगी खेल खिलौनों की दुकानों से जमकर खरीददारी कर रहे हैं। युवा खेल का सामान और कपड़े आदि खरीद रहे हैं। खाने पीने की दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिल रही है। पिज्जा, बर्गर, चाप के भी स्टॉल लगे हैं। साफ्टी और कॉटन कैंडी की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है। पान के शौकीनों के लिए मीठा पान भी उपलब्ध है। गन्ने का जूस, मौसमी का जूस और जलजीरे के स्टॉल पर भीड़ देखने को मिल रही है।

# एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



गजरौला। तिगरी के अग्निशमन केन्द्र पर खड़ीं गाड़ियां।

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने सोमवार को तिगरी मेले को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मेला स्थल, गंगा घाटों, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, मेला पुलिस कोतवाली, पार्किंग स्थलों, ड्रोन निगरानी प्रणाली, यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर मुख्य मार्गों, बैरियरों, प्रवेश एवं निकास मार्गों पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

एसपी ने सोमवार को तिगरी मेले को शांतिपूर्ण एवं सकुशल रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मेला क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गंगा घाटों, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, मेला पुलिस कोतवाली, पार्किंग स्थलों, ड्रोन निगरानी प्रणाली, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधन का बारीकी से जायजा लिया। एसपी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम में जाकर निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा वहां तैनात पुलिसकर्मियों को कैमरों के माध्यम से भीड़ की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने, संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। बताया कि मेला क्षेत्र में ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी

**अधीनस्थों को दिए सतर्कता के साथ ड्यूटी के निर्देश**

लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बन सके। उन्होंने यातायात व्यवस्था का भी स्वयं मौके पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य मार्गों, बैरियरों, प्रवेश एवं निकास मार्गों पर तैनात पुलिसकर्मियों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कहा कि श्रद्धालुओं को यातायात में किसी प्रकार की असुविधा न हो । सभी पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे शालीन व्यवहार, सतर्कता और समन्वय के साथ ड्यूटी करें तथा आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। एसपी ने अश्व पर बैठकर मेला क्षेत्र का भ्रमण भी किया और पुलिस अधिकारियों से बातचीत की।



## तिगरी मार्ग पर रहे जाम के हालात

**शाह टाइम्स ब्यूरो गजरौला।** तिगरी गंगा मेले में सोमवार को भारी तादात में श्रद्धालुओं ने प्रस्थान किया, यातायात का दबाव बढ़ने से जाम के हालात बन गए। पुलिस ने वीएआईपी पास लगे वाहनों को भी ढ़लान संख्या 04 की ओर मोड़ दिया। इस कारण अनेकों श्रद्धालुओं की पुलिस से नोंकझोंक भी हुयी।

तिगरी मार्ग पर मोहरकापट्टी के मोड़ के पास लगे बैरियर से स्वगत द्वार तक जाम के हालात बन गए। बैरियर पर तैनात पुलिस और यातायात विभाग के कर्मियों ने ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ साथ ही वीआईपी पास लगी गाड़ियों को भी ढ़लान संख्या चार की ओर मोड़ दिया। इस पर काफी श्रद्धालुओं ने रोष जताया, पर पुलिस ने तर्क दिया कि जाम समाप्त करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। गंगा रोड पर भी पुलिस ने इस बार चामुंडा मंदिर के समीप बैरियर लगवाया। मुख्य द्वार से यदि कोई गाडी यहाँ तक पहुँच भी गयी तो उसे वापस किया गया

# गंगा पूठ घाट मेले का हुआ विधिवत् शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** तहसील क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले पूठ गंगा मेले का शुभारंभ सोमवार को विधिवत पूजा अर्चना के साथ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने किया। गंगा में दुग्धाभिषेक कर गंगा मैया को नमन किया। इस दौरान मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सोमवार को विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने पूठ गंगा घाट पर पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगा मैया का पूजन किया और गंगा में दुग्ध अभिषेक कर मेंले का शुभारंभ किया। गंगा मैया का पूजन विधिवत पूजन और हवन यज्ञ के साथ कराया। इस दौरान घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर स्नान के लिए की गई बैरीकेटिंग का जायजा लिया।विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। मेले में पर्याप्त पुलिस फोर्स तैनात रहनी चाहिये। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि कोई भी श्रद्धालु बैरीकेटिंग से आगे बढ़कर गंगा में स्नान न करें। गहरा जल होने की वजह से कोई भी हादसा हो सकता है। मेले में साफ-सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये गये। कहा कि मेले में महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाये। मेले में चाट पकौड़ी खेल खिलौने और विभिन्न प्रकार के झूले लगाये गये हैं। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा भी कैंप लगाये गये हैं। इस मौके पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी, सीओ दीप कुमार पंत, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह,देवेंद्र खड़कवंशी, संजय राणा, ग्राम प्रधान करन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## दीपदान पर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़



# दादा मियां के उर्स में जायरीनों की रही भीड़, कुल शरीफ में उलेमा ने मांगी तरक्की, खुशहाली की दुआ



शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** क्षेत्र के बिजारखाता में खानपुर उत्तरी मार्ग पर हजरत भट्टे वाले दादा मियां के उर्स में जायरीनों की काफी भीड़ रही।

उर्स के पहले दिन कुलशरीफ में अकीदतमंदों की दरगाह पर हाजिरी के लिए भारी भीड़ रही सोमवार को खानपुर उत्तरी मार्ग पर स्थित भट्टे वाले दादा मियां के उर्स के मौके पर जायरीन की काफी भीड़ रही। तमाम जायरीन ने दरगाह पर पहुंचकर चादरपोशी की और मन्नते मांगी।

जौहर की नमाज के बाद गद्दीनशीन जुनैद मियां की अगुवाई में कुल शरीफ का आगाज हुआ। मदरसा शमशुल इस्लाम के प्रधानाध्यापक कारी दिलशाद रजा नूरी, अड्डे वाली मस्जिद के इमाम कारी मोहम्मद आसिफ, मजहरया मस्जिद के इमाम कारी मोहम्मद इलयास, ने कुलशरीफ में कौम और मुल्क की तरक्की के लिए हाथ उठाए। और अमन चौन, खुशहाली की दुआएं मांगी गई।

जबकि इससे पूर्व उलेमाओं ने नमाज की पाबंदी करने , और बुरी आदतों से बचने, बलियों के अपनाए रास्ते पर चलने का आहवान किया गया। इस मौके पर हाफिज अमजद अली, नामे अली, अनीस, राहतजान, कफील पाशा, नन्हे पाशा, समेत आसपास के जायरीन शामिल रहे।

# गृहमंत्री ने खुलेमंच से बिहार चुनाव में राज्यमंत्री संजय गंगवार की मेहनत को सराहा

## राज्यमंत्री संजय गंगवार का बिहार में जलवा कायम, उनकी मेहनत का सराहा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** बिहार विधानसभा चुनाव में मधुवनी लोकसभा सीट के अन्तर्गत आने वाली विधानसभा सीटो के प्रचार हेतु चुनाव प्रभारी बनाये गये प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार का जलवा कायम है।

सोमवार को मधुवनी लोकसभा क्षेत्र में केन्द्रीय गृहमंत्री अमितशाह की हुई विशाल रैली और जनसभा में राज्यमंत्री संजय गंगवार की मेहनत उस समय साफ तौर पर दिखाई दी जब गृहमंत्री अमित शाह ने खुले मंच पर राज्यमंत्री गंगवार के चुनाव प्रचार में तोड़ मेहनत पर उनकी खुले कंठ से सराहाना कर उनकी पीठ थपथपाई इतना ही नही ग्रह मंत्री अमित शाह ने उनको भरे मंच पर आगे बुलाकर जनता से रूबरू कराया। राज्यमंत्री संजय गंगवार के प्रति गृहमंत्री अमित शाह का यह दृष्टिकोण यह दर्शाता है कि राज्यमंत्री संजय गंग. वार का कद बढ़ा हुआ है।

राज्यमंत्री संजय गंगवार एनडीए प्रत्याशियों की जीत की राह आसान करने में लगातार प्रयास कर रहे है। ज्ञात रहे की भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने राज्यमंत्री संजय गंगवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मधुवनी जिले में आने वाली दो लोकसभा सीटो मधुवनी एवं झंझारपुर का चुनाव प्रभारी बनाया है।

संजय गंगवार बिहार विधानसभा चुनाव तारीखे घोषित होने के बाद से ही चुनाव प्रचार हेतु मधुवनी लोकसभा सीटो के एनडीए के घोषित प्रत्याशियों के समर्थन में तावड़तोड़ जनसभाऐं कर उनके पक्ष में चुनाव जिताने हेतु माहौल बनाने में जुटे हुए है।

गृह मंत्री अमित शाह की सोमवार को हुई विशाल रैली एवं जनसभा में मधुवनी लोकसभा क्षेत्र के सांसदो, विधायको एवं पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत हादी अकैडमी जूनियर स्कूल थाना कोतवाली जनपद रामपुर में मिशन शक्ति टीम द्वारा एनसीएल जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को नए भारत का नए कानून के बारे मे जानक. ारी दी गई। जिनमें जीरो एफ आई आर, ई एफ आई आर, समयबद्ध न्याय महिला एवं बाल संरक्षण प्रावधान नए अपराध की परिभाषा प्रौद्योगिकी एवं फॉरेंसिक के उपयोग से संबंधित पहलुओं पर विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में महिला उप निरीक्षक निशु, महिला हेड कांस्टेबल चिंकी यादव, महिला कांस्टेबल सोनिका और ज्योति व कांस्टेबल सम्मी देओल ने प्रमुख भूमिका निभाते हुए बालिकाओं को नारी सम्मान स्वावलंबन एवं सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ हेल्पलाइन नंबर 1090,1930,112,101,102,181 आदि के बारे में जागरूक किया कार्यक्रम का उद्देश्य था कि महिलाएं अपने अधिकारों को जाने और अपराधिक घटनाओं के प्रति सजग रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह में डा.सीपी शर्मा हुए सम्मानित





शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह में मिलक निवासी डॉक्टर चंद्र प्रकाश शर्मा को विभूषण श्री सम्मान से के. बी. हिंदी सेवा न्यास द्वारा बदायूं के बिसौली नगर में उत्तरीय, ट्राफी, प्रमाणपत्र के साथ रु. 2100/-की नकद धनराशि भेंट कर सम्मानित किया गया। देश के 50 तथा नेपाल के 2 साहित्यकारों के साथ डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा को हिंदी साहित्य क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के दृष्टिगत सम्मानित किया गया। ध्यातव्य है कि डॉक्टर चंद्र प्रकाश शर्मा को इस वर्ष 2025 में कोलकाता से भारत रत्न गौरव सम्मान ,राजस्थान में भारत श्री सम्मान ,वृंदावन में सर्वभाषा साहित्य गौरव सम्मान तथा सेना से राष्ट्र गौरव सम्मान प्राप्त हो चुका है। आपका लेखन लौकिकता के साथ दर्शनिकता, तार्किकता और वैज्ञानिकता से ओत-प्रोत होता हैं जो आपका वैशिष्ट्य है इसीलिए आपके लेखन को प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने भी सराहाया है। डॉ. शर्मा को यह पुरस्कार केबी हिंदी सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉक्टर सतीश चंद्र शर्मा श्सुधांशुश द्वारा साहित्य भूषण डॉ. मिथलेश दीक्षित, प्रो. प्रबोध कुमार गो. विंद, डॉ.अखिलेश पालरिया, एडीजी (बीएसएफ) मनोहर लाल बाथम, वरिष्ठ साहित्यकार रामकृष्ण वि. सहत्रबुद्ध की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

## ब्लॉक के नवनिर्मित सभागार का हुआ भव्य उद्घाटन



शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** विकासखंड पूरनपुर में नवनिर्मित ष्सभागारष् का मुख्य अतिथि विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान से फीता काटकर उद्घाटन किया और क्षेत्र से पधारे क्षेत्र पंचायत सदस्यों व प्रधानो की बैठक को संबोधित किया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, खंड विकास अधिकारी पूरनपुर, नरेश पाल सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष, बहादुर सिंह उपाध्यक्ष गन्ना समिति, कौशल बाजपेई, अनुपम बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# महिला वर्ल्ड कप जीत पर मनाया जश्न: खेलप्रेमियों ने बांटी मिठाई



शाह टाइम्स संवाददाता

**टांडा ( रामपुर )।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराकर वनडे वर्ल्ड कप पर कब्जा जमा लिया। टांडा में भी रातभर घरों में जश्न चला, तो सुबह मस्जिद कौहना इलाके में उल्लासपूर्ण माहौल बन गया। युवा मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दे रहे थे। जैसे ही भारत की जीत हुई, फोन के जरिए मुबारकबाद का सिलसिला शुरू हो गया,जो रातभर चलता रहा। सुबह सूरज निकलते ही मोहल्ला मस्जिद कौहना में खेलप्रेमी इकट्ठा होगए।नेहरू क्रिकेट क्लब के कप्तान मु. रजी,सईद सागर और साथी खिलाड़ियों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। लोग एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दे रहे थे।

इस मौके पर कमेंटेटर मुहम्मद सईद सागर, अज्जद, नौशाद अली, अलकमा, मु. रियाज, मु. कमाल, मुजफ्फर अली, अनस, मु. फरहान, रिफाकत अली, फिरसत अली, याहया शान और रिहान अली आदि खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# टाण्डा में झंडा चौक पर जेवर से भरा बैग छीनने का मामला, एक हिरासत में

शाह टाइम्स संवाददाता

**टांडा ( रामपुर )।** नगर के झंडा चौक पर 26 अक्टूबर को दोपहर दो परिचितों ने नगर के मोहल्ला नीम निवासी अब्दुल वाजिद को चाय पिलाने के बहाने बुलाकर तमंचे की नोक पर सोने के जेवर और नकदी से भरा बेग छीन लिया था,घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने तीसरे साथी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी थी,पुलिस ने उक्त प्रकरण में सोमवार को एक आरोपी को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला नीम निवासी अब्दुल वाजिद 26 अक्टूबर को दोपहर करीब तीन बजे अपने हिंदुस्तान राइस मिल से काम निपटाकर झंडा चौक पहुंचा। तभी दो परिचितों ने उसे रोक लिया।

आरोपियों में एक राहुपुरा और दूसरा मोती नगर निवासी बताया गया है। उन्होंने वाजिद से कहा कि चलो होटल में चाय पीते हैं। वाजिद के हाथ में एक बैग था, जिसमें शादी के जेवर और नकदी रखी थी।

होटल में बैठते ही एक आरोपी ने तमंचा निकाल लिया और वाजिद को धमकाते हुए बैग छीन लिया। इसी दौरान उनका तीसरा साथी पहले से मोटरसाइकिल स्टार्ट कर खड़ा था। तीनों लुटेरे बैग लेकर भाग निकले।

पीछा करने पर उन्होंने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुटे, लेकिन तब तक आरोपी तेजी से निकल चुके थे।

पीड़ित ने घटना की सूचना कोतवाली में दी और तहरीर सौंप दी। पुलिस ने सोमवार शाम कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ जारी है।

## एक नजर

### पुलिस ने दो वारंटी किए गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक /रामपुर।** कोतवाली पुलिस द्वारा आज दो वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक जनपद रामपुर के कुशल नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज दो वारण्टी अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।

रूपसिंह पुत्र ठाकुरदास निवासी ग्राम पुरैनिया कला थाना मिलक जनपद रामपुर धारा 125(3) द.प्र.सं. न्यायलय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रामपुर और पप्पू उर्फ चन्द्रपाल पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम सिहारी थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित धारा 60(1) आबकारी अधि. मा. न्यायालय एसीजे एस.डी. 2 रामपुर को मस्कन से गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय रामपुर भेजा गया।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य 6 नवम्बर को विकास भवन में करेंगी जनसुनवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी 06 नवम्बर, 2025 को विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई करेंगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी 06 नवम्बर को पूर्वान्ह 11:00 बजे से आयोजित महिला जनसुनवाई के दौरान महिलाओं की विभिन्न प्रकार की उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतों एवं समस्याओं को सुनेंगी, इसके बाद महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित जनपद के विभिन्न संस्थान जैसे सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और बालिका/महिला गृह व आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण भी करेंगी।

राज्य महिला आयोग के स्तर से जनसुनवाई एवं महिलाओं व बालिकाओं से जुड़े संस्थाओं के निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यही है कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों पर प्रभावी रोकथाम हो और दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

### स्कूल जा रहे बच्चों की स्कूटी में वैन ने टक्कर मारी बच्चे घायल

शाहटाइम्स संवाददाता

**स्वार।** सोमवार कोतवाली क्षेत्र के पीपलसाना गांव निवासी भारतीय किसान यूनियन के जिला सलाहकार सलामत जान के दो बेटे मेराज अली और अली अहद सोमवार की सुबह लगभग आठ बजे स्कूटी से स्वार स्थित स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान ब्लॉक कार्यालय के सामने एक वैन चालक ने ओवरटेक करते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से दोनों बच्चे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल उनकी मदद की और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों बच्चों को निजी डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले गए।

हादसे में स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। फिलहाल इस घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

### गाली गलौज मारपीट धमकी देने में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** घर में घुसकर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा निवासिनी यादवती ने कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें आरोप है कि नरेश अरविंद परविंदर मेरे घर में घुसकर गाली गलौज कर रहे थे मेरे पति तेजेंद्र ने जब इसका विरोध किया तो इन तीनों लोगों ने मेरे तथा मेरे पति के साथ मारपीट गाली गलौज देना शुरू कर दिया। पड़ोस के लोगों को आता देख यह तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गई। महिला यादवती की तहरीर पर इन तीनों के खिलाफ हुई रिपोर्ट दर्ज पुलिस जांच पड़ताल में जुटी।

### 31 दिवसीय महिला टेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 नवम्बर, से होगा आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** निदेशक आरसेटी, देशराज मीणा ने बताया कि आरसेटी में 18 से 45 वर्ष के युवतियों को 31 दिवसीय महिला टेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम 07 नवम्बर, 2025 से कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए आवेदन 06 नवम्बर, 2025 तक लिए जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में सम्पूर्ण जिले के ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों के लिए 35 सीट निर्धारित हैं। जो महिलायें अपना बुटीक, स्वरोजगार स्थापित करने की इच्छुक हैं, आवेदन कर सकती हैं। आवेदन हेतु आधार कार्ड,राशन कार्ड/जॉब कार्ड 05 फोटो ,बैंक पासबुक की फोटो कॉपी लेकर संस्थान के समय प्रात: 9:30 से सायं 5:30 बजे तक जमा कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतया नि:शुल्क है जिसमें चाय,नाश्ता,भोजन, यूनिफॉर्म और प्रशिक्षण सामग्री नि:शुल्क दी जाती है। अधिक जानकारी के लिए 9012183432, 9058382486 ,6397879587 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

# एआरटीओ ने अभियान चलकर की बसों की चेकिंग





शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** दिल्ली जयपुर एवं अन्य राज्यों को जाने वाली बसों में माल का परिवहन एवं बसों की छत पर अत्यधिक सामान लाद कर ले जाने की मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा इस प्रकार की बसों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अमरिया क्षेत्र में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह एवं यात्रीक. रध्मालकर अधिकारी द्वारा मार्ग से गुजर रही बसों की सघन चेकिंग की गई चेकिंग में तीन ऐसी बसों के अंदर एवं बसों के ऊपर भी अधिक मात्रा में सामान रखा पाया गया। यात्री वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक सामान का परिवहन करने एवं परमिट शर्तों के उल्लंघन के अभियोग में इन तीन बसों में से एक बस को थाना अमरिया एवं दो बसों को थाना गजरौला में सीज कर दिया गया। इसी प्रकार बसों को सुरक्षित परिवहन के संबंध में दिए जा रहे निर्देशों का उल्लंघन करने के अभियोग में दो अन्य बसों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई भी अमल में लाई गई। इन बसों के विरुद्ध की गई प्रवर्तन कार्रवाई से 72000 प्रशमन शुल्क वसूला गया।

## एमआरएफ सेंटर पर साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित





शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** नगर पालिका परिषद पूरनपुर के तत्वाधान में सोशियोवाईटल नेटवर्क फाउंडेशन टीम के द्वारा एमआरएफ सेंटर पर साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित वाहन चालक, गाड़ी हेल्पर ट्रॉली मैन, डत्थ हेल्पर, वॉर्ड इंचार्ज शामिल रहे। कचरा पृथक्करण में कार्यरत सभी कर्मचारियों को पृथक्करण व शोर्षसेग्रीगेशन तथा डत्थ वर्कर्स को खाद बनाने की विधि से लेकर सूखे कचरे का अलगाव व पुनर्चक्रण के बारे में अवगत कराना था। सुरक्षा के लिए च्च्म के उपयोग सभी कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा कवच का प्रयोग अवश्य करना चाहिए जैसे-मास्क, ग्लब्स ,बूट, हेलमेट इत्यादि। वाहनों की साफ सफाई रखना प्रतिदिन धुलाई करना एवं साप्ताहिक मेंटेनेंस जांच करना। रिपोर्टिंग के समय सभी कर्मचारियों को समय पर आना। आपस में मिलजुलकर काम करना। क2क कलेक्शन को और अच्छा कैसे किया जाए, समुदाय के सभी लोगों के साथ सही व्यवहार को रखना।

## नगरपालिका अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का शिलान्यास

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** नगर के सर्वांगीण विकास और जनसुविधाओं को सशक्त बनाने की दिशा में नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी निरंतर सक्रिय हैं। सोमवार को उन्होंने हापुड़ नगरपालिका क्षेत्र के कई वार्डों में एक साथ कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का फीता काटकर शिलान्यास किया। इस दौरान क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। अध्यक्ष पुष्पा देवी ने सबसे पहले वार्ड नंबर 2 चमरी में स्थित शिव मंदिर के आसपास की गलियों एवं लज्जापुरी क्षेत्र में कश्यप प्याऊ वाली गली में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके पश्चात उन्होंने वार्ड 24 रामपुर रोड स्थित एसटीपीसी सेंटर के बाहर साइड पटरी पर इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही वार्ड 40 त्रिलोकिपुरम में इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया गया। इन कार्यों के पूर्ण हो जाने से स्थानीय निवासियों को लंबे समय से हो रही आवागमन की समस्या से राहत मिलेगी तथा जलभराव की दिक्कतें भी समाप्त होंगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सभासद, क्षेत्रीय लोग, युवा वर्ग, बुजुर्ग नागरिक एवं महिला मंडल की सदस्याएं भारी संख्या में मौजूद रहीं। स्थानीय निवासियों ने अध्यक्ष पुष्पा देवी का फूलमालाएं पहनाकर और मिठाई बांटकर जोरदार स्वागत किया। नागरिकों ने कहा कि नगरपालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं। इससे नगर की सूरत और सुविधाएं दोनों में बड़ा सुधार देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष पुष्पा देवी ने कहा कि नगरपालिका प्रशासन का लक्ष्य हापुड़ को एक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करना है।

## खेत में गिरा विशाल ड्रोन, हड़कंप

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के सरावनी बाड़ली गांव में सोमवार सुबह को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ड्रोन खेत में गिर गया। सूचना मिलते ही बाबूगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ड्रोन को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास घेराबंदी कर दी ताकि कोई छेड़छाड़ न हो सके। अधिकारियों ने ड्रोन के मॉडल, उसकी बनावट और उस पर लगे कैमरे व अन्य उपकरणों की बारीकी से जांच की। जानकारी के मुताबिक गांव सरावनी बाड़ली में ग्रामीण अजहर के खेत में एक ड्रोन पड़ा हुआ था। ड्रोन मिलने की सूचना पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह ड्रोन किसी सरकारी एजेंसी, सुरक्षा बल या किसी निजी व्यक्ति का था। पुलिस ने ड्रोन को तकनीकी जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में बाबूगढ़ थाना प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ड्रोन की उत्पत्ति और उसके उपयोग के संबंध में जानक. ारी जुटाई जा रही है। उन्होंने बताया कि यदि जांच में किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाई जाती है, तो संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध वस्तु की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की है।

# जेएमएस में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में आयोजित बहुप्रतीक्षित फ्रेशर पार्टी उमंग का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। बीसीए, बीबीए, बीए, बीएएलएलबी, बीकॉम, बीएससी बायोलॉजी, बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी बायोटेक, बीपीईएस, बीटेक, बीफार्म, डीफार्म, पॉलिटेक्निक, एलएलबी, एमबीए और एमसीए जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंघल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सचिव डा. रोहन सिंघल, डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर डा. सुभाष गौतम, प्राचार्य डा. धीरज सैनी, डीन ई. शीबा खालिद, डा. निधि मलिक प्राचार्या जेएमएस वर्ल्ड स्कूल, जेएमएस आईटी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रोफेसर डा. एके चौहान आदि ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। फ्रेशर पार्टी में छात्रों ने नृत्य, गायन, नाटक, फैशन शो और अन्य रंगारंग प्रस्तुतियों का लुत्फ़ उठाया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष अंकिता शर्मा ने निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणामों की घोषणा की। ग्रुप ए- सीसीएसयू से एलिश कसाना बीबीए प्रथम ईयर को मिस्टर फ्रेशर, इज़्ाम अली बीबीए प्रथम ईयर को मिस फ्रेशर, प्रगति बीबीए प्रथम ईयर को बेस्ट कॉस्ट्यूम और वंशिका बीबीए प्रथम ईयर को बेस्ट पर्सनालिटी 2025 का खिताब मिला। निर्णायक मंडल में मिस सुमैरा अंसारी, एग्जामिनेशन इंचार्ज, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ और मिस शीतल शर्मा, डायरेक्टर देवा डांस अकेडमी ने निष्पक्ष निर्णय देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्थान के प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ के लिए स्वादिष्ट भोज की व्यवस्था की गई। साथ ही सभी फ्रेशर छात्रों को बहुमूल्य उपहार भी भेंट किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के प्राचार्य, डीन, विभागाध्यक्ष, प्रवेश प्रभारी, कैंपस मैनेजर, प्रशासनिक अधिकारी, लेखा अधिकारी, रजिस्ट्रार तथा सभी प्राध्यापकगण, अनुशासन समिति और स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# सेफ्टी टैंक में गिरने से दो की मौत

## बड़े भाई को बचाने के लिए कूदा था छोटा भाई, फर्श काटकर निकाला गया बाहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर 63 की चोटपुर कालोनी में दो व्यक्ति सेफ्टी टैंक में गिर गए। दोनों की मौत हो गई। जबकि बचाव के लिए उतरा पड़ोसी भी बेहोश हो गया। अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। वह स्वस्थ्य है। मृतकों की पहचान चंद्र भान 40 साल और राजू 26 साल है। दोनों सगे भाई है। पुलिस ने बताया कि डायल-112 पर सूचना मिली थी कि दो चोटपुर कालोनी के दो व्यक्ति अपने घर के सेफ्टी टैंक में गिर गए है। दोनों व्यक्ति बुलंशहर के निवासी है।



इन लोगों ने चोटपुर कालोनी में मकान लिया था। दोनों ही खोड़ा में कारपेंटर का काम करते थे। सोमवार को चंद्रभान सेफ्टी टैंक पर खड़ा था। अचानक टैंक की पटिया टूट गई। जिससे वो नीचे गिर गया। उसका छोटा भाई चंद्र भान को बचाने के लिए नीचे कूदा तो दोनों ही बेहोश हो गए।

दम घुटने के कारण सेफ्टी टैंक से निकल नहीं पाया।बाद में उन्हें बचाने के लिए एक पड़ोसी हेमंत निवासी बुलंदशहर नीचे जाने लगे। गैस का फ्लो ज्यादा होने के कारण वो बाहर आ गए।

बेहोशी आने से उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों भाइयों को कटर की सहायता से फर्श काटा गया। जिसके बाद दोनों को बाहर निकाला गया। अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने चंद्रभान उम्र करीब 40 वर्ष और राजू उम्र 26 वर्ष को मृत घोषित कर दिया गया है। मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## यीडा की बोर्ड बैठक सात नवंबर को होगी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) की बोर्ड बैठक सात नवंबर को होगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। इस बार बोर्ड बैठक में नोएडा एयरपोर्ट तक हाइड्रोजन बसों के संचालन, हेरिटेज सिटी समेत आवासीय भूखंड योजना समेत कई प्रस्ताव पारित होंगे। यमुना प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को अधिकारी प्रस्ताव तैयार करने में जुटे रहे। इस बार बोर्ड बैठक में सबसे अहम प्रस्ताव हाइड्रोजन बस संच. ालन का है। इसी माह नवंबर मध्य तक बसों का संचालन होना है। नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) की ओर से यमुना सिटी में हाइड्रोजन बसें चलाने का प्रस्ताव आया है। इससे शहर को ग्रीन ट्रांसपोर्ट के रूप में भी नई पहचान मिलेगी। एनटीपीसी शुरू में चार लग्जरी एसी बसें लगाएगी, जिनमें 45 सीटें होंगी। यह बसें एक बार हाइड्रोजन भरने पर करीब 600 किलोमीटर तक चल सकेंगी।

# सेक्टर-12 में चोरी की घटना नकदी और जेवरात ले उड़े चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-12 में चोरों की नजर लोगों के घरों पर लग गई है। यहां आये दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। चोरी का एक और नया मामला सामने आया है।

थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-12 में रहने वाले एक व्यक्ति के घर का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने घर में रखी हुई करीब 60 हजार रुपए की नकदी, लाखों रुपए कीमत के जेवरात आदि चोरी कर लिया। चोर चोरी करते हुए घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। इसके आधार पर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार ने बताया कि भानु प्रकाश पुत्र किशन चंद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह



सेक्टर-12 में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार वह अपने घर का ताला बंद करके ऑफिस गए थे। जब वह वापस लौट कर आए तो उन्होंने देखा कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर घर में रखी हुई 60 हजार रुपए की नकदी, लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है। पीड़ित के अनुसार चोर उसके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खाना बनाते समय किचन में फिसला युवक, मौत

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेस-दो क्षेत्र के कुंडा कॉलोनी में रहने वाला एक युवक अपने घर की किचन में खाना बना रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया। जिससे उसका सिर किचन के स्लैप में जा लगा, इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना फेस-दो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना फेस-दो के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि भंगेल गांव के कुंडा कॉलोनी में रहने वाले नितिन मिश्रा पुत्र दीनानाथ मिश्र उम्र 23 वर्ष एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। रविवार रात को वह अपने घर पर किचन में खाना बना रहा था। इसी बीच वह असंतुलित होकर नीचे गिरा, जिससे उनका सिर किचन के स्लैप में जा लगा।

# सांसद-विधायक खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के जेवर विधानसभा क्षेत्र के रबूपुरा स्थित रामोत्सव ग्राउंड में में सोमवार को सांसद-विधायक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिनमें मुख्य अतिथि सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा रहे। इस दौरान ग्रामीण प्रवेश से संबंधित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न खेलों में अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सांसद-विधायक खेल महोत्सव का शुभारंभ सांसद डॉ. महेश शर्मा और जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना का प्रतीक हैं। आज के इस



आयोजन में युवाओं का जोश देखकर स्पष्ट है कि जेवर की धरती न केवल विकास की मिसाल बन रही है, बल्कि खेलों के क्षेत्र में भी नई पहचान गढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जेवर क्षेत्र तीव्र गति से प्रगति की राह पर अग्रसर है। चाहे वह नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हो, फिल्म सिटी, लॉजिस्टिक हब या अब खेल के क्षेत्र में बढ़ते अवसर, हर दिशा में जेवर उत्तर प्रदेश का सबसे तेजी से विकसित होता क्षेत्र बन चुका है। खेल महोत्सव में सांसद डा. महेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना है कि भारत खेलों की महाशक्ति बने। आज जेवर की धरती पर जो परिवर्तन दिख रहा है, वह केवल उद्योग या इंफ्रास्ट्रक्चर तक सीमित नहीं, बल्कि खेल,संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में भी नई दिशा तय कर रहा है। उन्होंने कहा कि रबूपुरा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर मिलता है और यह दिखाता है कि नए भारत का आत्मविश्वास गांव-गांव तक पहुँच चुका है। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष राज नागर, मंडल अध्यक्ष जेवर संजय रावत, मंडल अध्यक्ष रबूपुरा सुनील कुमार, मंडल अध्यक्ष दनकौर गजेंद्र वाल्मीकि, ब्लॉक प्रमुख जेवर मुन्नी देवी पहाड़िया, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### प्राधिकरण की भूमि पर कब्जे की कोशिश नाकाम, एक करोड़ों की जमीन बचाई

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा विकास प्राधिकरण की टीम ने ग्राम रोहिल्लापुर में प्राधिकरण की करीब 1800 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश को नाकाम कर दिया। जानकारी के अनुसार, यह भूमि खसरा संख्या 167 व 168 का हिस्सा है। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों द्वारा दिन-दहाड़े और रात के समय ग्राम शाहपुर की ओर से खसरा संख्या 507 व 508 में दीवार खड़ी कर कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी।

सूचना मिलने पर प्राधिकरण के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान कुछ लोगों ने प्राधिकरण कर्मियों को धमकाने की भी कोशिश की, जिस पर पुलिस को बुलाना पड़ा। थाना सेक्टर-126 पुलिस के सहयोग से कार्रवाई करते हुए दीवारें हटाई गईं और कब्जे का प्रयास विफल किया गया। प्राधिकरण के अनुसार, यह भूमि करोड़ों रुपये मूल्य की है। अधिकारियों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई न होती तो करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि पर अवैध कब्जा हो सकता था।प्राधिकरण की ओर से संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### 267 गज के प्लॉट पर फर्जीवाड़े से कब्जा

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति की जमीन फर्जी कागजात तैयार कर हड़पने का मामला सामने आया है। मकनपुर खादर गांव निवासी जय भगवान की शिकायत पर सोमवार को कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**ताऊ और चाचा के फर्जी हस्ताक्षर कर बेची जमीन:** पीड़ित जय भगवान ने बताया कि गांव में उनकी और उनके परिवार की करीब पांच बीघा जमीन है। आरोप है कि वर्ष 2023 में गांव के ही सुखदेव, नकुल, सहदेव, प्रेमपाल और जयप्रकाश ने उनके ताऊ और चाचा के फर्जी हस्ताक्षर कर 267 गज के प्लॉट का फर्जी विक्रय पत्र तैयार कर लिया। कुछ समय बाद जब जय भगवान को इस धोखाधड़ी की जानकारी हुई, तो उन्होंने आरोपियों से विरोध किया। इस पर आरो. पियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

**पुलिस से नहीं मिली मदद, कोर्ट पहुंचे पीड़ित:** जय भगवान का कहना है कि उन्होंने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस और फिर पुलिस के उच्च अधिकारियों से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया, जिसके आदेश पर अब मुकदमा दर्ज हुआ है।

**पुलिस ने शुरू की जांच:** दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पांचों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस मामले की गहन जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि साक्ष्य जुटाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कार पार्किंग के विवाद में दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-70 स्थित बसई गांव में रविवार रात कार पार्किंग को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के चार-चार लोग घायल हो गए। फेज-तीन थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर चार-चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बसई गांव निवासी श्याम सुंदर ने पुलिस को बताया कि दो नवंबर की रात 10 बजे भांजा नितिन एक शादी समारोह में शामिल होकर घर आ रहा था। घर के निकट निकट गली में सड़क किनारे कार खड़ी करने लगा। पड़ोस में शटरिंग का काम करने वाले आदिल, अलताफ, सद्दमाम और गुलफाम मोरना गांव के रहने वाले हैं। तभी चारों मिलकर नितिन से कार खड़ा करने के लिए मना किया। भांजे ने कुछ देर बाद कार हटाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने नितिन के साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। उसे बचाने पहुंचे अमित, कुलदीप और रोी. हत के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। चोरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, मोरना निवासी हमीद खान ने पुलिस को बताया कि रात करीब 10 बजे शटरिंग की दुकान में नितिन कार खड़ी करके जाने लगा। उससे कार थोड़ा आगे खड़ा करने के लिए कहा तो नितिन ने अभद्रता शुरू कर दी। विरोध किया तो नितिन के साथी कुलदीप अमित और रोहित कश्यप आ धमके। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। इसके चलते अलताफ, सद्दाम, गुलफाम और आदिल को गंभीर चोट आई है।

## गैंगस्टर एक्ट में तीनों आरोपी बरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय संजय कुमार सिंह की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में तीनों लोगों को बरी कर दिया है। अदालत ने मुजफ्फरनगर के नीरज, अंजय उर्फ अजय और इटावा के जयराम उर्फ भोला उर्फ आशीष को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार नीरज, अजय और जयराम एक संगठित गिरोह बनाकर वाहन चोरी जैसी घटनाओं में लिप्त हैं। इनके खिलाफ गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में चोरी और आर्म्स एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज थे। मामले में अधिवक्ता नहीं होने पर तीनों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधीन आने वाले लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम (एलएडीसीएस) से निशुल्क कानूनी परामर्श के लिए गुहार लगाई थी। डिप्टी चीफ जितेंद्र कुमार बैसोया ने तीनों की पैरवी की।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद विशेष अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि मात्र गैंगचार्ट में दर्ज मुक. दमों के आधार पर दोषसिद्धि नहीं किया जा सकता। अभियोजन को यह साबित करना आवश्यक है कि तीनों ने लोक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने या अपने आर्थिक अथवा भौतिक लाभ के लिए संगठित अपराध किया हो। गैंगचार्ट में जिन मुकदमों का उल्लेख है। उनमें से किसी में भी दोषसिद्धि नहीं हुई है। यह प्रमाण नहीं है कि तीनों ने वास्तव में लोक व्यवस्था भंग करने हेतु संगठित गिरोह बनाया। इस आधार पर न्यायालय ने तीनों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

## साइबर अपराधियों ने ठगे 22 लाख

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने शेयर ट्रेडिंग कर भारी मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक फर्नीचर कारोबारी के साथ 22 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों के कहने पर पीड़ित ने 15 बार में रकम विभिन्न खातों में ट्रांसफर की। कारोबारी की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने एक कथित महिला के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी ऐक्ट की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अपर पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में धीरपाल सिंह ने बताया कि आठ अगस्त को उसके व्हाट्सऐप पर सलोनी नाम की महिला ने मैसेज किया। उसने कारोबार की बात करते हुए फर्नीचर के अलावा आय के अन्य विकल्प तलाशने को कहा।

# अस्पताल की ऑक्सीजन लाइन में दोबारा ब्लास्ट, लाइसेंस कैंसिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेस तीन थाना क्षेत्र के सेक्टर 66 स्थित मार्क अस्पताल में करीब 15 घंटे बाद सोमवार शाम दोबारा आक्सीजन लाइन में ब्लास्ट हो गया। सूचना पर दौड़े स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने तुरंत मरीज को कैलाश और पास के ओम अस्पताल में शिफ्ट कराया। सीएमओ के नेतृत्व में अधिकारियों ने प्रबंधन की लाप. रवाही मानकर अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर बिल्डिंग को सील कर दिया है। अधिकारियों ने प्रबंधन को आक्सीजन और फायर आडिट कराने के निर्देश दिए हैं।

सेक्टर 66 में 49 बेड का तीन मंजिला मार्क अस्पताल बना हुआ है। रविवार दोपहर करीब 12:00 भूतल में आइसीयू कक्ष के पास फाल्स सीलिंग में शार्ट सर्किट हो गया था। इसके बाद आक्सीजन लाइन में भी लीकेज से लाइन ब्लास्ट हो गई। गनीमत रही कि घटना में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। सोमवार शाम दोबारा आक्सीजन लाइन में ब्लास्ट हो गया।

सूचना पर पहुंचे सीएमओ डा. नरेंद्र कुमार, उप मुख्य चिकित्सक डा. चंदन सोनी, स्वास्थ्य विभाग में सलाहकार स्वेता खुराना समेत अन्य अधिकारी पहुंचे। उन्होंने कई मरीजों को पास के कैलाश अस्पताल और ओम अस्पताल में शिफ्ट कराया। इनमें एक मरीज आइसीयू में एडमिट है जबकि दो दिल्ली रेफर हो गए हैं। अन्य मरीजों की अधिकारी जानकारी कर रहे हैं।

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ चंदन सोनी ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को मानते हुए बिल्डिंग को सील कर लाइसेंस निलंबित कर दिया है। प्रबंधन को फायर और ऑक्सीजन का ऑडिट करने के निर्देश दिए हैं।

# जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्धनगर के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने तथा उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने जनपद के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित उद्यमियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने सभी विषयों का गहन अनुश्रवण करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों का निस्तारण



प्राथमिकता के आधार पर तय समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में उद्यमियों द्वारा जलभराव, विद्युत कटौती, कनेक्शन में विलंब, ट्रैफिक जाम, सड़कों की खराब स्थिति, अतिक्रमण, पार्किंग की कमी, तथा औद्योगिक क्षेत्रों में जल निकासी संबंधी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुए समन्वित कार्यवाही की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक विकास तभी संभव है जब प्रशासन और उद्योग एक साझी भावना से कार्य करें। उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि राज्य सरकार द्वारा संचालित उद्यमी हितैषी योजनाओं की जानकारी और उनके लाभ शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक उद्यमी तक पहुँचाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएँ।

बैठक में जनपद के प्रमुख व्यापारी बंधु एवं व्यापारिक संगठनों के प्रति. निधि भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने व्यापारिक वर्ग की विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उद्योग और व्यापार, दोनों ही विकास के आधार स्तंभ हैं। अतः इनके हितों की सुरक्षा और सुविधाओं का विस्तार प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

बैठक में ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीलक्ष्मी, सुमित, ओएसडी गुंजा सिंह, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार सहित प्राधिकरण, श्रम, सिंचाई, विद्युत, पुलिस विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ट्रक से 120 बोरी डीएपी चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक खाद व्यापारी ने ट्रक मालिक पर डीएपी खाद के 120 बोरे चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जेवर निवासी खाद व्यापारी नरेंद्र कुमार अग्रवाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अलीगढ़ के एक ट्रांसपोर्ट के ट्रक से लगभग 600 डीएपी के बोरे दनकौर और बिलासपुर के व्यापारियों को बेचने के लिए भेजे थे। आरोप है कि ट्रक मालिक ने इस खेप में से करीब 120 बोरे चुरा लिए। इन बोरों की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 80 हजार रुपये है। जब पीड़ित को इस मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने ट्रक मालिक मनीष गुप्ता, निवासी अलीगढ़, से संपर्क किया। हालांकि, ट्रक मालिक ने बोरों के गायब होने के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। इसके बाद अग्रवाल ने सोमवार को आरोपी ट्रक मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जल्द ही जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रेनो वेस्ट में गोवंश में लंपी वायरस फैलने की सूचना पर सर्वे शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्धनगर विकास विकास समिति के एक्स हैंडल से ग्रेटर नोएडा वेस्ट में लगातार गोवंश में लंपी वायरस फैलने को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, दादरी विधायक तेजपाल नागर, पशुपालन विभाग समेत अधिकारियों से शिकायत की गई है। शिकायत के बाद पशुपालन विभाग ने हरकत में आकर समिति के पदाधिकारियों से संपर्क साधने में लगे है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गोवंश के लंपी बीमारी की सूचना पर सर्वे शुरू कर दिया है। हालांकि अभी तक विभाग ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

समिति की और से नोएडा एक्सटेंशन के गोवंश में लंपी वायरस फैलने की सूचना के साथ ही कुछ फोटो भी वायरल किए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास अब तक कोई आइसोलेशन सेंटर नहीं है, की जानकारी दी गई है। संक्रमण तेजी से फैलने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की गई है। शिकायत की जानकारी मिलने के साथ ही पशुपालन विभाग के चिकित्सकों ने एक टीम को ग्रेटर नोएडा भेजकर जांच शुरू कर दी गई है। एक्सटेंशन में गोवंश की जांच कराई जा रही है। जिस स्थान के फोटो वायरल किए गए है। उनको तलाश किया जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी अरुण कुमार सचान का कहना है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में पशु चिकित्सकों की टीम जांच करने में लगी है। साथ ही जिले के 15 पशु चिकित्सा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में गोवंश में सर्वे करके लंपी के बारे में जांच करने के निर्देश दिए है।

## 22 दिसंबर को जीरो प्वाइंट पर टिकैत करेंगे महापंचायत

**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैट) यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के प्रभावित किसानों के मांगों को लेकर 22 बर दिसंको ग्रेटर नोएडा के जीरो प्वाइंट पर महापंचायत का आयोजन करेगा। इस महापंचायत में न केवल स्थानीय किसान बल्कि नोएडा से आगरा तक के किसान एकजुट होकर अपनी मांगों को मजबूती से उठाएंगे।

इस सिलसिले में सोमवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा के बिरौंडी गांव स्थित संगठन के कार्यालय पर पदाधिकारियों के साथ बैठक की व 22 दिसंबर को होने वाली महापंचायत की रूपरेखा तैयार की। इसके उपरांत प्रेस वार्ता कर अपनी रणनीति को सार्वजनिक किया।

# गुस्साएं किसानों की प्राधिकरण में घुसने की कोशिश

■ बोले- सीईओ से मिलकर रहेंगे, मांगें पूरी हों, नहीं तो जारी रहेगा प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन का पांचवें दिन भी धरना जारी है। 81 गांवों के किसान सोमवार को प्राधिकरण पहुंचे। दो बार वार्ता विफल होने के बाद आज फिर पंचायत शुरू हुई। किसानों ने प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ लगभग तीन घंटे तक बातचीत हुई। लेकिन किसानों की मांग को लेकर प्राधिकरण में सहमति नहीं बन पाई है। इसके बीच प्रदर्शन कर रहे किसानों की पुलिस से झड़प और धक्का-मुक्की भी हुई। जिससे



आक्रोशित किसानों ने प्राधिकरण के गेट से जबरन घुसने की कोशिश की।

इस पर भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने कहा- नोएडा प्राधिकरण किसानों को हल्के में लेने की भूल नहीं करें। प्राधिकरण से इस बार किसान अपना हक लेकर ही वापस जाएंगे। इस बार किसान आश्वासनों पर धरना खत्म नहीं करेगा। चाहे धरना कितना भी लंबा क्यों ना चलाना पड़े। किसान पीछे नहीं हटेंगे और किसानों ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि आज सोमवार को नोएडा प्राधिकरण पर पंचायत होगी और इसमें निर्णय लिया जाएगा की आगे धरने को किस प्रकार चलाया जाए।

फिलहाल पुलिस ने किसानों को समझाया है। जिसके बाद किसान दल शांत होकर फिर से धरने पर बैठ गया है। सब कहना है कि हमें सीईओ से ही मिलना है। जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी, धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

साथ ही चेयरमैन से मिलने का समय दिया जाए। धक्का-मुक्की के बाद शांति से किसान पंडाल में बैठ गए है। धरना स्थल पर ही प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर, अरविंद कुमार, डीजीएम विजय रावल मौके पर मौजूद हैं।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# रहेगा सबसे ऊपर तिरंगा, हम हैं टीम इंडिया

**मुंबई, वार्ता।** विश्व कप जीत के बाद ड्रेसिंग रूम में माहौल जश्न में डूबा हुआ रहा। जीत की खुशी, आंखों में चमक और हाथों में तिरंगा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तस्वीरें हर भारतीय के दिल को गर्व से भर देने वाली हैं।

खिलाड़ियों ने रहेगा सबसे ऊपर हमारा तिरंगा, हम हैं टीम इंडिया, गाना गाते हुए मैदान से लेकर लाकर रूम तक जीत का जश्न मनाया। हरमनप्रीत कौर, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा राड्रिग्स और पूरी टीम के चेहरों पर वही मुस्कान थी, जो बरसों के संघर्ष और सपनों की पूर्ति का प्रतीक बन गई। अब बीसीसीआई ने इसका वीडियो जारी किया है। वीडियो में जेमिमा कहती हैं कि हमने चार साल पहले यह तय किया था कि हम अपनी टीम सान्ग को तब उजागर करेंगे जब हम विश्व कप

**● विश्व चैंपियन बेटियों ने गाना गाकर मैदान से लेकर लॉकर रूम तक जीत का जश्न मनाया**

जीत जाएंगे। वह समय अब आ चुका है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया पर एक और वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान वोल्वार्ट और भारत की जेमिमा राड्रिग्स साथ में गाना गाती दिख रही हैं।

जेमिमा गिटार बजा रही हैं, जबकि वोल्वार्ट गाना गा रही हैं। फैंस का कहना है कि इस गाने का नाम 'फालिंग इन लव अगेन' है और यह गाना वोल्वार्ट ने 11 साल पहले कम्पोज किया था। यह वीडियो इंग्लैंड के 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट के दौरान का बताया जा रहा है, क्योंकि वोल्वार्ट और जेमिमा, दोनों ने सुपर चार्जर्स



टीम की जर्सी पहन रखी है। दोनों एक साथ इस टीम के लिए खेल चुकी हैं। वोल्वार्ट को रविवार को निराशा झेलनी पड़ी, क्योंकि उनकी टीम भारत से फाइनल हार गई। वोल्वार्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शतक जमाया, लेकिन यह काफी नहीं था। वह टूर्नामेंट की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। मैच की बात करें तो भारत की महिला टीम इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए थे।










## संक्षिप्त खेल समाचार

### सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी आज से

**कोहिमा, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी 2025 के मंगलवार से यहां शुरु हो रहे तीसरे संसकरण में छह टीमें हिस्सा लेंगी। चार से 14 नवम्बर तक नागालैंड में होने वाले इस टूर्नामेंट में इस बार नॉर्थ जोन, साउथ जोन, ईस्ट जोन, वेस्ट जोन, सेंट्रल जोन और नॉर्थ-ईस्ट जोन की महिला टीमें हिस्सा लेंगी। यह घरेलू महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा एडिशन है। इस टूर्नामेंट का 2022 में पहली बार आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट की शुरुआत में छह टीम राउंड रॉबिन प्रारुप में भिडेंगी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 14 नवम्बर को खेला जायेगा।

### यूपी कबड्डी लीग सीजन-2 की नीलामी में बेहतर खिलाड़ियों की लगी बोली

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा स्टेडियम के इनडोर पवेलियन में आगामी माह 25 दिसंबर से शुरु होने वाली उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग खेल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया आज यहां अपरान्ह संपन्न हुई।

उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के आयोजकों ने सोमवार को कबड्डी प्रतियोगिता और आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के सीजन 2 के लिए कबड्डी खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है इसके पश्चात ऑक्शन में खिलाड़ियों को उनके अनुभव और प्रदर्शन के आधार पर चार वर्गो में विभाजित गया है। खिलाड़ियों की नीलामी ओपन बिड, लाइव फॉर्मेट में फ्रेंचाइजी मालिकों, टीम अधिकारियों और लीग प्रतिनिधियों की मौजूदगी में दोपहर अंत में संपन्न हुई।

# 2025 ने क्रिकेट को दिए नए चैंपियंस

**मुंबई, वार्ता।** वर्ष 2025 क्रिकेट की दुनिया में उस रीसेट बटन की तरह रहा, जिसने कई टीमों की किस्मत पलट दी। लंबे इंतजार और अधूरे सपनों के सिलसिले को खत्म करते हुए इस साल चार अलग-अलग टूर्नामेंट्स में नए चैंपियन्स उभरे।

बिग बैश लीग में हाबार्ट हरिकेन्स (बीबीएल), आईपीएल में रायल चैलेंजर्स बैंगलोर (आईपीएल), विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में दक्षिण अफ्रीका (डब्ल्यू टीसी) और महिला वनडे विश्व कप में भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया और पहली बार खिताब जीता। यह वो साल रहा जब मेहनत, उम्मीद और इतिहास, सबने मिलकर नए चैंपियन्स का अध्याय लिखा। बिग बैश लीग (बीबीएल) में हाबार्ट हरिकेन्स ने वर्षों की निराशा खत्म की। 2013-14 और 2017-18 में फाइनल हारने वाली टीम ने आखिरकार 2025 में जीत का स्वाद चखा। टिम डेविड और मिचेल ओवेन की जोड़ी ने बल्लेबाजी ने कमाल दिखाया, जबकि कप्तान नाथन एलिस ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया। वहीं, मैथ्यू वेड ने अनुभव से इतिहास रच दिया। आईपीएल

**● अधूरे सपनों के सिलसिले को खत्म करते हुए इस साल में बीबीएल में हाबार्ट हरिकेन्स, आईपीएल में आरसीबी, डब्ल्यूटीसी में दक्षिण अफ्रीका और महिला वनडे विश्व कप में भारतीय टीम चैंपियंस बनी**

वो सीजन था जिसका इंतजार न सिर्फ बेंगलुरु बल्कि पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस को था। वर्षों की ट्रोलिंग, 'ई साल कप नामदे' वाले मीम्स के बीच आरसीबी ने आखिरकार कप अपने नाम किया। रजत पाटीदार की बेहतरीन कप्तानी, विराट कोहली का जोश, हेजलवुड की सधी हुई गेंदबाजी और फिल साल्ट की धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम को पहला आईपीएल खिताब दिलाया। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीका ने इतिहास रचा। कभी 'चोकर्स' कहे जाने वाली इस टीम ने इंग्लैंड को हराकर पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल या यूं कहें पहला आईसीसी खिताब जीता।

# टीम को भरोसा था विश्व कप जीत सकते हैं: कप्तान हरमनप्रीत




**● हमें लगा कि हम पहली गेंद से ही जीत सकते थे, क्योंकि जिस तरह से हमने पिछले तीन मैचों में खेला था: कप्तान**

**नवीं मुम्बई।** भारतीय महिलां टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि टीम को अपने ऊपर भरोसा था कि वे यह विश्वकप जीत सकते है। दक्षिण अफ्रीका को रविवार रात फाइनल मुकाबले में हराकर महिला विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत मुस्कुराते हुए ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंची। उन्होंने कहा कि इस समय तो मैं कुछ कहने की स्थिति में नहीं हूं। मैं केवल अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का प्रयास कर रही हूं। मैं बस यही कहूंगी कि टीम ने कई उतार-चढ़ाव देखे लेकिन टीम को स्वयं पर भरोसा था। मैं यह पहले दिन से कह रही हूं। हम इधर-उधर नहीं देख रहे थे हमारा सारा ध्यान केवल लक्ष्य पर था। उन्होंने कहा कि हमें लगा कि हम पहली गेंद से ही जीत सकते थे, क्योंकि जिस तरह से हमने पिछले तीन मैचों में खेला था उससे हमारे लिए काफी चीजे बदल गई थीं। विशेष तौर पर स्वयं पर भरोसा। हम काफी समय से अच्छी क्रिकेट खेलते आ रहे हैं इसलिए हमें पता था कि एक टीम के तौर पर हमें क्या करना है। हमें पता था कि बल्लेबाजी आसान नहीं होगी लेकिन इसका श्रेय स्मृति मंधाना और शेफाली को जाता है जिस तरह से उन्होंने पहले 10 ओवर में बल्लेबाजी की। पहले दिन से मुझे विश्वास था कि यह सब मायने नहीं रखता। वैसे भी हम टॉस जीतते नहीं, इसलिए हमें पता था कि हमें पहले बैटिंग करनी होगी। भारतीय कप्तान कहा कि हमारा लक्ष्य आसान था। हमें पता था कि अगर हम बड़े लक्ष्य के बारे में सोचेंगे तो दबाव में आ जाएंगे। सबसे जरूरी चीज थी कि बल्लेबाजी करते रहना है और खेल की लय में बने रहना है। हमने 300 रन बनाने की कोशिश की लेकिन हम एक रन दूर रह गए। हालांकि हम एक टीम के तौर पर मैदान में लौटे। जब भी हमें जरूरत हुई हमें ब्रेकथ्रू मिला। यह एक बहुत अच्छा मैच था। यह अभी कहना आसान है लेकिन जब लॉरा बल्लेबाजी कर रही थीं तो यह सब उतना आसान नहीं था।

### हमारी लड़कियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है: नीता अंबानी

**मुम्बई, वार्ता।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष नीता अंबानी ने भारतीय महिला टीम को विश्वकप जीतने पर बधाई देते हुए कहा है कि हमारी लड़कियों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। रविवार रात भारतीय महिला टीम द्वारा पहला महिला विश्वकप जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि आधी रात को हमारी लड़कियों ने पहली आईसीसी विश्व चैंपियनशिप जीत ली है। मुझे लगता है कि आपने जिस हिम्मत, विश्वास और आत्मविश्वास के साथ खेला है, उससे आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। हमें आप सब पर बहुत गर्व है और मैं कहना चाहती हूं धन्यवाद, धन्यवाद, धन्यवाद और जय हिंद।

# खड़गे-राहुल ने दी टीम को बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार महिला विश्वकप जीतने वाली भारतीय महिला टीम को बधाई दी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में शानदार जीत के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा आपके शानदार प्रदर्शन, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क ने देश को गौरवान्वित किया है। यह जीत सिर्फ एक खेल उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की शक्ति, लचीलेपन और नेतृत्व क्षमता का उत्सव भी है जो लाखों लोगों को प्रेरित करती रहेगी। पूरा देश इस गौरवशाली क्षण का जश्न मनाने के लिए एकजुट है। आपने न केवल विश्व कप जीता है, बल्कि हर भारतीय का दिल भी जीत लिया है। उन्होंने कहा मैं आप सभी के उज्ज्वल, सफल और प्रेरणादायक भविष्य की कामना करता हूं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बधाई देते हुए कहा कि गर्व का क्षण है।

हमारी महिलाओं ने इतिहास रच दिया और करोड़ों दिलों को छुआ है। आपके साहस, धैर्य और शालीनता ने भारत को गौरवान्वित किया है और अनगि. नत युवा लड़कियों को निडर होकर सपने देखने के लिए प्रेरित किया है। आप ने केवल एक ट्रॉफी नहीं उठाई, आपने एक राष्ट्र का उत्साह बढ़ाया है। जय हिंद।

### ताजनगरी को है अपनी बेटी दीप्ति का इंतजार

**आगरा, वार्ता।** पहली बार क्रिकेट की दुनिया में अपना परचम लहराने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अहम सदस्य दीप्ति शर्मा का ताज नगरी आगरा को बेसब्री से इंतजार है। कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार देर रात दक्षिण अफ्रीका को हरा कर विश्व कप की चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया है। विश्व कप टूर्नामेंट में आगरा की रहने वाली दीप्ति शर्मा का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब अपने नाम करने वाली दीप्ति ने पूरे टूर्नामेंट में 215 रन बनाए।


# हार के बावजूद टीम के प्रयासों पर गर्व: वोल्वार्ट

**● कहा: हमने पूरे मैच में शानदार क्रिकेट खेला, लेकिन आज भारत ने हमें मात दे दी**



**नवी मुंबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने कहा कि महिला विश्वकप के फाइनल में भारत के हाथों मिली 52 हार के बावजूद मुझे अपनी टीम के प्रयासों पर गर्व है। मैच के बाद वोल्वार्ट ने कहा कि मुझे इस टीम पर इस अभियान के लिए और भी ज्यादा गर्व हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि हमने पूरे मैच में शानदार क्रिकेट खेला, लेकिन आज भारत ने हमें मात दे दी। हारना दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन हम इससे जरूर आगे बढ़ेंगे। यह कई खिलाड़ियों के लिए एक शानदार टूर्नामेंट रहा है और मुझे हमारे द्वारा दिखाए गए लचील. `पन पर गर्व है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सस्ते में आउट होने के बारे में पूछे जाने पर वोल्वार्ट ने कहा कि हमने उन कुछ खराब मैचों को पीछे छोड़ने के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। हम या तो बहुत अच्छे थे या बहुत बुरे, लेकिन शुक्र है कि अधिकतर अच्छे प्रदर्शन ही हुए। उन्होंने कहा कि विश्व कप से पहले शायद मेरा सर्वश्रेष्ठ वर्ष नहीं रहा और मैंने इसकी शुरुआत भी अच्छी नहीं की। ज्यादा सोचना, अच्छा नहीं था। यह क्रिकेट का एक और मैच है, दोनों को अलग करने की को. शिश ने मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने और फिर किसी अलग समय पर कप्तानी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए थोड़ा मुक्त कर दिया। मैच के बारे में बात करते हुए वोल्वार्ट इस बात से खुश थीं कि उनके गेंदबाजों ने भारत को 300 से अधिक का स्कोर नहीं बनाने दिया।, जबकि शेफाली वर्मा (87) और स्मृति मंधाना (45) ने मेजबान टीम को तेज शुरुआत दिलाई थी।

# सबालेंका-पेगुला ने अपने-अपने मैच जीते






**● सबालेंका ने रविवार रात 70 मिनट तक चले मैच में इटली की जैस्मीन को वहीं पेगुला ने कोको गॉफ को को दी मात**

**रियाद, वार्ता।** अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला और बेलारूस की स्टार एरीना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स टूर्नामेंट के पहले दौर में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जीत दर्ज की। सबालें. का ने रविवार रात 70 मिनट तक चले मुकाबले में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में 6-3, 6-1 से हराया। वहीं पेगुला ने गॉफ पर 6-3, 6-7(4), 6-2 से शानदार जीत दर्ज की। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि हमने बहुत खेला है, और हर बार यह एक मुश्किल मुकाबला होता है। स्कोर कुछ भी हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे पता है कि मुझे हमेशा फोकस बनाए रखना है, और अगर आप उसे मौका देंगे, तो वह आगे बढ़कर गेम पर कंट्रोल कर लेगी।

इसलिए, मुझे लगता है कि मैं आज अपने फोकस से सबसे ज्यादा खुश हूं। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि राउंड रॉबिन है, लेकिन मैं इस टूर्नामेंट को एक रेगुलर टूर्नामेंट की तरह लेने की कोशिश कर रही हूं, और मुझे पता है कि अगर मुझे यह खूबसूरत ट्रॉफी जीतनी है तो मुझे पांच मैच जीतने होंगे।

तो बेसिकली, मेरी सोच बस यही है कि बाहर जाकर हर मैच में मुकाबला करूं और लड़ूं। वहीं एक अन्य मुकाबले में अमेरिकी की जेसिका पेगुला ने डिफेंडिग चैंपियन हमवतन कोको गॉफ को हराकर डब्लयूटीए फाइनल्स में अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। रविवार रात दो घंटे 12 मिनट तक चले कड़े मुक. ाबले में पेगुला ने गॉफ पर 6-3, 6-7(4), 6-2 से शानदार जीत दर्ज की।

यह ऑल-अमेरिकन मुक. ाबला काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों को इंडोर लाइट्स में खेलने में परेशानी हो रही थी और लगातार पांच बार सर्विस ब्रेक हुए। आखिरकार पेगुला ने पहले खुद को संभाला, 4-2 से बढ़त बनाई और फिर गॉफ की सर्विस की परेशानियों का फायदा उठाया। दुनिया की नंबर तीन खिलाड़ी गॉफ की पांचवीं डबल फॉल्ट ने पेगुला को आधे घंटे से कुछ अधिक समय में पहला सेट दिला दिया। गॉफ ने दूसरे सेट में जल्दी ही वापसी करते हुए 2-0 की बढ़त बना ली।

# द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया गए कुलदीप टी-20 टीम से रिलीज



**मेलबर्न, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीजी की तैयारी के मद्देनजर टीम प्रबंधन के अनुरोध पर स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टी-20 टीम से रिलीज किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि कुलदीप को आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारियों के लिए दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ छह नवम्बर से शुरू हो रहे दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए के दल में जगह दी गई है। रविवार को भारत ए ने ऋषभ पंत की 90 रनों की पारी और अंशुल कंबोज और मानव सुधार की नाबाद 62 रनों की साझेदारी की बदौलत पहला मैच जीत लिया। बीसीसीआई ने अपने विज्ञप्ति में कहा कि कुलदीप को टीम से रिलीज करने का अनुरोध भारतीय टीम प्रबंधन की ओर से किया गया था। तीसरे अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में भारतीय एकदाश में कुलदीप की जगह वॉशिगटन सुंदर को मौका दिया गया था। भारत चौथा टी-20 छह नबंर को कैनबरा और पांचवां मैच आठ नवम्बर को ब्रिस्बेन में खेलेगा। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 14 नवम्बर को कोलकाता में खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी दो टी-20 मैच के लिए अब भारतीय टीम इस प्रकार है:- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिकू सिह और वॉशिगटन सुंदर।

दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के लिए भारत ए टीम:- ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), के एल राहुल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उपकप्तान), देवदत्त पड़िक्कल, ऋतुराज गायकवाड़, हर्ष दुबे, तनुष कोटियान, मानव सुथार, खलील अहमद, गुरनूर बराड़, कुलदीप यादव, अभिमन्यू ईश्वरन, प्रसि( कृष्णा, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

# सम्पादकीय

मंगलवार , 4 नवम्बर 2025

## ट्रम्प का बयान विनाशक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर विवादित और उकसाने वाला बयान दिया है। उनका कहना है कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान सहित कई देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। ट्रंप ने अमेरिका के परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने की आवश्यकता जताई और बताया कि तैयारियां पहले से चल रही हैं। उनके इस बयान से दुनिया सकते में हैं और इसकी आलोचना करते हुए इसे उकसाने वाला बताया है। यदि ट्रंप के बयान में सच्चाई है, तो दुनिया को विनाश से कोई नहीं रोक सकता। क्योंकि इस बात का जिक्र रूस ने अभी तक नहीं किया। रूस का यूक्रेन से युद्ध चल रहा है, लेकिन उसने अभी तक भी परमाणु हथियार का इस्तेमाल नहीं किया है। ट्रप ने दावा किया कि अमेरिका के पास दुनिया को 150 बार नष्ट करने के लिए पर्याप्त परमाणु हथियार मौजूद हैं, तो फिर वह ऐसे बयान क्यों दे रहा है। वह अपने आप को खतरा मान रहा है, या दुनिया को जलाने की कोशिश कर रहे हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जो परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। 60 मिनट के साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान सहित कई देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, जबकि अमेरिका एकमात्र ऐसा देश है, जो ऐसा नहीं कर रहा है। रूस और चीन परीक्षण कर रहे हैं, लेकिन वे इस बारे में बात नहीं करते। हम एक खुला समाज हैं, हम अलग हैं, हम इस बारे में बात करते हैं। हमें इस बारे में बात करनी ही होगी क्योंकि वरना आप लोग रिपोर्ट करेंगे। उनके पास ऐसे पत्रकार नहीं हैं, जो इस बारे में लिखें। हम परीक्षण करेंगे, क्योंकि वे परीक्षण करते हैं और दूसरे भी परीक्षण करते हैं और निश्चित रूप से उत्तर कोरिया परीक्षण कर रहा है, पाकिस्तान भी परीक्षण कर रहा है। ट्रंप का ये बयान तब सामने अया, जब उनसे रूस द्वारा हाल ही में पोसाइडन अंडरवाटर ड्रोन सहित उन्नत परमाणु-सक्षम प्रणालियों के परीक्षणों के 30 से अधिक वर्षों बाद परमाणु हथियारों का विस्फोटष्करने के उनके फैसले के बारे में पूछा गया। मगर इस बयान में पाकिस्तान का नाम लेना ये साबित करता है कि अमेरिका उसे अपने सबसे बड़े दुश्नमनों की श्रेणी में रख रहा है। हाल में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल मुनीर ने ट्रंप से कई मुलाकातें की हैं और संबंधों को ठीक करने की कोशिश की है, मगर ट्रंप ने ये बयान देकर उन्हें फिर झटका दे दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की घोषणा पर दुनिया में हलचल मच गई है। इस पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है।

### अपमान मंत्रालय स्थापित करे केंद्र



बिहार में मतदाता सूची से 65 लाख लोगों का नाम काट दिया गया है, जो न केवल उनके मताधिकार का हनन है, बल्कि सीधे तौर पर उनकी नागरिकता छीनने जैसा गंभीर कदम है, पिछले 20 वर्षों से बिहार की चुनी हुई सरकार को प्रधानमंत्री और गृहमंत्री चला रहे हैं।,जब आपकी चुनी हुई सरकार को केंद्र से सम्मान नहीं मिलता, तो जनता का सम्मान कैसे बचेगा, केंद्र सरकार को अपमान मंत्रालय स्थापित करना चाहिए, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पहले पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को हर मुद्दे पर दोषी ठहराकर उनका अपमान करने में अपना समय बर्बाद करते हैं।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**
**कांग्रेस सांसद**

## विकास की चमक और सच का अंधेरा



**वीरेश तरार**

संयुक्त राष्ट्र ने सतत विकास लक्ष्यों को वर्ष दो हजार पंद्रह में अपनाया था और इन्हें दो हजार तीस तक हासिल करने का लक्ष्य रखा गया था। यानी पंद्रह वर्षों का यह कार्यक्रम अब अपने अंतिम पांच वर्षों में प्रवेश कर चुका है। भारत सरकार ने इसकी जवाबदेही वर्ष दो हजार अठारह से तय करनी शुरू की। नीति आयोग द्वारा जारी राष्ट्रीय सूचकांक के अनुसार, वर्ष दो हजार अठारह में भारत का औसत अंक सत्तावन था। वर्ष दो हजार इक्कीस.तेईस में यह बढ़कर छियासठ हुआ और हालिया रिपोर्ट दो हजार चौबीस में बहत्तर के आसपास पहुंच गया। सरकार इन आंकड़ों को यह प्रमाण बताती है कि देश अपने सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन यदि इन अंकों के पीछे झांका जाए तो एक दूसरा सच सामने आता है। विकास की यह चमक बाहर से भले तेज दिखाई दे, भीतर से यह कई सवाल उठाती है। क्या यह विकास वास्तव में मानव और प्रकृति के हित में है? क्या यह हमारे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को सुरक्षित रख रहा है? और क्या यह विकास जनभागीदारी पर आधारित है या केवल पूंजी और उद्योग केंद्रित? आज का विकास मॉडल मुख्यत: ढांच.ागत निर्माणों और आर्थिक उत्पादन पर टिक गया है। बड़े-बड़े राजमार्ग, बांध, औद्योगिक परियोजनाएं और खनन को प्रगति का प्रतीक बताया जा रहा है। किंतु इनसे स्थानीय पारिस्थितिकी, जल स्रोत, मिट्टी और जनस्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहे हैं। शोध बताते हैं कि राजमार्गों के आसपास पांच सौ मीटर से लेकर कई किलोमीटर तक का क्षेत्र प्रदूषित होता है, वृक्ष कटते हैं और वायु में कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है। यह विकास का वह रूप है जिसमें धरती का संतुलन दांव पर लगा है। इस बीच एक और भ्रम फैलाया जा रहा है कि विद्युत चालित वाहन या सौर ऊर्जा से संचालित उद्योग पूरी तरह पर्यावरण-हितकारी हैं। जबकि सच यह है कि इनकी बैटरियों में प्रयुक्त लिथियम और अन्य तत्वों का कचरा अत्यंत हानिकारक होता है। इसका निस्तारण आज भी पूरी तरह सुरक्षित व्यवस्था से नहीं हो पा रहा है। यानी हर नई तकनीक अपने साथ एक नया संकट भी लेकर आती है। सरकार जब एथेनॉल उत्पादन की बात करती है तो यह तर्क दिया जाता है कि इससे पानी की खपत बहुत बढ़ जाएगी। लेकिन यह अर्धसत्य है। एथेनॉल उत्पादन में प्रयुक्त गन्ना और मक्का जैसी फसलें वर्षा पर आधारित होती हैं और यदि ए उद्योग अपने संयंत्रों में अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र (ईटीपी) लगाएं तथा वर्षा जल संचयन की व्यवस्था करें तो पानी का पुन: उपयोग संभव है। इससे जल.व्यय नहीं, बल्कि जल.संरक्षण होगा। यही सच्चा समाधान है, न कि एथेनॉल उत्पादन को रोकना। यहां सवाल उठता है कि गांधी जी के नेतृत्व में जब स्वाधीनता की लडाईयां लडी जा रही थी तब क्या आजाद भारत की परिकल्पना में किसी भावी विकास माडल को भी शामिल किया गया था तो हम पाते हैं कि महात्मा गांधी ने जब स्वाधीन भारत के विकास की परिकल्पना की थी, तब उसका मूल आधार स्वराज था, ऐसा स्वराज जो व्यक्ति, समाज और प्रकृति तीनों के सामंजस्य से निर्मित हो। गांधी जी ने ग्राम स्वराज की जो कल्पना रखी, उसमें प्रत्येक ग्राम आत्मनिर्भर और उत्तरदाई इकाई के रूप में सोचा गया था। यह विचार केवल प्रशासनिक नहीं था, बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत प्रासंगिक था। स्वतंत्रता के बाद अनेक आयोगों जैसे बलवंत राय मेहता समिति, अशोक मेहता समिति , एल एम सिंघवी आयोग और बाद में जीवीके राव समिति ने ग्रामीण स्वराज की इस अवधारणा को संस्थागत रूप देने की सिफारिश की परंतु यह सपना कई दशकों तक अधूरा रहा। अंतत: वर्ष उन्नीस सौ ब्यानबे में संविधान के तिहत्तरवें संशोधन के रूप में पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा मिला। इस संशोधन ने न केवल ग्राम पंचायतों को अधिकार दिए, बल्कि यह सिद्ध किया कि भारत में लोकतंत्र का असली अर्थ तभी पूरा होता है जब उसका आधार गांव हो। फिर भी यह प्रक्रिया अब भी अध.ूरी है। कई राज्यों में पंचायतों की स्वायत्तता व्यवहार में सीमित रह गई है। योजनाएं ऊपर से थोपे गए प्रारूप में चलती हैं और स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने की शक्ति कमजोर पड़ी है। यही कारण है कि आज जब सतत विकास की बात होती है, तो उसके केंद्र में जो ग्राम स्वराज की आत्मा होनी चाहिए थी, वह कहीं खो गई प्रतीत होती है। वास्तव में सतत विकास का आधार स्थानीय भागीदारी है। हमारे संविधान के तिहत्तरवें संशोधन ने ग्राम पंचायतों को जो स्वायत्तता दी है, वही इस दिशा का सबसे सशक्त साधन है। यदि ग्राम सभाएं अपने स्तर पर योजनाएं बनाएं, स्थानीय जल स्रोतों का प्रबंधन करें और पर्यावरण की रक्षा को प्राथमिकता दें, तो यह विकास दीर्घकालिक और लोकहितकारी होगा परंतु आज नीतियां उलटी दिशा में जा रही हैं वन कानून, सीमा कानून और खनन संबंधी संशोधनों ने ग्राम स्वराज की भावना को कमजोर किया है। जरूरत इस बात की है कि विकास की नीति में पुनर्विचार हो। आंकड़ों की तालिकाओं और स्कोर कार्ड से आगे बढ़कर यह देखा जाए कि धरातल पर क्या हो रहा है। कितनी नदियां सूख रहीं, कितने जंगल कट रहे हैं, और कितने गांव प्रदूषण से बीमार हो रहे हैं यह भी विकास के मापदंड का हिस्सा बने। कार्बन क्रेडिट से मिलने वाले धन का उपयोग वृक्षारोपण और जल संरक्षण में किया जा सकता है। उद्योगों को बाध्य किया जाए कि वे अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण करें और प्रदूषण को न्यूनतम स्तर पर लाएं। स्थानीय पंचायतों को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त किया जाए, ताकि विकास का अर्थ केवल इमारतें खड़ी करना न रह जाए, बल्कि मनुष्य और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करना बने। अंतत: यही कहा जा सकता है कि सच्चा विकास वही है जो गांव से शुरू हो, गांव के लिए हो और भावी पीढ़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर हो। यदि हम केवल अंक बढ़ाने की होड़ में लगे रहेंगे तो आने वाले वर्षों में ए अंक हमारे पर्यावरण, स्वास्थ्य और अस्तित्व की कीमत पर लिखे जाएंगे। विकास का अर्थ तभी पूर्ण होगा जब उसकी चमक के साथ सच की रोशनी कायम रहे।

### डेटा इनबॉक्स: सतत विकास संकेतक ( सारांश )

भारत ने सन् दो हजार पन्द्रह में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को अपनाया था, जिनकी समय सीमा सन् दो हजार तीस तक निर्धारित है। नीति आयोग की रिपोर्टों के अनुसार भारत का समेकित स्कोर सन् दो हजार अठारह में सत्तावन, सन् दो हजार इक्कीस में छियासठ और सन् दो हजार तेईस-चौबीस में बहत्तर अंक तक पहुंचा है। राज्यों के स्तर पर यह अंक सीमा सत्तावन से उन्यासी के बीच रही, जिसमें केरल और उत्तराखण्ड राज्य संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर रहे। जबकि बिहार और झारखंड इसके निम्नतम स्तर पर। रिपोर्टों में स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति और जल संरक्षण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है, जबकि पर्यावरण, स्वास्थ्य और स्थानीय पारिस्थितिकी पर विकास परियोजनाओं के नकारात्मक प्रभावों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। वैश्विक स्तर पर हाल की रिपोर्टों में भारत की स्थिति लगभग निन्यानवेवें स्थान के आसपास दर्ज की गई है, जो सुधार की दिशा में संकेत देती है परंतु चुनौतियां अभी भी गंभीर हैं।

(स्रोत-नीति आयोग की एसडीजी इंडिया रिपोर्ट 2018, 2020-21, 2023-24 तथा सतत विकास रिपोर्ट 2025)

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## द ताज स्टोरी: मुगल इतिहास को गढ़ने की नाकाम कोशिश



**एम हसन**

दरअसल, परेश रावल द्वारा फिल्मों में अपने एक संवाद में कहे गए ताजमहल का डीएनए करने के बजाय, हिंदी फिल्म निर्माताओं को निष्पक्ष इतिहास को गंभीरता से पढ़ना चाहिए और ऐसी फिल्में बनाते समय इतिहासकारों की मदद लेनी चाहिए। पीड़ा भरी दृष्टि भारत के गौरवशाली अतीत को कलंकित करेगी और जोधाबाई और अनारकली कहीं से भी उभरती रहेंगी। तो विभाजन अपेक्षित सीमा पर है। आगरा में दक्षिणपंथी संगठन ताज नगरी के फिल्म प्रेमियों को मुफ्त सिनेमा टिकट देकर फिल्म द ताज स्टोरी का प्रचार करने के लिए आगे आए हैं। फिल्म में तेजो महल वाले दृश्य का स्वागत करते हुए, इन संगठनों ने सिनेमा देखने वालों को अतिरिक्त लॉलीपॉप देने की भी पेशकश की है। दक्षिणपंथी अनुयायियों के लिए यह वास्तव में कश्मीर फाइल्स और केरल फाइल्स वाला दृश्य है।

हालांकि मुख्य अभिनेता परेश रावल ने दावा किया है कि फिल्म का उद्देश्य सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा करना नहीं है और यह पर्यटन को बढ़ावा देगी, लेकिन इसका लहजा और भाव निश्चित रूप से इस दिशा में प्रतिबिंबित नहीं होता है। जब से तथाकथित इतिहासकार पीएन ओक ने 1989 में अपनी पुस्तक ताज महल द ट्रू स्टोरी में ताज महल को मूलत: एक हिंदू मंदिर बताने के लिए तेजो महालय षड्यंत्र सिद्धांत पेश किया, जिसमें उन्होंने कहा कि ताज महल मूलत: एक हिंदू मंदिर था, जिसे बाद में मुगलों ने अपने कब्जे में ले लिया, तब से ऐसे सिद्धांतों के दावेदारों की कोई कमी नहीं रही है और फिल्म उद्योग भी इन लोगों को समर्थन दे रहा है। गौरतलब है कि सिर्फ ताज महल ही नहीं है जिसकी पुरातात्विक सत्यता पर दशकों से कई मामले अदालतों में दायर होने के साथ सवाल उठाए जाते रहे हैं, सिनेमा उद्योग ने कई ऐसे मुगल पात्रों को उजागर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जो इतिहास में कभी अस्तित्व में ही नहीं थे। 1960 के दशक की महान फिल्म मुगल-ए-आजम या 2008 की जोधा अकबर या सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी का प्रतिनिधित्व करने वाली सल्तनत काल पर बनी फिल्म पद्मावत। मध्यकालीन इतिहास के जाने-माने इतिहासकारों का मानना है कि प्रामाणिक इतिहास स्रोतों ने जोधाबाई (मुगल सम्राट अकबर की पत्नी) या अनारकली (राज.कुमार सलीम की दासी) की प्रेम कहानी जैसे किसी व्यक्ति के बारे में संकेत नहीं दिया है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रमुख इतिहासकार और भारतीय इतिहास कांग्रेस के सचिव प्रोफेसर अली नदीम रेजवी ने कहा कि हिंदी ऐतिहासिक फिल्में कभी भी वास्तविक, जीवित अतीत का दूर-दूर तक आह्वान नहीं करती हैं। न ही निर्माताओं ने उस काल को समझने के लिए पेशेवर इतिहासकारों की मदद लेना आवश्यक समझा जिसमें वे अपनी फिल्में सेट करते हैं। बिना किसी अपवाद के, सभी निर्देशकों की मूल चिंता केवल एक ऐसी कहानी पर फिल्म बनाना प्रतीत होती है जो बिक जाए, न कि इसे अतीत में वास्तव में क्या हुआ या हो सकता है, उसके अनुरूप बनाना।ऐसा नहीं है कि परेश रावल ताजमहल पर पहली फिल्म बनाने वाले पहले व्यक्ति हैं। ऐसी कई फिल्में बनी हैं- ताजमहल (1941), मुमताज महल (1944), ताजमहल (1963) और ताजमहल- एन इटरनल लव स्टोरी (2005), लेकिन ये सभी आगरा में इस महान स्मारक के निर्माण के लिए प्रेरित महिला और शाही प्रेम पर केंद्रित थीं। हालांकि ये फिल्में उस दौर की थीं जब ऐतिहासिक प्रामाणिकता का पूरा ध्यान रखा जाता था और निर्माता मूल अवधारणा के साथ न्याय करने की कोशिश करते थे। पिछले एक दशक में बदली हुई मानसिकता और मनगढ़ंत कहानियों और मिथकों को मूल और प्रामाणिक इतिहास के रूप में प्रस्तुत करने के साथ, फिल्म उद्योग भी इस ओर आकर्षित हो रहा है। ताजमहल के निर्माण का जिक्र करते हुए प्रोफेसर रेजावी ने कहा, उस काल के प्रामाणिक दस्तावेज उपलब्ध हैं कि इस मकबरे का निर्माण मुगल सम्राट शाहजहां के काल में हुआ था। उन्होंने कहा कि किसी अन्य मुगल इमारत के इतने दस्तावेज-रिकॉर्ड नहीं हैं जितने ताजमहल के हैं। प्रोफेसर रेजवी ने कहा कि एक फरमान उपलब्ध है जिसमें मिर्जा जय सिंह को लिखा गया था कि उनके दरबारी वास्तुशास्त्रियों ने उन्हें बताया है कि नदी के किनारे जिस स्थान पर आपका जय सिंह महल है, वह मकबरा बनाने के लिए उपयुक्त है। आप इसे हमें दे दें और हम आपको पर्याप्त मुआवजा देंगे। जय सिंह तुरंत सहमत हो गए और उस महल के बदले, जिस पर 22 वर्षों की अवधि में ताजमहल का निर्माण हुआ, सम्राट ने उन्हें उसी क्षेत्र में चार बड़े महल और अन्य विशाल संपत्तियां दीं, प्रोफेसर रेजावी कहते हैं, यह साबित करने के लिए कोई दस्तावेजी सबूत नहीं है कि स्मारक के निर्माण से पहले वहां एक शिव मंदिर मौजूद था।



उन्होंने कहा कि जयपुर में मान सिंह जय सिंह के वंशज संग्रहालय में उपलब्ध 1720 के आगरा के नक्शे में मौके पर किसी मंदिर का कोई उल्लेख नहीं है, लेकिन मुमताज महल के मकबरे के बारे में स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है। प्रोफेसर रेजावी ने आगे कहा कि पूरे क्षेत्र को मुमताजाबाद के रूप में जाना जाने लगा और बाद में वर्तमान ताजगंज के रूप में जाना जाने लगा। निर्माण सामग्री के बारे में, प्रोफेसर रेजावी ने कहा कि बीकानेर संग्रहालय में पांडुलिपियों के रूप में विस्तृत रिकॉर्ड हैं जिनमें पत्थर, संगमरमर, श्रम और अन्य चीजों की आपूर्ति के बारे में उल्लेख है जो शाही आदेश पर आगरा को आपूर्ति की गई थीं। स्मारक के पुरातत्व के बारे में, प्रोफेसर रेजावी ने कहा कि यह दो संस्कृतियों का मिश्रण था। भारतीय और मुगल वास्तुकला। दरअसल, परेश रावल द्वारा फिल्मों में अपने एक संवाद में कहे गए ताजमहल का डीएनए करने के बजाय, फिल्म निर्माताओं को निष्पक्ष इतिहास को गंभीरता से पढ़ना चाहिए और ऐसी फिल्में बनाते समय इतिहासकारों की मदद लेनी चाहिए। इस तरह की विकृत दृष्टि भारत के गौरवशाली इतिहास को कलंकित करेगी और जोधाबाई और अनारकली सामने आती रहेंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बिहार चुनाव: कांग्रेस से बेहतर हो सकता है भाकपा माले का स्ट्राइक रेट



बिहार के चुनावी गणित को देखें तो यहां दो परि.श्य गौर करने लायक है। एक तो यह कि यहां लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वोटरों का रुझान बिल्कुल अलग है खास तौर पर भाजपा के लिए।दूसरा यह कि बिहार में कम्युनिस्ट दलों का वर्चस्व अभी भी कायम है। पहले बिहार के लोकसभा व विधानसभा के चुनावी अंकगणित पर गौर करते हैं। 2004 के चुनावों से देखें तो यह तस्वीर साफ नजर आती है कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में वोटर का मूड भिन्न होता है। विधानसभा चुनाव में किसी भी अकेले दल को सत्ता की चाभी नहीं थमाती।

वह क्षेत्रीय दलों को तरजीह तो देती है लेकिन बहुमत से दूर रखती है। वह चाहे जदयू हो या आरजेडी। 2004 में लोकसभा की मात्र 5 सीट जीतने वाली भाजपा 2005 के विधानसभा चुनाव में 37 सीट जीत लेती है। लोकसभा चुनाव के मुकाबले विधानसभा चुनाव में वोट प्रतिशत भी इनका बढ़ जाता है। 2009 में लोकसभा की 12 सीट जीतने वाली भाजपा को 2010 के विधानसभा चुनाव में इसे 91 सीट पर सफलता मिलती है। इसी तरह 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा जब 22 सीट जीतती है तो 2015 के विधानसभा चुनाव में इसे मात्र 53 सीटों पर ही कामयाबी मिलती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 17 सीटें जीतती है तो 2020 के विधानसभा चुनाव में उसे 74 सीटों पर सफलता मिलती है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 12 सीटों पर जीती है। अब 2025 के इसी महीने में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा के हिस्से में कितनी सीटें आती है,यह देखना है। मैदान में यूं तो कई क्षेत्रीय दल भाग्य आजमा रहे हैं लेकिन मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन में ही है। सबसे दिलचस्प यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को खुद को महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे बनाए जाने का भय सता रहा है ऐसे में उनके वोटर चिराग पासवान की पार्टी के साथ खेल न कर दें,यह आशंका भी बना हुआ है। नीतीश कुमार की यह आशंका और बलवती हुई होगी जब प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि आरजेडी ने कांग्रेस के ष्कनपटी पर कट्टा रखकर तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने को मजबूर किया है। मोदी की इस टिप्पणी के बाद नीतीश कुमार और उनके समर्थक इस बात को लेकर भयभीत हैं कि इसका मतलब एनडीए में जो मोदी चाहेंगे वहीं होगा। अर्थात पर्ची वाला भी मुख्यमंत्री हो सकता है। वोटरों की चुप्पी के बीच चुनाव बाद किस गठबंधन को कितनी सीटें हासिल होती है यह तो अहम है ही लेकिन सरकार किसके नेतृत्व में बनती है यह देखना बेहद दिलचस्प होगा।

बिहार विधानसभा चुनाव का जो दूसरा परि.श्य है वह कम दिलचस्प नहीं है। उत्तर भारत के प्रदेशों में कम्युनिस्ट दलों का लगभग खात्मा हो चुका है लेकिन बिहार इससे अछूता है। 2020 के विधानसभा में इस दल के 12 विधायक थे। अभी जो चुनाव चल रहा है उसमें भाकपा माले इंडिया गठबंधन का बड़ा साझेदार है। इसके 20 उम्मीदवार मैदान में हैं। ए भले ही कम सीटों पर लड़ते हैं, जीतने का इनका स्ट्राइक रेट बढ़िया होता है। पिछले चुनाव में इस दल के दो चार उम्मीदवार बहुत मामूली वोटों से हारे थे या हरा दिए गए थे। पिछले विधानसभा चुनाव में भाकपा माले की हारी हुई एक सीट भोरे भी है जहां से इस बार जेएनयू छात्रसंघ के प्रेसिडेंट रहे 29 वर्षीय धनंजय को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। भोरे विधानसभा क्षेत्र पश्चिमी बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित है। बिहार का यह जिला यूपी के देवरिया और कुशीनगर से सटा हुआ है। गोपालगंज जिले का भोरे विधानसभा क्षेत्र कम्युनिस्टों का गढ़ माना जाता है। पिछले चुनाव में कम्युनिस्ट उम्मीदवार रहे जितेन्द्र पासवान बिहार के डीजीपी रहे जदयू उम्मीदवार सुनील कुमार से 472 वोटों के मामूली अंतर से चुनाव हारे थे। स्थानीय लोगों ने इस चुनाव परिणाम को संदिग्ध माना था। इस बार फिर पार्टी ने जितेन्द्र पासवान को उम्मीदवार बनाया था लेकिन उन्हें नामांकन के दिन ही 2017 के एक पुराने मामले में गिरफ्तार कर लिया गया लिहाजा वे नामांकन नहीं दाखिल कर पाए। जितेन्द्र पासवान की गिरफ्तारी के बाद माकपा ने जेएनयू के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष धनंजय को उम्मीदवार बनाया है। इधर जितेन्द्र पासवान की गिरफ्तारी को जदयू उम्मीदवार की हार के डर से प्रतिशोध की कार्रवाई करार दिया गया और इसके पीछे जेडीयू उम्मीदवार सुनील कुमार और नीतीश कुमार का हाथ माना गया।



**यशोदा श्रीवास्तव**

मात्र 472 वोटों से जीतने वाले पूर्व डीजीपी सुनील कुमार नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में शिक्षा मंत्री थे। यूपी सीमा से सटे बिहार के इस विधानसभा क्षेत्र का चुनाव बेहद दिलचस्प है क्योंकि यहां जेडयू उम्मीदवार सुनील कुमार जैसे धनबलि के मुकाबले जनता मैदान में हैं। रिटायर्ड आईपीएस सुनील कुमार 1987 बैच के आईपीएस हैं। 2020 में वे पहली बार जदयू के टिकट पर चुनाव लड़े और जीते। फिर बिहार के शिक्षा मंत्री बने। 1997 में यहां माले कार्यकर्ता उमेश पासवान की हत्या के बाद यह क्षेत्र कम्युनिस्टों का गढ़ बन गया। यहां के गरीब और दलित लोग कम्युनिस्ट विचारधारा से लैस हैं। इनके अंदर उमेश पासवान की हत्या और 2020 में जितेन्द्र पासवान की चुनाव में हार की ज्वाला धधक रही है। यह नहीं कहा जा सकता कि बिहार के शिक्षा मंत्री रहे सुनील कुमार चुनाव हार रहे हैं, हां उनकी जीत आसान भी नहीं है। पूरे बिहार में भाकपा माले के सीटों की अच्छी पोजीशन देख इस बार भी इनका स्ट्राइक रेट कांग्रेस से अच्छा हो तो कोई आश्चर्य नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इराक-तुर्की ने जल सहयोग समझौते के लिए किए हस्ताक्षर

**बगदाद।** इराक और तुर्की ने रविवार को जल सहयोग समझौते के क्रियान्वयन के लिए एक कार्यकारी तंत्र पर हस्ताक्षर किया। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने इस कदम की सराहना करते हुए इसे इराक में जल संकट के स्थाई समाधानों में से एक कहा। प्रधानमंत्री अल-सुदानी के मीडिया कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि इस समझौते पर इराकी विदेश मंत्री फ़ुआद हुसैन और उनके तुर्की समकक्ष हकान फिदान ने हस्ताक्षर किए। इराकी प्रधानमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि इस समझौते को जल क्षेत्र में संयुक्त प्रमुख परियोजना पैकेजों के माध्यम से लागू किया जाएगा।

### इराक संसदीय चुनाव को समर्थन देने का लिया संकल्प

**बगदाद।** इराक के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि मोहम्मद अल हसन ने इराक में 11 नवम्बर को होने वाले संसदीय चुनावों को समर्थन देने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। यह जानकारी इराकी विदेश मंत्रालय ने दी। इराकी विदेश मंत्री फ़ुआद हुसैन के साथ अपनी बैठक में हसन ने चुनावी प्रक्रिया में इराक के लिए अपना समर्थन जारी रखने और राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिरता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### वियतनाम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हुई

**हनोई।** मध्य वियतनाम में भारी बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है जबकि पांच लापता हैं और 78 अन्य घायल हैं। यह जानकारी वियतनाम आपदा एवं बांध प्रबंधन प्राधिकरण ने सोमवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार 12600 से अधिक घर अभी भी जलमग्न हैं, जबकि 103 अन्य नष्ट हो चुके हैं या बह चुके हैं। 451 मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। बाढ़ के कारण लगभग 7900 हेक्टेयर क्षेत्र की फसलें जलमग्न हो गई हैं, 64000 से अधिक पशुधन एवं मुर्गियां मर गई हैं, तथा सिंचाई प्रणालियों और नदी तटों को भारी नुकसान पहुंचा है।

### ट्रेन में चाकू से हमला करने वाला एकमात्र संदिग्ध: ब्रिटिश पुलिस

**लंदन।** ब्रिटिश पुलिस ने रविवार को कहा कि पूर्वी इंग्लैंड में शनिवार शाम एक ट्रेन में चाकू से हमले करने की घटना में 32 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक को एकमात्र संदिग्ध माना जा रहा है। इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि उन्होंने एक 32 वर्षीय व्यक्ति और एक 35 वर्षीय व्यक्ति ब्रिटिश नागरिकों को गिरफ्तार किया है लेकिन बाद में 35 वर्षीय व्यक्ति को बिना किसी कार्रवाई के रिहा कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि 32 वर्षीय व्यक्ति को हत्या के प्रयास के संदेह में गिरफ्तार किया गया है।

# पोर्टलैंड में सैनिकों की तैनाती पर रोक

## अमेरिकी जज ने फिर लगाई ट्रम्प प्रशासन को फटकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओरेगन की एक संघीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन को पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनात करने से रोक दिया है। कोर्ट ने कहा कि शहर में स्थिति नियंत्रण से बाहर होने का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं मिला है।

यह आदेश अमेरिकी जिला न्यायाधीश करीन इम्मरगट ने दिया, जो खुद राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा नियुक्त जज हैं। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि संघीय कानून के तहत सेना की घरेलू तैनाती के लिए जरूरी शर्तें इस मामले में पूरी नहीं होतीं। कोर्ट ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन ने यह कदम इस साल की शुरुआत में तब उठाया था जब पोर्टलैंड और अन्य शहरों में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट आफिस के बाहर प्रदर्शन हो रहे थे। राज्य सरकार और शहर प्रशासन ने इस फैसले के खिलाफ सितम्बर में अदालत का दरवाजा खटखटाया था। अब



अदालत अब शुक्रवार को इस पर अंतिम आदेश जारी करेगी

जज इम्मरगट ने कहा कि कोर्ट को ऐसा कोई विश्वसनीय प्रमाण नहीं मिला जिससे यह साबित हो सके कि हालात बेकाबू थे। यह फैसला तीन दिन चली सुनवाई के बाद आया, जिसमें दोनों पक्षों ने 750 से अधिक साक्ष्य अदालत में पेश किए। अदालत अब शुक्रवार को इस पर अंतिम आदेश जारी करेगी। यह मामला अमेरिका के कई शहरों में ट्रम्प प्रशासन द्वारा विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए नेशनल गार्ड की तैनाती से जुड़ी कानूनी खींचतान का हिस्सा है। बता दें कि ट्रम्प प्रशासन ने कहा था कि वह 200 नेशनल गार्ड जवानों को 60 दिनों के लिए संघीय नियंत्रण में लेकर पोर्टलैंड में भेजेगा ताकि संघीय संपत्तियों की रक्षा की जा सके। यह निर्णय तब लिया गया जब राष्ट्रपति ट्रम्प ने शहर को 'युद्धग्रस्त' बताया था। ओरेगन के अधिकारियों ने इस बयान को हास्यास्पद बताया और कहा कि शहर को किसी सैन्य हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पोर्टलैंड में हाल के विरोध प्रदर्शन सिर्फ एक ब्लॉक के क्षेत्र तक सीमित थे और उनमें कुछ ही दर्जन लोग शामिल होते थे। इस पर अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति का आदेश संविधान और उस संघीय कानून का उल्लंघन है, जो सामान्य परिस्थितियों में सेना को घरेलू कानून लागू करने से रोकता है।

## अफगानिस्तान में भूकंप से 20 की मौत 320 से अधिक घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान के समांगन प्रांत में मजार-ए-शरीफ के समीप खुल्म में रविवार की रात शक्तिशाली भूकंप से 20 लोगों की मौत हो गई और 320 से अधिक लोग घायल हो गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार स्थानीय समयानुसार कल रात लगभग 12:59 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र उत्तरी शहर मजार-ए-शरीफ के पास खुल्म से लगभग 22 किलोमीटर (14 मील) पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में रहा। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि की है कि मजार-ए-शरीफ और आसपास के इलाकों के अस्पतालों में सैकड़ों घायल लोगों को भर्ती कराया गया है तथा प्रभावित इलाके में बचाव दलों को भेजा गया है। स्थानीय मीडिया की शुरुआती रिपोर्टों में मृतकों की संख्या 10 बताई गई थी।



कोलकाता। कार्यस्थल पर हिंसा की घटनाओं के विरोध में विभिन्न अस्पतालों की नर्सें विरोध मार्च में भाग लेती हुई।

## भारत ने बहरीन के साथ द्विपक्षीय निवेश संधि और फिनटेक क्षेत्र में साझेदारी की संभावना पर बल दिया

**नई दिल्ली।** भारत ने बहरीन के साथ अंतरिक्ष, फिनटेक और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में साझेदारी की संभावना बताते हुए उसके साथ द्विपक्षीय निवेश संधि और संयुक्त कार्य समूह के गठन पर जोर दिया है। भारत ने गाजा शांति योजना के प्रति अपने समर्थन को भी दोहराते हुए उम्मीद जताई है कि इससे समस्या का स्थायी समाधान निकलेगा। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए बहरीन के विदेश मंत्री डा. अब्दुल्लातिफ़ बिन राशिद अलज़यानी के साथ सोमवार को यहां पांचवीं भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग की बैठक में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत और बहरीन के बीच सदियों पुराने मैत्रीपूर्ण संबंध हैं जो व्यापारिक और लोगों के बीच परस्पर मजबूत संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने लोगों और अपने साझा क्षेत्र के लिए शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के साझा लक्ष्य और प्रतिबद्धता में भी विश्वास करते हैं।

# हमारे पास दुनिया को 150 बार उड़ाने लायक बम

## राष्ट्रपति ने कहाः पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा, रूस-चीन और कोरिया में भी टेस्टिंग जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा है। उन्होंने यह बयान एक इंटरव्यू में दिया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका को फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है। जब ट्रम्प से पूछा गया कि नार्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि रूस, पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता। ट्रम्प पहले ही रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) को परमाणु हथियारों की तुरंत टेस्टिंग शुरू करने का आदेश दे चुके हैं। ट्रम्प ने फिर से दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोकने में बड़ी भूमिका निभाई थी। ट्रम्प ने कहा भारत और पाकिस्तान परमाणु युद्ध की कगार पर थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री खड़े होकर बोले थे, अगर मैं बीच में नहीं आता तो लाखों लोग मारे जाते। ट्रम्प ने कहा कि उनकी दखल के बाद ही हालात शांत हुए और दोनों देशों के बीच लड़ाई नहीं बढ़ी। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने यह दावा किया हो। वे



भारत-पाक संघर्ष रोकने का दावा दोहराया, अगर मैं बीच में नहीं आता, तो लाखों लोग मारे जाते

अब तक 70 से ज्यादा बार यह दावा कर चुके हैं। ट्रम्प ने पिछले हफ्ते साउथ कोरिया में दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों पर 250 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके दो दिन बाद दोनों ने फोन किया और सीजफायर पर सहमति जता दी। ट्रम्प ने चीन को चेतावनी दी है कि अगर उसने ताइवान पर हमला किया, तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे, अगर ताइवान पर हमला हुआ तो वह (शी जिनपिंग) जानते हैं कि इसका जवाब क्या होगा। उन्होंने हमारी मुलाकात में इस पर बात नहीं की, क्योंकि वह नतीजे जानते हैं। ट्रम्प ने दावा किया है कि जिनपिंग ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि जब तक ट्रम्प राष्ट्रपति हैं, तब तक चीन ताइवान को अपने नियंत्रण में लेने की कोई सैन्य कार्रवाई नहीं करेगा। ट्रम्प का दावा है कि उनके पहले कार्यकाल में चीन ने कभी ताइवान पर हमले की हिम्मत नहीं की थी, क्योंकि उसे अमेरिका की सख्त प्रतिक्रिया का डर था। पुतिन और जिनपिंग: ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ की है। इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि पुतिन और शी जिनपिंग में से किससे निपटना ज्यादा मुश्किल है, तो उन्होंने कहा दोनों कठिन हैं, दोनों स्मार्ट हैं। ये वो लोग हैं जिनसे खेला नहीं जा सकता। ये मजाक के लिए नहीं बैठे होते। ये गंभीर और मजबूत नेता हैं। अमेरिकी सांसदों का मानना है कि अगर अमेरिका फिर से परमाणु परीक्षण नहीं करेगा तो उसका परमाणु हथियार भंडार कमजोर पड़ सकता है। लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि बिना धमाका किए भी आधुनिक तकनीक से हथियारों की स्थिति जांची और उन्हें सुरक्षित रखा जा सकता है। 2017 में यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना के अर्थशास्त्री कीथ मेयर्स की एक रिसर्च के मुताबिक अमेरिका में पहले हुए परमाणु परीक्षणों से निकले रेडिएशन की वजह से लगभग 6.9 लाख अमेरिकी नागरिकों की मौतें हुईं या उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ा। 21वीं सदी में अब तक केवल उत्तर कोरिया ने परमाणु परीक्षण किए हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया लगातार किम जोंग पर दबाव बनाते रहे हैं कि वह परमाणु हथियार छोड़ दे और शांतिपूर्ण समझौते की दिशा में बढ़े। ट्रम्प ने 3 दशक बाद अमेरिका के फिर से परमाणु हथियार का परीक्षण के आदेश को सही ठहराया। उन्होंने पिछले हफ्ते कहा था कि रूस और चीन दोनों ऐसा कर रहे हैं।

## अमेरिका में शटडाउन पर गतिरोध 33वें दिन भी जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शटडाउन को लेकर अभी भी गतिरोध बना हुआ है और अब यह छठे हफ्ते में पहुंच गया है। शटडाउन के चलते अमेरिका में लाखों अमेरिकियों को मिलने वाली खाद्य सहायता बंद हो सकती है। राष्ट्रपति ट्रम्प रिपब्लिकन नेताओं पर सीनेट के नियमों में बदलाव का दबाव डाल रहे हैं, जिसके चलते शटडाउन अभी और खिंच सकता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रम्प ने सीनेट के बहुमत दल के नेता जान थून और हाउस स्पीकर माइक जानसन से बात की है। डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी सीनेट की एक प्रक्रिया फिलिबस्टर को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। दरअसल फिलिबस्टर एक अनौपचारिक शब्द है, जिसे किसी बिल या दूसरे मामले पर सीनेट की कार्रवाई को रोकने या उसमें देरी करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसमें बिल पर लंबी बहस, कई प्रक्रियात्मक प्रस्ताव को पेश करने या कोई भी दूसरी देरी करने वाली या रुकावट वाली कार्रवाई शामिल है। ट्रम्प इस प्रक्रिया फिलिबस्टर को खत्म करने की बात करते हैं तो इसका मतलब है कि सीनेट में सामान्य बहुमत से कानून पारित हो सकेंगे और कोई अल्पसंख्यक दल किसी विधेयक को नहीं रोक पाएगा। गौरतलब है कि ट्रम्प की अपनी पार्टी के नेता ही ट्रम्प की इस पहल को खारिज कर रहे हैं।

## पुतिन-ट्रम्प बैठक की तुरंत तैयारी करने की आवश्यकता नहीं: क्रेमलिन

**मास्को।** क्रेमलिन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच जल्द बैठक आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रविवार को जारी एक साक्षात्कार में कहा कि इस तरह की बैठक की तैयारी तुरंत करना संभव है लेकिन इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। पेस्कोव ने कहा कि इस समय, यूक्रेन समझौता समस्या पर बहुत सावधानीपूर्वक काम करने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि 16 अक्टूबर को राष्ट्रपति पुतिन के साथ फोन पर बातचीत के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि दोनों नेता जल्द ही हंगरी के बुडापेस्ट में मिलेंगे। 22 अक्टूबर को राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने नियोजित बैठक को रद्द कर दिया है और कहा कि बैठक मुझे ठीक नहीं लगी और ऐसा नहीं लगा कि हम उस स्थान पर पहुंच पाएंगे जहां हमें पहुंचना चाहिए। इससे पहले राष्ट्रपति पुतिन ने कहा था कि बुडापेस्ट में होने वाली बैठक रद्द होने की बजाय स्थगित होने की ज्यादा संभावना है।

## इजरायल ने हमास से तीन बंधकों के अवशेष प्राप्त किए

**यरूशलम/गाजा।** इजरायल ने कहा है कि उसे गाजा में हमास से तीन बंधकों के अवशेष प्राप्त हुए हैं। यह संघर्ष विराम समझौते के अंतर्गत शवों के आदान-प्रदान की जारी प्रक्रिया का हिस्सा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति ने अवशेषों को गाजा पट्टी में इजरायली बलों को सौंप दिया है और उन्हें पहचान के लिए तेल अवीव के राष्ट्रीय फोरेंसिक संस्थान में भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि पहचान प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद परिवारों को आधिकारिक सूचना दी जाएगी। अगर इसकी पुष्टि हो जाती है तो आठ बंधकों के शव अभी भी गाजा में रहेंगे, जबकि युद्धविराम के अंतर्गत हमास को युद्ध में मारे गए 360 फिलिस्तीनियों के शवों के बदले में 28 बंधकों को इजरायल को वापस सौंपना है। हमास के अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि ये शव खान यूनिस के पूर्व में दक्षिणी गाजा पट्टी में एक सुरंग से बरामद किए गए। उन्होंने एक की पहचान कर्नल आसफ हमामी के रूप में की, जो एक इजरायली अधिकारी थे और सात अक्टूबर, 2023 को किबुत्ज़ निरिम की रक्षा करते हुए हमास के हमले में मारे गए थे।

## ब्राजील में छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत

**साओ पाउलो।** उत्तरी ब्राजील के टोकांटिंस राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी। टोकांटिंस पुलिस के अनुसार, विमान शनिवार रात फातिमा नगरपालिका के ऊपर उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने कहा कि विमान के 56 वर्षीय पायलट डायोमेडियो आयर्स दा सिल्वा फिल्हो की मौत हो गई तथा विमान में सवार अन्य व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## रूसी हमलों के बीच यूक्रेन को मिला पैट्रियट डिफेंस सिस्टम

### यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है

**कीव।** यूक्रेन को अमेरिका निर्मित पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की नई खेप मिल गई है। इस पर जेलेंस्की ने कहा कि ये सिस्टम देशभर में रूस के लगातार हो रहे हवाई हमलों से नागरिकों और अहम ढांचों की सुरक्षा में मदद करेंगे। रविवार देर रात जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की।

यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है। पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम अमेरिका की सबसे आधुनिक मिसाइल रोधी तकनीक है, जो रूस के घातक हमलों को रोकने में सक्षम है। जेलेंस्की लंबे समय से पश्चिमी देशों से इस सिस्टम की मांग कर रहे थे, ताकि उत्पादन सीमाओं और देशों की अपनी सैन्य जरूरतों के कारण इसकी आपूर्ति में देरी हो रही थी। अब इन सिस्टमों को तैनात कर दिया गया है ताकि प्रमुख शहरों और

यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है


ऊर्जा संरचनाओं की सुरक्षा बढ़ाई जा सके। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जर्मनी और उसके चांसलर फ्रेडरिक मर्ज का धन्यवाद करते हुए कहा कि जर्मनी ने तीन महीने पहले यूक्रेन को दो अतिरिक्त पैट्रियट सिस्टम देने का वादा किया था, जिसे अब पूरा किया गया है। जर्मनी को अमेरिका से आश्वासन मिला है कि उसकी सैन्य जरूरतों के लिए नए पैट्रियट सिस्टम की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। यह डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से अमेरिका में ही निर्मित होते हैं। इस बीच रूस ने रविवार से सोमवार की रात तक 12 मिसाइलें और 138 ड्रोन यूक्रेन पर दागे। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, कई मिसाइलें नष्ट की गईं, लेकिन कुछ ने तबाही मचाई। उत्तरपूर्वी सूमी क्षेत्र में एक घर पर रूसी ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसके परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। क्षेत्रीय प्रमुख ओलेह ग्रिगोरोव ने कहा कि रूस ने जानबूझकर रात में सो रहे लोगों को निशाना बनाया। मध्य यूक्रेन के डनिप्रो क्षेत्र में रूसी मिसाइल हमले से एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में आग लग गई, जिससे एक व्यक्ति घायल हुआ। दक्षिणी माईकोलाइव क्षेत्र में भी रूसी ड्रोन ने ऊर्जा ढांचे को नुकसान पहुंचाया। नाटो लगातार यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई का समन्वय कर रहा है, जबकि यूरोपीय देश और कनाडा अमेरिकी हथियारों की खरीद कर मदद पहुंचा रहे हैं। मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूक्रेन को हथियार न देने का फैसला किया है, जबकि पिछली बाइडन सरकार लगातार सैन्य सहायता देती रही थी।

# ट्रम्प की लोकप्रियता एक साल में ही 18 प्रतिशत गिरी

## आंकड़ा ओबामा-बाइडन से भी कम, न्यूयॉर्क चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति का लिटमस टेस्ट होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दोबारा चुने जाने को 5 नवम्बर को एक साल पूरा होने जा रहा है। लेकिन उससे एक दिन पहले यानी 4 नवम्बर 2025 को उनके लिए अब तक का सबसे बड़ा लिटमस टेस्ट होने वाला है। इस दिन न्यूयार्क सिटी अपने नए मेयर का चुनाव करेगी और साथ ही वर्जीनिया और न्यूजर्सी राज्य में गवर्नर और विधानसभा चुनाव होंगे।

पिछले एक साल में ट्रम्प की नेट अप्रूवल रेटिंग नवम्बर की शुरुआत में 18 प्रतिशत तक गिर चुकी है। जो ओबामा और बाइडन दोनों के पहले वर्ष से काफी नीचे है। ओबामा के पहले वर्ष के अंत में यह 3 प्रतिशत और बाइडन के कार्यकाल में 7 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वाशिंगटन से लेकर वर्जीनिया और



एक्सपर्ट्स का मानना है कि टैरिफ, महंगाई और माइग्रेशन पर सख्त रुख ने मध्यवर्गीय और शहरी वर्ग को ट्रम्प से दूर किया

न्यूयॉर्क तक सभी की नजरें इस चुनाव पर टिकी हैं। यह चुनाव तय करेगा कि ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रहा है या नहीं। रिपब्लिकन इसे नीतिगत मजबूती का सबूत मान रहे हैं, जबकि डेमोक्रेट्स इसे 'मिनी रेफरेंडम' कह रहे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि टैरिफ, महंगाई और माइग्रेशन पर सख्त रुख ने मध्यवर्गीय और शहरी वर्ग को ट्रम्प से दूर किया है। न्यूयॉर्क मेयर के मुकाबले में भारतीय मूल के युवा नेता जोहरान ममदानी (33) बड़ा चेहरा बनकर उभरे हैं। वे न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य भी हैं। जोहरान युगांडा के लेखक महमूद ममदानी और फिल्म निर्माता मीरा नायर के बेटे हैं। वे डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट हैं और प्रोग्रेसिव वोटरों, युवा, अफ्रीकी-अमेरिकी और लैटिन समुदाय के मजबूत समर्थन में हैं। उन्होंने चुनाव प्रचार में न सिर्फ शहर की बढ़ती रहने की लागत को मुद्दा बनाया है, बल्कि अमीरों पर टैक्स लगाकर गरीब तबकों के लिए आवास की योजनाएं देने का वादा किया है। ममदानी 14 प्रतिशत के बड़े अंतर से आगे हैं। ट्रम्प ने ममदानी को लेकर चेतावनी दी है कि अगर वे मेयर बने तो न्यूयार्क की संघीय सहायता फंडिंग बंद कर देंगे। न्यूयॉर्क मेयर के लिए ममदानी का मुकाबला 67 वर्षीय पूर्व गवर्नर एंड्रयू कूमो से है। कूमोड़ 4 साल पहले यौन उत्पीड़न के आरोपों के कारण इस्तीफा दे चुके हैं। वे निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें रिपब्लिकन और सेंट्रिस्ट का समर्थन मिल रहा है। अमेरिका राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपनी पार्टी के बजाय कूमो का समर्थन किया क्योंकि वे ममदानी को रोकना चाहते हैं। न्यूयार्क डेमोक्रेट का गढ़ है। उनका दबदबा रहा है। ट्रम्प ने कूमो को सामरिक और अनुभव संपन्न बताया है, कूमो पर भ्रष्टाचार और यौन उत्पीड़न के आरोप भी लगे रहे हैं।

## जॉर्डन में देशव्यापी नशा-विरोधी छापेमारी, 13 संदिग्ध गिरफ्तार

**अम्मान।** जॉर्डन के एंटी-नारकोटिक्स विभाग (एएनडी) ने पिछले कुछ दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में सात अवैध मादक पदार्थ मामलों में 13 वांछित संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी रविवार को सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय ने दी। एक मामले में, एएनडी अधिकारियों ने तस्करों के तीन प्रयासों को विफल कर दिया। अधिकारियों ने जाबेर सीमा पार से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया जो अपनी गाड़ी के एक गुप्त जगह में 80000 नशीली गोलियां छिपाकर तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। मादक पदार्थ प्राप्त करने वाले एक अन्य संदिग्ध को बाद में गिरफ्तार किया गया। दूसरे मामले में, देश के बाहर के सहयोगियों के साथ मिलकर 44000 नशीली गोलियों की तस्करी की कोशिश करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। ये दवाइयां जाबेर सीमा पार के पास एक भंडारण स्थल से ज़ब्त की गई और मुख्य संदिग्ध को सुरक्षा छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। तस्करी के तीसरे मामले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108